


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 97 | बुधवार, 20 मई 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्थी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया


## उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री खंडूरी का निधन, दी श्रद्धांजलि

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने सशस्त्र बलों और राजनीतिक क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। खंडूरी (91) का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को देहरादून के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खंडूरी जी के निधन से मैं अत्यंत दुखी हूं।

सशस्त्र बलों से लेकर राजनीतिक क्षेत्र तक, उन्होंने अमूल्य योगदान दिया, जिसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा," प्रधानमंत्री ने कहा कि खंडूरी उत्तराखंड के विकास के लिए



हमेशा समर्पित रहे, जो उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। मोदी ने कहा, ''केंद्रीय मंत्री के रूप में भी उनका कार्यकाल सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने देश भर में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए लगातार अथक प्रयास किए। दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं। ओम शांति! उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर मंगलवार को गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) श्री भुवन चन्द्र खंडूरी जी का निधन अत्यंत दु:खद है। विनम्र श्रद्धांजलि।'' उन्होंने कहा, ''प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।ॐ।'' खंडूरी दो बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे। वर्ष 2007 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद खंडूरी मुख्यमंत्री बने थे।

## दक्षिण कोरिया पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, दो देशों की यात्रा का दूसरा चरण शुरू


**सिओल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दक्षिण कोरिया की यात्रा पर हैं, जहां रक्षा और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए कई उच्च स्तरीय बैठकें करेंगे। यह उनकी यात्रा का दूसरा चरण है। पहले चरण में उन्होंने वियतनाम का दौरा किया। रक्षा मंत्री यात्रा के अंतिम दिन एक युद्ध स्मारक का उद्घाटन भी करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को दक्षिण कोरिया पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी दो देशों की अहम कूटनीतिक यात्रा के दूसरे चरण की शुरुआत की। यह यात्रा 18 मई से 21 मई तक चल चलेगी। उनके आगमन पर भारत के राजदूत गौरंगलाल दास और वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

इससे पहले वह 18 और 19 मई को



वियतनाम के दौरे पर थे और अब 19 से 21 मई तक दक्षिण कोरिया में रहकर द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना और रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाना है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उन्होंने बताया कि वह इस दौरान सैन्य सहयोग बढ़ाने, रक्षा उद्योग साझेदारी मजबूत करने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति व स्थिरता को बढ़ावा देने पर फोकस करेंगे। यह यात्रा भारत की वैश्विक रक्षा साझेदारियों को विस्तार देने की नीति का हिस्सा मानी जा रही है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की भूमिका को और मजबूत करती है। सिओल यात्रा के दौरान वह दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री अह्न ग्यू-बैक के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा और सहयोग पर बातचीत करेंगे। वह रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रशासन (डीएपीए) के मंत्री ली योंग-चोल से भी मुलाकात करेंगे और भारत-कोरिया व्यापार वार्ता बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसका उद्देश्य रक्षा उद्योग सहयोग और निवेश को बढ़ाना है। यात्रा के अंतिम दिन 21 मई को भारत और दक्षिण कोरिया मिलकर एक भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन करेंगे, जो कोरियाई युद्ध में भारतीय सैनिकों के योगदान को समर्पित होगा।

### एक नजर



#### अमेरिका ने भारत को दी बड़ी सैन्य सौगात

**वाशिंगटन :** अमेरिका ने भारत को अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए सहायक सेवाएं और संबंधित उपकरण 198 .2 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर बेचने की मंजूरी दे दी है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर के लिए अनुरक्षण सहायता सेवाओं की संभावित बिक्री को भी लगभग 23 करोड़ अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर मंजूरी दी है।विदेश मंत्रालय ने बताया कि अपाचे सहायक सेवाएं मूल निर्माता बोइंग और लॉकहीड मार्टिन प्रदान करेंगे। वहीं हॉवित्जर सहायक सेवाएं ब्रिटेन के कंब्रिया स्थित 'बीएई सिस्टम्स' होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने एएच-64ई अपाचे रखरखाव सहायता सेवाएं; अमेरिकी सरकार और अनुबंध इंजीनियरिंग, तकनीकी और रसद सहायता सेवाएं; तकनीकी डेटा और प्रकाशन; कर्मियों का प्रशिक्षण तथा रसद और प्रोग्राम से संबंधित अन्य तत्वों को खरीदने का अनुरोध किया है।

#### कांगो में इबोला से 131 मौतें, 500 से अधिक संदिग्ध मामले; अंतरराष्ट्रीय आपातकाल घोषित

**दिल्ली।** पूर्वी कांगो में इबोला के प्रकोप से अब तक 131 लोगों की मौत हो चुकी है और 500 से अधिक संदिग्ध मामले सामने आए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रविवार को इस प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय बताते हुए स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया। कांगो के जन स्वास्थ्य मंत्री सैमुअल रोजर काम्बा ने आज बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में 513 संदिग्ध मामले और 131 मौतें दर्ज की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये संदिग्ध मौतें हैं। इनकी पुष्टि के लिए जांच जारी है कि कौन सी मौतें वास्तव में बीमारी से जुड़ी हैं।

# केन्या में तेल कीमत बढ़ने पर हिंसक प्रदर्शन, 4 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान में चल रहे युद्ध का असर अब अफ्रीका तक पहुंच गया है। तेल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने केन्या में ऐसा गुस्सा भड़काया कि सड़कों पर हिंसक प्रदर्शन शुरू हो गए। राजधानी नैरोबी से लेकर दूसरे बड़े शहरों तक लोग सड़कों पर उतर आए, गाड़ियां रोक दी गईं, आगजनी हुई और पूरा पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम लगभग ठप पड़ गया। हालात इतने बिगड़ गए कि प्रदर्शन के दौरान चार लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। बढ़ती महंगाई और ईंधन संकट ने अब केन्या की सरकार पर बड़ा दबाव बना दिया है।

खाड़ी देशों से तेल आयात पर निर्भर कई अफ्रीकी देशों की तरह केन्या भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद किए जाने से तेल सप्लाई प्रभावित हुई है। दुनिया का करीब पांचवां हिस्सा तेल सामान्य तौर पर इसी रास्ते से गुजरता है। पिछले हफ्ते केन्या सरकार ने वैश्विक तेल कीमतों में बढ़ोतरी के बाद ईंधन के



दाम बढ़ाने की घोषणा की थी। डीजल की कीमत में 23 .5 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई। इसके बाद परिवहन कर्मचारियों ने हड़ताल बुला दिया। इसके बाद सोमवार सुबह राजधानी नैरोबी के बाहरी इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर बैरिकेड लगाए और आग जलाई। न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार उसके पत्रकार ने देखा कि प्रदर्शनकारी कारों और "बोड़ा बोड़ा" मोटरसाइकिलों को रोकने की कोशिश कर रहे थे। गृह मंत्री किपचुम्बा मुरकोमेन ने पत्रकारों से कहा, "यह दुखद है कि आज की हिंसा में हमने चार केन्याई लोगों को खो दिया. इसमें 30 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने 348 लोगों को गिरफ्तार किया है और अब सड़कें साफ कर दी गई हैं। मौतों को लेकर आलोचना भी तेजी से हुई. केन्या के मानवाधिकार संगठन "वोकल अफ्रीका" ने कहा कि वह पुलिस-प्रशासन द्वारा घातक बल के इस्तेमाल की कड़ी निंदा करता है।


दिनभर नैरोबी के बिजनेस इलाके में सामान्य भीड़भाड़ नहीं दिखी. स्कूल बंद रहे और कई कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। अमेरिका और ईरान की जंग शुरू होने के बाद से केन्या में पेट्रोल की कीमत 20 प्रतिशत बढ़ चुकी है, जबकि डीजल की कीमत 45 .8 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

## भारत-नॉर्वे ने किए 9 समझौते, ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप को दी नई ऊंचाई

**ओस्लो।** भारत और नॉर्वे ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देते हुए अपने संबंधों को "ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप" के स्तर तक उन्नत करने के साथ-साथ समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से नौ समझौतों और तीन पहलों की घोषणा की है। दोनों देशों ने "ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप" के संबंध में एक संयुक्त वक्तव्य को अपनाया।

नार्वे की दो दिन की यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे के बीच सोमवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से अनेक समझौतों और पहलों की घोषणा की।

नार्वे ने भारत की हिन्द प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने की घोषणा की, जबकि भारत वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले "नॉर शिपिंग" कार्यक्रम में भारतीय मंडप के साथ भाग लेगा। दोनों देशों के बीच सरकार-से-सरकार के स्तर पर तीन प्रमुख समझौतों



पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और नार्वे की अंतरिक्ष एजेंसी के बीच बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग और अन्वेषण में सहयोग के लिए रूपरेखा समझौता, भारत और नॉर्वे के विदेश मंत्रालयों के बीच डिजिटल विकास साझेदारी पर समझौता ज्ञापन तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के लिए नॉर्वे के स्वास्थ्य एवं देखभाल सेवा मंत्रालय और भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बीच समझौता शामिल है।

व्यापार और संस्थागत सहयोग के तहत भी कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल संस्थान के बीच सुरंग निर्माण, ढलान स्थिरता और क्षमता निर्माण से संबंधित विशेष परामर्श सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा भारत के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग और नॉर्वे की अनुसंधान परिषद के बीच प्रौद्योगिकी सहयोग पर समझौता हुआ। वैज्ञानिक अनुसंधान और हरित प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत की वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद और नॉर्वे की सिंटेफ संस्था के बीच वर्ष 2026 से 2029 तक की गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए सहयोग समझौता किया गया। दोनों पक्षों ने समुद्री ऊर्जा, जिसमें अपतटीय पवन ऊर्जा भी शामिल है, पर संयुक्त कार्य कार्यक्रम के लिए एक परियोजना-विशिष्ट कार्यान्वयन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए।

## रेबीज और गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को मारने का निर्देश, सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवंबर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (AWBI) द्वारा आवारा जानवरों को लेकर जारी मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी खारिज कर दीं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। अदालत ने शैक्षणिक संस्थानों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों, खेल परिसरों, अस्पतालों आदि जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के अपने पूर्व के निर्देशों को बदलने से इनकार कर दिया और कुत्तों को नसबंदी के बाद वापस पुरानी जगहों पर छोड़ने का निर्देश देने से इनकार कर दिया।

डॉग लवर्स ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि आवारा कुत्तों को सार्वजनिक




स्थानों से हटाने का आदेश बहुत कठोर है और इससे कुत्तों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए जनहित और सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी से निपटने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की ओर से लंबे समय तक ठोस प्रयास नहीं किए गए। अदालत ने टिप्पणी की कि एनिमल बर्थ कंट्रोल व्यवस्था ठीक से लागू नहीं की गई है और इसके लिए फंडिंग भी अपर्याप्त और असमान है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि लोग कुत्तों के हमलों और खतरे के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सकें।'

## राहुल गांधी ने महंगाई को लेकर सरकार पर बोला तीखा हमला

**रायबरेली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को रायबरेली पहुंचकर केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने बढ़ती महंगाई को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल समेत रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम जनता पर भारी बोझ पड़ रहा है।

बछरावां विधानसभा क्षेत्र के ठकुराइन खेड़ा गांव में सांसद निधि से बने बारातघर का उद्घाटन करने पहुंचे राहुल गांधी ने ग्रामीणों से बातचीत में कहा, "देश का आम आदमी आर्थिक दबाव झेल रहा है, लेकिन सरकार उसकी परेशानियों को गंभीरता से नहीं ले रही है।" उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले समय में आर्थिक स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो सकती है, जिसका सबसे ज्यादा असर किसानों, युवाओं, मजदूरों और छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। राहुल गांधी ने कहा कि रायबरेली की जनता से किए गए वादों को पूरा करने के लिए वह लगातार



प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने छोटे व्यापारियों और मेहनतकश लोगों की बदतर होती स्थिति पर चिंता व्यक्त की और सरकार से राहत देने वाले फैसले लेने की मांग की। इससे पहले राहुल गांधी ने चुरुवा मंदिर पहुंचकर बजरंगबली के दर्शन किए। बड़े मंगल के मौके पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, जिनसे राहुल ने मुलाकात कर अभिवादन किया। मंगलवार सुबह लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे राहुल गांधी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

## यशवंत वर्मा नकदी मामला : जांच समिति ने लोकसभा अध्यक्ष को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच कर रही एक जांच समिति ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास से कथित तौर पर जले हुए नोट मिलने के बाद उन्हें हटाने की कार्यवाही शुरू की गई थी। लोकसभा सचिवालय ने बताया कि न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत वैधानिक आवश्यकताओं के अनुपालन में प्रस्तुत की गई यह रिपोर्ट उचित समय पर संसद के दोनों सदनों में पेश की जाएगी।

संसद की अगली बैठक मानसून सत्र में होगी, जो आमतौर पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है। लोकसभा अध्यक्ष ने 12 अगस्त, 2025 को तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास में 14 मार्च, 2025 की रात को आग लग गई थी और इसी



दौरान दमकलकर्मियों ने कथित तौर पर उनके बंगले के एक भंडारगृह में भारी मात्रा में जली हुई मुद्रा बरामद की।

न्यायमूर्ति वर्मा उस वक्त दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे और बाद में उन्हें उनके मूल न्यायालय इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया था। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित एक आंतरिक समिति ने निष्कर्ष निकाला था कि न्यायमूर्ति वर्मा का उस विशिष्ट भंडारगृह पर ''प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रण'' था, जहां कथित तौर पर नकदी छिपाई गई थी। जुलाई 2025 में, 200 से अधिक सांसदों ने न्यायाधीश को हटाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश और मुख्य निर्वाचन आयुक्त को केवल संसद द्वारा न्यायाधीश (जांच) अधिनियम में उल्लिखित प्रक्रिया के तहत ही हटाया जा सकता है। पिछले साल अगस्त में लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायाधीश जांच समिति का गठन किया था।

## वैश्विक चुनौतियों पर महामंथन के लिए जुटेंगे दुनिया के विदेश मंत्री

**वाशिंगटन।** अमेरिका 30 से 31 अक्टूबर तक अटलांटा में जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा जिसमें चर्चा वैश्विक आर्थिक चुनौतियों, लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित होने की उम्मीद है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के विदेश मंत्री एक साथ आएंगे ताकि वैश्विक स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के जी20 के मूल मिशन को आगे बढ़ाया जा सके।

प्रवक्ता टॉमी पिगोट ने एक बयान में कहा, ''चर्चा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने, वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का समाधान करने और खुले बाजारों और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि इन महत्वपूर्ण चर्चाओं के लिए जॉर्जिया की राजधानी अटलांटा, कूटनीति, व्यापार




और वैश्विक संपर्क के केंद्र के रूप में एक आदर्श स्थान प्रदान करती है। अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 14 और 15 दिसंबर को फ्लोरिडा के मियामी स्थित ट्रंप नेशनल डोरल में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के समूह जी20 में अमेरिका, भारत, चीन, रूस, जापान, जर्मनी, फ्रांस, ब्राजील, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं। ये सभी देश मिलकर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 85 प्रतिशत और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**परेशानी** मंगलवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हुई लगभग 90 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि

## एक हफ्ते में दूसरी बार बढ़े पेट्रोल और डीजल के दाम

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मंगलवार को लगभग 90 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गयी। एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार ईंधन के दाम बढ़ाये गये हैं। उद्योग सूत्रों के अनुसार, ईंधन के दाम बढ़ने के बाद नयी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 98 .64 रुपये प्रति लीटर हो गई जो पहले 97 .77 रुपये प्रति लीटर थी। वहीं डीजल की कीमत 90 .67 रुपये से बढ़कर 91 .58 रुपये हो गई।

बीते शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में चार साल से अधिक समय में पहली बार तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गयी थी। फरवरी में शुरू हुए ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेजी आई है। इसको देखते हुए सरकारी खुदरा पेट्रोलियम कंपनियों ने अपने बढ़ते नुकसान का कुछ हिस्सा ग्राहकों पर डालने का निर्णय किया। इससे पहले पश्चिम बंगाल समेत कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों के बीच ईंधन के दाम




स्थिर रखे गये थे। विभिन्न राज्यों में मूल्य वर्धित कर (वैट) में अंतर के कारण ईंधन कीमतें अलग-अलग हैं। पेट्रोल और डीजल के अलावा दिल्ली और मुंबई सहित कई शहरों में 15 मई को सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गयी थी। रविवार को सीएनजी की कीमत में फिर से एक रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गयी। अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर किए गए हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद वैश्विक तेल की आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य के बाधित होने से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। इस वृद्धि के बावजूद, खुदरा ईंधन की दरें दो साल पुरानी दरों पर ही स्थिर रखी गईं। सरकार का कहना है कि यह कदम उपभोक्ताओं को बढ़ती वैश्विक ऊर्जा लागत से बचाने के लिए उठाया गया। हालांकि विपक्षी दलों ने कहा कि सरकार ने राजनीतिक मकसद से दाम नहीं बढ़ाये क्योंकि कई महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव हो रहे थे।

बीते शुक्रवार को तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि चुनावों के बाद और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल सहित पांच में से तीन राज्यों में जीत हासिल करने के बाद हुई। हालांकि यह वृद्धि लागत के अनुरूप दरों को संतुलित करने के लिए आवश्यक वृद्धि का केवल पांचवां हिस्सा ही थी। सोमवार को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा था कि 15 मई की वृद्धि से नुकसान में एक चौथाई की कमी आई है और तेल कंपनियां अब भी प्रतिदिन लगभग 750 करोड़ रुपये का नुकसान उठा रही हैं। मंगलवार की बढ़ोतरी के बाद, पेट्रोल और डीजल की कीमतें अब मई 2022 के बाद से उच्चतम स्तर पर हैं। उल्लेखनीय है कि ईंधन के दाम में अप्रैल 2022 से कोई कोई वृद्धि नहीं हुई थी।

## सीएम योगी की टिप्पणी पर बोले किरेन रिजिजू- सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी कानून का पालन करें

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सड़कों पर नमाज पढ़ने के संदर्भ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई टिप्पणी पर मंगलवार को कहा कि किसी भी व्यक्ति या नेता को तनाव पैदा नहीं करना चाहिए और सामाजिक सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए सभी को कानून का पालन करना होगा।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग द्वारा बुलाए गए राज्य अल्पसंख्यक आयोगों के एक सम्मेलन के बाद किरेन रिजिजू ने संवाददाताओं से कहा कि राजनीतिक बयानबाजी से सांप्रदायिक सद्भाव नहीं बिगड़ना चाहिए। उन्होंने शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''मेरा कहना है कि कोई भी हो, चाहे राजनेता हों या सामाजिक कार्यकर्ता, हमें तनाव पैदा नहीं करना है। हर भारतीय को एक-दूसरे के साथ सद्भाव से रहना होगा।" मंत्री ने कहा, ''हम सभी को एक साथ रहना है। लेकिन सभी को



कानून का पालन करना होगा।'' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़कों पर नमाज अदा करने को लेकर चेतावनी देते हुए सोमवार को कहा था कि धार्मिक स्थलों पर अलग-अलग पालियों में धर्म से संबंधित गतिविधियां की जानी चाहिए। आदित्यनाथ ने कहा था कि उनकी सरकार सड़क जाम करके नमाज या किसी अन्य धार्मिक गतिविधि की अनुमति नहीं देगी।

## एक नजर

### 11 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

**पूरनपुर।** हजारा क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी ने संयुक्त अभियान चलाकर मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में एक को पकड लिया। जबकि दूसरा फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज किया है। मंगलवार को हजारा पुलिस और एसएसबी संयुक्त वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पिलर संख्या 782/7 के पास एक नेपाली युवक अपने साथी के साथ वाइक जा रहा था। पुलिस और एसएसबी को देखकर वह भागने लगा। टीम ने घेराबंदी कर एक नेपाली युवक को दवोच लिया। जबकि दूसरा साथी मौका पाकर भाग निकला। तलाशी लेने पर उसके पास 11 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पूछताछ में पकडे गए नेपाली युवक ने अपना नाम बीर बहादुर धामी निवासी कंचनपुर नेपाल वताय। उसके पास से एक मोवाइल, नेपाली सिम और नेपाल के नम्बर की वाइक भी वरामद की। आरोपी ने वताया कि वह स्मैक लाकर बिक्री करता है, बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# आग, ट्रिपिंग और अंधेरे से बेहाल बरेली

## मढ़ीनाथ में ट्रांसफार्मर धधका, हरूनगला उपकेंद्र पर हंगामा



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बदायूं रोड स्थित मढ़ीनाथ क्षेत्र की शांति विहार कॉलोनी में मंगलवार तड़के ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग ने इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। सुबह करीब तीन बजे अचानक ट्रांसफार्मर से उठीं आग की ऊंची लपटों ने लोगों की नींद उड़ा दी। धमाकों जैसी आवाजें सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। आग इतनी भयानक थी कि उसकी लपटें कई मंजिल ऊंचाई तक दिखाई दे रही थीं। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई और बिजली विभाग के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।

लोगों के मुताबिक कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ट्रांसफार्मर के आसपास लगी बिजली की केबलें, इंटरनेट लाइनें और डिश कनेक्शन की वायरिंग जलकर राख हो गई। कई घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे पूरी कॉलोनी अंधेरे में डूब गई। लोगों को आशंका थी कि यदि आग पास के मकानों तक पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि दमकल टीम समय पर नहीं पहुंचती तो आसपास की संपत्तियों को भारी नुकसान हो सकता था। आग बुझने के बाद भी इलाके में घंटों तक धुआं और जली हुई तारों की बदबू फैली रही।घटना के बाद क्षेत्रवासियों की नाराजगी उस समय और बढ़ गई जब मौके पर केवल लाइनमैन और मजदूर दिखाई दिए। लोगों का आरोप है कि अवर अभियंता और एसडीओ जैसे जिम्मेदार अधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचे।

स्थानीय निवासी और अधिवक्ता शिवओम पाठक ने आरोप लगाया कि कई बार अधिकारियों और एक्सईएन को फोन किया गया, लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं की। वहीं जीतू पंडित उर्फ लंगूरा ने कहा कि घंटों बीतने के बाद भी कोई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर हालात देखने नहीं पहुंचा।

### हरूनगला उपकेंद्र पर रात में हंगामा

उधर बिजली कटौती और लगातार ट्रिपिंग से परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा सोमवार रात हरूनगला उपकेंद्र पर फूट पड़ा। रात करीब 11 :30 बजे बड़ी संख्या में लोग उपकेंद्र पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख एसएसओ अमर सिंह ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस पहुंचने पर भीड़ कुछ देर शांत हुई, लेकिन पुलिस के जाते ही दोबारा 100 से 150 लोग उपकेंद्र के बाहर जमा हो गए। हालात ऐसे बने कि एसडीओ, लाइनमैन और अन्य कर्मचारी खुद को कमरे में बंद करने को मजबूर हो गए।

### 48 बार ट्रिप हुई बिजली, लोग रातभर जागे

पवन विहार इलाके में हालात सबसे ज्यादा खराब रहे। उपभोक्ताओं का कहना है कि 18 घंटे में करीब 48 बार बिजली ट्रिप हुई। दस मिनट बिजली आती और फिर घंटों गुल हो जाती। गर्मी और उमस के बीच लोग पूरी रात जागने को मजबूर रहे। वहीं कृष्णा नगर फेज-टू में लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान रहे।रामपुर बाग उपकेंद्र से जुड़े कालीबाड़ी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर के तार में खराबी आने से करीब 15 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। लोगों का आरोप है कि हेल्पलाइन और एसडीओ का नंबर घंटों व्यस्त जाता रहा। दुर्गानगर उपकेंद्र से जुड़े एसएस पब्लिक स्कूल वाली गली में फेस उड़ने से सुबह से रात तक बिजली नहीं रही। सप्लाई आने के बाद भी पूरी रात ट्रिपिंग जारी रही।

### बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगा आंदोलन

हरूनगला उपकेंद्र से जुड़े करीब 50 हजार उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर सपा नेताओं ने अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र सिंह से मुलाकात की। निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष हैदर अली ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो उपभोक्ता सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन करेंगे। अधिशासी अभियंता नितिन कुमार ने दावा किया कि फॉल्ट और ट्रिपिंग की समस्याओं के निस्तारण के लिए टीमें लगाई गई हैं।

# लव मैरिज के छह माह बाद महिला ने लगाई फांसी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली में लव मैरिज के छह महीने बाद एक युवती की संदिग्ध मौत ने सनसनी फैला दी। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के शांति विहार में 18 वर्षीय कोमल मिश्रा का शव ससुराल में फांसी के फंदे पर लटका मिला। मायके पक्ष ने इसे आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या बताते हुए पति समेत ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

कैंट थाना क्षेत्र के लाल फाटक निवासी प्रदीप मिश्रा ने बताया कि उनकी बेटी कोमल मिश्रा हाईस्कूल की छात्रा थी। उसी स्कूल में अमित मंडल भी पढ़ता था। करीब छह महीने पहले 4 अक्टूबर को अमित मंडल उसे अपने साथ भगा ले गया था। उस समय कोमल नाबालिग थी। परिवार ने पुलिस से शिकायत भी की थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। रोते हुए पिता ने कहा अगर उस समय पुलिस कार्रवाई कर देती तो आज मेरी बेटी जिंदा होती। हमने बेटी की खुशी के लिए उसकी इंटरकास्ट शादी को भी स्वीकार कर लिया था, लेकिन हमें नहीं पता था कि उसकी जिंदगी इतनी जल्दी खत्म हो जाएगी। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही कोमल को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। पति, सास और ससुर उसे ताने देते थे कि वह दहेज में कुछ लेकर नहीं आई। आरोप है कि आए दिन उसके साथ मारपीट की जाती थी और मानसिक रूप से परेशान किया जाता था। परिवार के मुताबिक करीब एक महीने पहले भी कोमल पर जानलेवा हमला हुआ था। आरोप है कि उसके हाथ की नस काट दी गई थी, जिसके बाद डॉक्टरों ने किसी तरह उसकी जान बचाई थी। अब परिजनों को शक है कि ससुराल वालों ने साजिश के तहत उसकी हत्या कर शव को फंदे पर लटका दिया ताकि मामला आत्महत्या का लगे।

### पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा



### सभी आरोपियों की गिरफ्तारी तक लड़ाई जारी रहेगी

मृतका के भाई अनुराग मिश्रा ने कहा कि उसकी बहन की बेरहमी से हत्या की गई है। पुलिस ने फिलहाल आरोपी पति को हिरासत में लिया है, लेकिन सास, ससुर और अन्य आरोपी अभी फरार हैं। उसने कहा कि जब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, परिवार न्याय की लड़ाई जारी रखेगा। सुभाषनगर थाना प्रभारी सतीश कुमार नैन ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह साफ हो सकेगी।

# संदिग्ध हालात में व्यक्ति की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव नौशेरा निवासी 45 वर्षीय देवेश साहू पुत्र ओमप्रकाश साहू की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, देवेश साहू मंगलवार को किसी काम से जिला मुख्यालय आए हुए थे। सुबह करीब 11 बजे घर लौटने के कुछ ही देर बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होती देख परिजन उन्हें तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। हालांकि, कुछ ही देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच के आधार पर किसी विषाक्त पदार्थ के सेवन की आशंका जताई है।मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि देवेश पूरी तरह स्वस्थ थे और उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# महिला सिपाही से डेढ़ लाख की ठगी सोने की अंगूठी लेकर दंपती फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली के थाना किला क्षेत्र में तैनात एक महिला सिपाही को झांसे में लेकर डेढ़ लाख रुपये और सोने की अंगूठी हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी के निर्देश पर किला पुलिस ने आरोपी दंपती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना किला में तैनात महिला कांस्टेबल नीलम भाटी साहूकारा इलाके में किराये के मकान में रहती थीं। उसी मकान में लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ निवासी लक्ष्मी गुप्ता और उसका पति अक्षय गुप्ता भी किराये पर रहने आए। साथ रहने के दौरान दोनों परिवारों में अच्छे संबंध बन गए। लक्ष्मी गुप्ता ने बेटी की बीमारी और घरेलू संकट का हवाला देकर महिला सिपाही से अलग-अलग समय पर करीब 1.5 लाख उधार ले लिए। यही नहीं, आरोपियों ने सिपाही के नाम पर 1 लाख का लोन भी करा लिया और उसकी किस्तें नहीं भरीं।आरोप है कि लक्ष्मी शादी में जाने का बहाना बनाकर महिला सिपाही की सोने की अंगूठी भी मांग ले गई। इसके बाद मौका पाकर आरोपी दंपती मकान खाली कर फरार हो गया। सिपाही के वापस लौटने पर दोनों के मोबाइल नंबर बंद मिले। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# किला नदी पर भूमाफियाओं का अवैध कब्जा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर की किला नदी पर वर्षों से हो रहे कब्जों और अवैध निर्माणों का मामला अब मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया है। आरोप है कि कॉलोनाइजरों, भूमाफियाओं और दबंगों ने नदी की जमीन पर कब्जा कर उसका स्वरूप ही बदल दिया। कई जगह नदी सिकुड़कर नाले जैसी दिखाई देने लगी है, जबकि कुछ स्थानों पर स्थायी निर्माण और बाउंड्रीवाल खड़ी कर दी गई हैं। मामले में अब नगर निगम से विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई है, जिसके बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है।

जांच के दौरान सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि राजस्व अभिलेखों में सैदपुर हाकिंस और सुर्खा छावनी क्षेत्र में नदी का स्पष्ट उल्लेख नहीं मिला, लेकिन मौके पर नदी बहती हुई पाई गई। अधिकारियों ने कई बार मौके का निरीक्षण किया, जिसके बाद अब लोगों को उम्मीद है कि लंबे समय से चले आ रहे कब्जों पर कार्रवाई हो सकती है। तहसील सदर की टीम द्वारा कराए गए सीमांकन में ग्राम वाकरनगर, सुंदरासी, महलऊ, मैदापुर, सनौआ, विधौलिया, महेशपुर अटरिया, रहपुरा चौधरी, मठ लक्ष्मीपुर, मठ कमलनैनपुर और सुर्खा छावनी क्षेत्रों में नदी की स्थिति की जांच की गई। रिपोर्ट में सामने आया कि नदी कई स्थानों पर अपने मूल रास्ते पर तो बह रही है, लेकिन उसका स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है और वह नाले जैसी दिखाई दे रही है।जांच रिपोर्ट में सैदपुर हाकिंस, रहपुरा चौधरी, मठ लक्ष्मीपुर, मठ कमलनैनपुर, महेशपुर अटरिया, स्वालेनगर नवदिया, सुर्खा छावनी, जसौली और मैदापुर क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण की पुष्टि हुई है। कई जगह नदी की जमीन पर मकान, पक्की बाउंड्रीवाल और अन्य स्थायी निर्माण खड़े मिले। रिपोर्ट के अनुसार सैदपुर हाकिंस में गाटा संख्या 391 पर तीन मकान और दो बुनियाद मिलीं, जबकि गाटा संख्या 886 और 887 पर स्थायी बाउंड्रीवाल बनाई गई थी। कई स्थानों पर कब्जाधारकों के नाम तक स्पष्ट नहीं किए गए और रिपोर्ट में अज्ञात लिख दिया गया।

### मकान, बाउंड्रीवाल और कॉलोनियां खड़ी, मामला मानवाधिकार आयोग तक पहुंचा

### मानवाधिकार आयोग की एंट्री से बढ़ा दबाव

स्थानीय लोगों का आरोप है कि वर्षों से नदी की जमीन पर कब्जे होते रहे, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने समय रहते कार्रवाई नहीं की। अब मामला मानवाधिकार आयोग तक पहुंचने के बाद प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है। जिला प्रशासन ने नगर निगम से पूरी डिटेल मांगी है। नगर निगम के एक्सईएन राजीव कुमार राठी ने बताया कि संपत्ति विभाग से पूरी जानकारी जुटाई जा रही है। रिपोर्ट तैयार कर जिला प्रशासन को भेजी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।

## संक्षेप समाचार

### इफको का नैनो उर्वरक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**पीलीभीत।** इफको में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु नैनो उर्वरकों एवं संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्रपाल जिला कृषि अधिकारी रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ इफको के क्षेत्र अधिकारी दीपक चौधरी द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने इफको नैनो उर्वरकों के इतिहास, लाभ एवं प्रयोग विधि की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके उपरांत इंजी .कौशल किशोर जी, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी द्वारा किसान जागरूकता, प्रशिक्षण एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रभावी प्रसार पर विचार व्यक्त किए गए। कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि वैज्ञानिक डॉ. अमरजीत राठी ने नेनो यूरिया व नैनो डीएपी के वैज्ञानिक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य तथा फसल उत्पादकता पर इनके सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि नरेंद्रपाल,जिला कृषि अधिकारी, नविभागीय योजनाओं,पीएम प्रणाम योजना के अंतर्गत रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका किसानों तक नवीन तकनीकों एवं नैनो उर्वरकों की जानकारी पहुँचाने में है। कार्यक्रम में संतुलित उर्वरक प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य, धरती माता बचाओ अभियान एवं उर्वरक अनुदान से संबंधित विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में श् दीपक चौधरी, क्षेत्र अधिकारी इफको द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### गुम मोबाइल से यूपीआई ठगी, 75 हजार साफ

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में गुम हुए मोबाइल फोन का गलत इस्तेमाल कर साइबर ठगों ने युवक के बैंक खाते से 75 हजार रुपये उड़ा दिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत कैंट थाने में दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नकटिया स्थित वृंदावन एनक्लेव निवासी अजय कुमार शंखधार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 10 मार्च 2026 की शाम करीब छह बजे उनका एंड्रॉयड मोबाइल फोन कहीं गिर गया था। काफी तलाश के बाद भी फोन नहीं मिला। पीड़ित के मुताबिक अगले दिन 11 मार्च की रात करीब साढ़े आठ बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके गुम हुए मोबाइल का इस्तेमाल कर उनके बैंक खाते से यूपीआई एक्टिवेट कर लिया और दो ट्रांजैक्शन के जरिए रकम निकाल ली। पहली बार में 49 हजार रुपये और करीब एक मिनट बाद दूसरी बार में 26 हजार रुपये खाते से निकाल लिए गए। इस तरह कुल 75 हजार रुपये की धोखाधड़ी हुई। अजय कुमार शंखधार का खाता पंजाब नेशनल बैंक की सिविल लाइंस शाखा में है। खाते से रकम कटने का मैसेज मिलने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने तत्काल नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने कैंट थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर कार्रवाई करने और ठगी गई रकम वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि साइबर सेल की मदद से ट्रांजैक्शन और मोबाइल की लोकेशन के आधार पर जांच की जा रही है।

### नदी में प्रदूषित पानी को रोकने की मांग

**बहेड़ी।** किसान कल्याण समिति ने बहगुल नदी में उत्तराखंड की फैक्ट्रियों से छोड़े जाने वाले प्रदूषित पानी को रोकने की मांग की है। रुद्रपुर नगर निगम के मेयर और एडीएम, उधमसिंह नगर को इस बाबत ज्ञापन दिया गया है। बहगुल नदी में उत्तराखंड की तमाम फैक्ट्रियों का प्रदूषित पानी छोड़ा जाता है। प्रदूषित पानी से नदी के आसपास के तमाम गांवों का पानी प्रदूषित हो गया है। नदी का यह पानी पीने से जानवर बीमार हो जा रहे हैं। जानवरों की मौत भी हो जा रही है। हैंडपम्पो में प्रदूषित पानी आने से लोगों के स्वास्थ पर खराब असर पड़ रहा है।किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष जयदीप सिंह बरार के नेतृत्व में किसान आज रुद्रपुर गए। मेयर व एडीएम को ज्ञापन देकर नदी में प्रदूषित पानी को छोड़े जाने पर रोक लगाने की मांग की।

### हत्या के मामले में दो को आजीवन करावास की सजा

**बदायूं।** बदायूं के अलापुर थाना क्षेत्र के कोड़ा गूजर गांव में हुई नरसिंह की हत्या के मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अपर जिला जज (कक्ष संख्या एक) की न्यायाधीश कु. रिंकू ने पुरानी रंजिश में की गई इस हत्या के दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोषी हरिश्चंद्र पर 28 हजार और अनिल पर 26 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।अपर शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार गुप्ता के अनुसार, 17 अगस्त 2021 की रात जगवीर और उसका भाई नरसिंह छत पर लेटे थे। तभी पड़ोसी हरिश्चंद्र और अनिल ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हरिश्चंद्र ने तमंचे से नरसिंह के सीने में गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की और गवाहों के बयानों व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई।

### देवरहा बाबा पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम संपन्न

**बिसौली।** देवराहा बाबा पब्लिक स्कूल में चल रहे ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में कक्षा 4 से कक्षा 8 में आर्ट एंड क्राफ्ट, क्ले मॉडलिंग, डांस, इंग्लिश स्पीकिंग, कुकिंग, एंब्रॉयडरी, मेहंदी, रंगोली मंडेला आर्ट प्रशिक्षण दिए गए। सभी परीक्षण कक्षाएं विद्यालय की शिक्षिका कविता कथूरिया तथा रोमा कपूर के निर्देशन में सिखाए जा रहे हैं। शिक्षिका सुंदरी, विनीता, पूजा सिंह, गायत्री मिश्रा, पूनम, स्वाति अग्रवाल, श्वेता शर्मा, प्रीति पाल, शिल्पी गर्ग, काव्या, विकास गुप्ता, सागर गुप्ता, आयुष जौहरी, शालिनी शर्मा आदि शिक्षकों ने बच्चों से बहुत ही अच्छे अच्छे कार्ड आर्ट एवं क्राफ्ट के उपयोगी साज सज्जा के सामान एंव किले मॉडलिंग में शिवलिंग शिवजी गणेश जी विभिन्न प्रकार के फूल एवं फल गुलदस्ते मंडेला आर्ट में बांसुरी तथा मेहंदी के सुंदर-सुंदर डिजाइन के साथ कुकिंग में भेलपुरी, सैंडविच, शिकंजी, फ्रूट चाट, चना मसाला बनवाए। छात्र-छात्राओं में अव्यय यादव, अक्षत गौर, आशीष आरव भट्ट, आरिश खान, अलमीर खान, अक्षिता सक्सेना, दीया विश्वास, डेविड, दीपांशु, देवांश यादव, भोपाल, हार्दिक चौधरी, कार्तिक, काव्या मिश्रा, कनिष्क यादव, ललित कुमार, माधव सक्सेना, निधि कनौजिया, निकुंज, निशांत, प्रत्यक्ष पाठक, रिया कुमारी, सम्राट सिंह, शौर्य, सूर्यांश, शिवांश, तनिष्क सिंह आदि ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रधानाचार्य मीनू बत्रा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों की कल्पना शक्ति तीव्र होती है एवं सृजनात्मकता बढ़ती है। इस अवसर पर स्कूल का स्टाफ उपस्थित रहा।

**रेल–राहत** बरेली होकर चलेगी स्पेशल ट्रेन, हरिद्वार जाने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत

# गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं को रेलवे का बड़ा तोहफा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** गंगा दशहरा पर हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों को बड़ी राहत दी है। मुरादाबाद मंडल ने 25 और 26 मई को बरेली होकर अनारक्षित श्रेणी की गंगा दशहरा विशेष ट्रेन चलाने का ऐलान किया है। इस स्पेशल ट्रेन के संचालन से बरेली, शाहजहांपुर, रामपुर और आसपास के जिलों के हजारों श्रद्धालुओं को सीधा फायदा मिलेगा। हर साल गंगा दशहरा और स्नान पर्व के दौरान हरिद्वार जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ रहती है। कई यात्रियों को घंटों प्लेटफॉर्म पर इंतजार करना पड़ता है, जबकि अनारक्षित डिब्बों में हालत बेहद खराब हो जाती है। ऐसे में रेलवे की यह व्यवस्था यात्रियों के लिए राहत भरी मानी जा रही है।सीनियर डीसीएम महेश यादव ने बताया कि 04302 हरिद्वार-लखनऊ गंगा दशहरा विशेष गाड़ी 25 मई को हरिद्वार से शाम 6:35 बजे रवाना होगी। ट्रेन लक्सर, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा, कांठ, मुरादाबाद और रामपुर स्टेशनों से गुजरते हुए रात 12:06 बजे बरेली पहुंचेगी। यहां से ट्रेन शाहजहांपुर, हरदोई और बालामऊ होकर अगले दिन तड़के 3:30 बजे लखनऊ पहुंचेगी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक ट्रेन में अनारक्षित श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु यात्रा कर सकें।

### लखनऊ से सुबह चलेगी हरिद्वार स्पेशल

वहीं वापसी दिशा में 04301 लखनऊ-हरिद्वार गंगा दशहरा विशेष गाड़ी 26 मई को तड़के 6 :30 बजे लखनऊ से रवाना होगी। यह ट्रेन सुबह 9 :22 बजे बरेली पहुंचेगी। इसके बाद रामपुर, मुरादाबाद, कांठ, धामपुर, नगीना और नजीबाबाद होते हुए शाम 4 :16 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। रेलवे ने यात्रियों से समय से पहले स्टेशन पहुंचने और भीड़ को देखते हुए सतर्क रहने की अपील की है।

### हर साल उमड़ती है भारी भीड़

गंगा दशहरा और गंगा स्नान पर्व पर हरिद्वार जाने वाले यात्रियों की संख्या अचानक बढ़ जाती है। बरेली जंक्शन और आसपास के स्टेशनों पर भी भारी भीड़ देखने को मिलती है। कई बार ट्रेनों में चढ़ने को लेकर धक्का-मुक्की की स्थिति बन जाती है। ऐसे में स्पेशल ट्रेन चलने से यात्रियों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था भी की जाएगी ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# बकरीद पर बरेली में हाई अलर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली में बकरीद से पहले जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। विकास भवन सभागार में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने स्पष्ट चेतावनी दी कि खुले में कुर्बानी, प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी और सोशल मीडिया पर भड़काऊ वीडियो या फोटो पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की कानून व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई। पीस कमेटी के सदस्यों द्वारा बिजली-पानी की समस्या उठाए जाने पर डीएम ने बिजली विभाग को त्योहार के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर निगम को साफ-सफाई के लिए विशेष टीमों का गठन करने और ओवरहेड टैंकों को पहले से भरने के आदेश दिए गए।प्रशासन ने निर्देश दिया है कि कुर्बानी के अवशेषों को खुले में फेंकने के बजाय गहरे गड्ढों में नमक और ब्लीचिंग पाउडर डालकर दबाया जाए। विवाद की स्थिति से बचने के लिए सुअर बाड़ों को पहले से बंद रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। एसएसपी ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों के खिलाफ सीधी कार्रवाई का संकेत दिया है और अभिभावकों से बच्चों पर नजर रखने की अपील की है।

### बिना अनुमति जुलूस नहीं, छतों से हटेंगे ईंट-पत्थर

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि केवल पारंपरिक आयोजनों की ही अनुमति होगी। बिना अनुमति कोई जुलूस या नया कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बारिश को देखते हुए ईदगाहों और नमाज स्थलों पर जलभराव न हो, इसके लिए पहले से तैयारी कर ली जाए। पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में छतों पर पड़े ईंट-पत्थरों को हटाने के निर्देश भी दिए हैं। जल्द ही इसकी जांच कराई जाएगी। त्योहार के बाद गांधी उद्यान समेत सार्वजनिक स्थानों पर अभद्रता करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। प्रशासन ने तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए हैं। किसी भी विवाद या समस्या की स्थिति में लोग डायल 112 या पुलिस कंट्रोल रूम 0581-2990450 पर सूचना दे सकेंगे। बैठक में शहर के तमाम प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी, पीस कमेटी सदस्य और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### नकदी और आभूषण लेकर किशोरी गायब, मुकदमा

**पूरनपुर।** नगर के एक मोहल्ला निवासी एक महिला ने बताया कि 15 मई को वह अपनी रिश्तेदारी में खुटार गई थी। वह अपनी मां को घर पर छोड़ गई। 16 मई को सुबह जब उसकी मां पानी पीने के लिए उठी तो उसकी पुत्री गायब मिली। काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। सूचना पर वह रिश्तेदारी से वापस घर लौटी। काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। उसकी पुत्री घर में रखी कान के झुमके, दो अंगूठी सोने की, पैंडिल, पायले व पचास हजार की नकदी भी ले गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


### सूचना

मैंने अपने पुत्र दानिश खां पुत्र सलीम खां व पुत्रवधू आरिफा बी पत्नी दानिश खां को गलत संगत में पड़ने के कारण मैंने व मेरे परिवार वालों ने अपने संबंध-विच्छेद करते हुये चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरे पुत्र और उसकी पत्नी किसी भी कृत को अगर करते हैं, वह स्वयं जिम्मेदार होंगे और भविष्य में परिजनों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

–मुशतरी बेगम पत्नी सलीम खां निवासी शेरपुर कलां थाना व तहसील, पूरनपुर जिला पीलीभीत

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें। मोबाइल नंबर-9412252847 7906815587, 9758444242


## एक नजर

### खरीदी भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग

**बिलासपुर।** एक ड्राइवर ने अपने मृतक भाई की पत्नी पर खरीदी गई भूमि पर कब्जा और झूठे मुकदमों में फंसाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच और कार्यवाही की मांग की है।मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव कोठा जागीर का हैं। गांव के रहने वाले लाखन सिंह पुत्र बाबूराम ने मंगलवार को बताया कि उसके दिवंगत भाई जागेश ने कुछ भूमि वर्ष 2022 में 22 फरवरी को उसे 2 लाख 68 हजार में बेच दी थी।उसके बाद वर्ष 2024 में उसके भाई का बीमारी के चलते निधन हो गया। पीड़ित का आरोप है कि उसने जो अपने दिवंगत भाई से जो भूमि खरीदी थी उस पर उसके भाई की पत्नी अपना अवैध कब्जा जमाए हुए हैं,और विरोध करने पर वह उसे व उसके परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां दे रही है,उसकी मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच और कार्यवाही अमल में लाई जाए।

# चाइनीज मांझे से प्रधानाचार्य की कटी गर्दन, सात टांके

## थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में हुई घटना, कार्रवाई की मांग



घायल प्रधानाचार्य।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** चाइनीज मांझे की चपेट आने से प्रधानाचार्य की गर्दन कट गई। जिससे उसकी गर्दन पर सात टांके लगे हैं। राहगीर को आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उनका उपचार कराया गया। इससे पहले भी कई बार हादसे हो चुके हैं लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

ज्वालानगर स्थित साईं विहार कॉलोनी निवासी राहुल कुमार जोकि सनैया सुख गांव में न्यू एकता जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाचार्य हैं। राहुल कुमार सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे अपने लोधी मेडिकल स्टोर से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। ताशका गांव के पास अचानक हवा में लटक रहा चाइनीज मांझा उनकी गर्दन से टकरा गया। मांझा इतनी तेजी से गर्दन में फंसा कि गर्दन कट गई और खून बहने लगा, जिससे वह बाइक रोककर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। हादसे बाद मौके काफी देर तक लोगों की भीड़ लगी रही।

### पहले भी हो चुकी है कई घटनाएं

राम रहीम पुल से शहर के हर मुख्य चौराहे पर लोगों का निकलना तक दुश्वार हो गया है। जहां से निकलो वहीं से चाइनीज मांझा आ जाने के कारण लोग उसकी चपेट में आकर घायल हो जाते हैं। बिलासपुर गेट और पहाड़ी गेट पर सबसे ज्यादा चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाई जा रही है जोकि लोगों के लिए हादसे का कारण बन रही है। बिलासपुर गेट पर कुछ दिनों पहले एक बाइक सवार चपेट में आकर घायल हो गया था।

### घटनाओं की बाद जागती है पुलिस

शहर भर में पुलिस की नाक के नीचे चाइनीज मांझा बिक रहा है लेकिन पुलिस छापेमार कार्रवाई नहीं करती है जैसे ही हादसा होता है सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस कर्मी सक्रिय हो जाते हैं एक दो दुकानों पर छापेमारी करके अधिकारियों के सामने नंबर बनाकर शांत हो जाते हैं,लेकिन उसके बाद भी मांझा धड़ल्ले से बाजारों में बिक रहा है। उस पर पुलिस रोक नहीं लगा पा रही है।

# जानलेवा हमले में दोषी को दस साल की सजा,जुर्माना

- 34 महीने से जिला कारागार में बंद है आरोपी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** धारदार हथियार से युवक को हमला करके घायल करने के मामले में एडीजे प्रथम की कोर्ट ने आरोपी को दस साल की सजा और 2 हजार का जुर्माना ठोका है। जबकि आरोपी 34 माह से जिला कारागार बंद है।

थाना टांडा क्षेत्र के गांव लांबा खेड़ा निवासी प्रेम सिंह ने 17 जून 2023 को थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई थी।जिसमें उसने कहा था कि उसका भतीजा पिन्टू खेत पर पानी लगाने जा रहा था कि तभी रास्ते में रंजिश के चलते आरोपी राजेंद्र, सुरेश, जयप्रकाश और मनजीत ने उसको रास्ते में रोककर गाली गलौज करते हुए पीट दिया। उसके शोर मचाने पर आरोपियों ने उसके ऊपर चाकू से हमला करके घायल कर दिया था। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने विवेचना करते हुए आरोपी मनजीत को पकड़ लिया था। जहां आरोपी ने आलाकत्ल भी बरामद कराया था। पुलिस ने धारा 307 और 324 में आरोपी मन जीत के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एडीजे प्रथम की कोर्ट में हो रही थी। जिसमें मंगलवार को न्यायिक अधिकारी विजय कुमार ने आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई। एडीजीसी प्रताप सिंह मौर्य ने बताया कि इस मामले में 9 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। अदालत ने 307 में दस साल 4 / 25 में तीन साल और 22 हजार का जुर्माना लगाया है। घटना के बाद से ही आरोपी मनजीत सिंह जिला कारागार में है। मनजीत को 34 माह हो चुके हैं।

# करखेड़ा में सरकारी ट्यूबवेल सहित 17 खंभों की विद्युत लाइन चोरी

- पुलिस की निष्क्रियता से किसानों में आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** क्षेत्र के ग्राम करखेड़ा में खेतों की सिंचाई के लिए लगाई गई करीब 17 खंभों की विद्युत लाइन को अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में चोरी कर लिया। इस बार चोरों ने सरकारी ट्यूबवेल की लाइन को भी नहीं बख्शा, जिससे स्थानीय किसानों में रोष की लहर दौड़ गई है।

पीड़ित किसानों ने बताया कि ग्राम करखेड़ा के सरकारी ट्यूबवेल के पोल आंधी-तूफान में गिर गए थे।इसी सरकारी ट्यूबवेल से उदल सिंह के खेत में होते हुए राम प्रसाद के खेत तक विद्युत लाइन डाली गई थी। इस लाइन में 6 खंभे सरकारी ट्यूबवेल, 6 खंभे राम प्रसाद और 5 खंभे उदल सिंह के थे। चोरों ने रात में पूरी लाइन काटकर चुरा ली।पीड़ित किसान ऊदल सिंह सहित अन्य प्रभावित किसानों ने तुरंत पुलिस को तहरीर दी है और विभागीय अधिकारियों को भी सूचना दे दी है। उन्होंने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। मात्र दो दिन पहले अहमदपुर पहाड़पुर में एक घर से लगभग 10 लाख रुपये की चोरी हुई थी, जबकि कई दिन पहले धनुपुरा मंझरा अपलगढ़ में भी चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया था।चोरी की बढ़ती वारदातों से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, नाकेबंदी सख्त करने और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। किसानों का कहना है कि बार-बार हो रही चोरी से उनकी फसलों की सिंचाई ठप हो रही है।पुलिस की निष्क्रियता से चोरों के हौसले बुलंद हैं।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश में छानबीन कर रही है।



चोरी की जानकारी देता खेत स्वामी। -जागरण मोर्चा

# खाद की कालाबाजारी पर दर्ज होगी रिपोर्ट

- यूरिया, डीएपी, एनपीके का है पर्याप्त भंडार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** खरीफ सीजन को देखते हुए कृषि विभाग ने जिले में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जिले में यूरिया, डीएपी और एनपीके उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। किसानों को घबराने या जरूरत से अधिक खरीदारी करने की आवश्यकता नहीं है।

विभाग के अनुसार वर्तमान में जिले में 19584 मीट्रिक टन यूरिया, 4320 मीट्रिक टन डीएपी और 8649 मीट्रिक टन एनपीके का स्टॉक उपलब्ध है। मई और जून माह के लक्ष्य के मुकाबले पर्याप्त भंडारण किया गया है।

जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से कहा कि वे अपनी आवश्यकता और फार्म रजिस्ट्री के अनुसार ही उर्वरक खरीदें। सहकारी समितियों और अधिकृत विक्रेताओं से निर्धारित दरों पर ही खाद लें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई दुकानदार निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली करता है, खाद के साथ अन्य उत्पाद खरीदने का दबाव बनाता है या कालाबाजारी करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

किसानों से ऐसी शिकायतें कंट्रोल रूम नंबर 7839882763 और 9458846182 पर देने को कहा गया है। शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

### किसानों को मिलेंगे सिर्फ 7 कट्टे

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक किसान को जमीन के हिसाब से सिर्फ 7 कट्टे मिलेंगे। किसान को खाद के लिए कोई परेशानी न होगी। पर्याप्त मात्रा में खाद है। उन्होंने बताया कि 7 कट्टे से अधिक लेने पर प्राथमिकी दर्ज होगी।

# राह चलते छात्रा से मनचले ने की छेड़छाड़, ग्रामीणों ने पीटा

जागरण मोर्चा,कार्यालय

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में रास्ता चलते एक छात्रा से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। जिसके चलते छात्र की शिकायत पर ग्रामीणों ने युवक की धरपकड़ कर पिटाई कर दी।

मामला क्षेत्र के ही धमोरा स्थित तेलीपुरा रोड का है। बताया जा रहा है। कि एक छात्रा पास के ही नामचीन स्कूल में पढ़ती है। वह मंगलवार दोपहर स्कूल से अपने घर जा रही थी। इस दौरान रास्ते में छात्रा को अकेला देख एक मनचला आ धमका। छात्रा से अश्लील इशारे करते हुए हरकतें करने लगा। जब छात्रा ने इस बात को अनदेखा किया तो युवक ने छात्रा से छेड़छाड़ कर दी। जिसके बाद चीख-पुकार सुनकर मौके से गुजर रहे राहगीर और ग्रामीण एकत्र हो गए।युवक को पकड़ लिया। जिसके बाद युवक ने पूछताछ में बताया कि वह थाना क्षेत्र के नगली भगवंत गांव निवासी धर्मपाल है। इस दौरान ग्रामीणों ने युवक की पिटाई शुरू कर दी। सूचना पर धमोरा चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंचगई।युवक को हिरासत में लेकर चौकी ले आई। समाचार लिखे जाने तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

**शाहबाद।** मंगलवार को शाहबाद चंदौसी मार्ग स्थित करैथी गांव के पास एक ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, हादसे में बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार धन्नपुर थाना कुढ़ फतेहगढ़ जिला संभल निवासी दीपक मंगलवार शाम अपनी बाइक पर सवार होकर अपने गांव की ओर जा रहे थे रास्ते में करैथी मार्ग पर सामने से आ रहे एक ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे वह मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस यूपी 32 ईजी 4871 ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सार संक्षेप

### दो पैन कार्ड मामले में सरकारी अधिवक्ता की नहीं हुई बहस

**रामपुर।** दो पैनकार्ड में मंगलवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सरकारी अधिवक्ता की बहस नहीं हो सकी। अब इस मामले में न्यायालय में सुनवाई 23 मई को होगी।दो पैनकार्ड मामले में सात साल की सजा में सपा नेता आजम खां, अब्दुल्ला आजम जेल में बंद है। सजा को बढ़ाए जाने के आदेश नवेद मियां द्वारा कोर्ट में दाखिल किया गया था। जिसके खिलाफ आजम खां के अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट के राजेश इनामदार की दो दिन लगातार बहस की। जिसके बाद न्यायालय ने मंगलवार को सरकारी अधिवक्ता ने जवाब दाखिल करने को कहा था। भाजपा नेता आकाश सक्सेना के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि अधिक्ताओं की हड़ताल होने की वजह सरकारी वकील अपना पक्ष नहीं रख सकें। जबकि न्यायालय ने 23 मई नियत करते हुए कहा है कि बुधवार को सरकारी अधिवक्ता जवाब दे सकते हैं।

### अंडरपास के प्रस्तावित स्थल का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**मिलक।** मंगलवार को स्वार खुर्द में रेलवे लाइन के नीचे अंडरपास बनाने के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण रविवार को उपजिलाधिकारी मिलक अनुराग सिंह ने रेलवे के अधिकारियों के साथ किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। रेलवे द्वारा प्रस्तावित अंडरपास को लेकर ग्राम स्वार खुर्द के लोग विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि इससे उनके आवागमन और खेती-बाड़ी पर असर पड़ेगा।निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनुराग सिंह ने रेलवे अधिकारियों के साथ ग्रामीणों को समझाया कि अंडरपास का निर्माण उनके हित में होगा। इससे रेलवे ट्रैक पार करने में होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी और आवागमन सुगम होगा। एसडीएम ने ग्रामीणों से विरोध न करने और निर्माण कार्य में सहयोग करने की अपील की।

### खेल से बनेगा मजबूत रामपुरः सुनील

**रामपुर।** ब्लॉक चमरौआ के ग्राम चिकटी रामनगर में खेलों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने फीता काटकर किया खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सुनील ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हैं। सुनील ने बताया कि यह प्रतियोगिता ग्राम चिकटी रामनगर के ग्रामीणों द्वारा आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में मौजूद केदार सिंह और सुनील सागर ने बताया। इस प्रतियोगिता में लगभग 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस दौरान केदार लोधी, विशेष, गोविन्द, सुनील सागर,भजनलाल लोधी, नरेश पाल, मदन पाल कोमिल प्रधान, सलमान, शिवाय कश्यप, विशाल यादव सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।

### विकास भवन में 21 को होगी बैठक

**रामपुर।** ईद उल अजहा को लेकर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने 21 मई को विकास भवन में सभी अधिकारियों- धर्मगुरुओं की बैठक बुलाई। सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम ने बताया कि आगामी 21 को ईद उल अजहा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था, पीस कमेटी की बैठक बुलाई है। बैठक में सभी धर्म गुरुओं और अधिकारी शामिल रहेंगे।

# श्रद्धालुओं से भरी बस बोलेरो से टकराई,चालक की मौत

- दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर सोमवार रात हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सोमवार रात को श्रद्धालुओं से भरी बस बोलेरो से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई।सभी को अस्पताल ले जाया।डॉक्टरों ने बुलेरों चालक को मृत घोषित कर दिया। घायल अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया। काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

बता दें कि कानपुर से प्राइवेट बस श्रद्धालुओं को लेकर चारधाम यात्रा पर जा रही थी कि सिविल लाइंस क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर सोमवार रात को सड़क हादसा हो गया। हादसे में बोलेरो चालक की मौत हो गई। जबकि कई यात्री मामूली रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना जबरदस्त था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस टीम ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार कराया गया।बताया जा रहा है कि ट्रैवलर बस में सवार श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए जा रहे थे। हादसे में बस सवार कई लोगों को हल्की चोटें आईं।मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाकर यातायात सुचारू कराया। हादसे के बाद कुछ समय तक दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर लंबा जाम लगा रहा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।14 लोगों को मामूली चोट आई। बताया जा रहा कि चालक थाना मिलक के ग्राम गंगापुर सराय माजरा घोसीपुरा निवासी छोटे है।बोलेरो में मौजूद उस्मान घायल हो गया। बस में कानपुर के बसंतनगर निवासी अशोक, अनूप शाह व उनकी पत्नी नीतू शाह व ट्रैवलर चालक सौरभ, कमल गुप्ता, सहित 14 लोग घायल हो गए।



मृतक का फाइल फोटो।

# छात्र का नाम काटने पर आईटीआई में हंगामा



आईटीआई परिसर में छात्र से बातचीत करते शिक्षक।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

> आईटीआई परिसर में नहीं आने पर छात्र का नाम 23 फरवरी को काटा गया है, न ही पीआरएन नंबर पोर्टल पर जनरेट किया है।
> – डा .मोहम्मद आसिफ, प्रधानाचार्य।

**रामपुर।** आईटीआई ( राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ) में मंगलवार को छात्र का नाम काटने को लेकर हंगामा हुआ। संस्थान के परिसर में काफी देर तक चीख-पुकार मची रही। मौके पर मौजूद शिक्षकों ने छात्र को काफी समझाने का प्रयास किया। छात्र ने कहा कि आईटीआई प्रबंधन ने जानबूझकर मेरा भविष्य खराब किया है।

धमोरा गांव राजारामपुर निवासी अमित जोकि आईटीआई परिसर में ट्रेड मोटर मैकेनिक व्हीकल का छात्र है। आईटीआई प्रबंधन के अनुसार जनवरी से गायब है। परिसर नहीं आने पर प्रबंधन 23 फरवरी को नाम काटा गया है। मंगलवार को जब वह आईटीआई परिसर पहुंचा तो उसे नाम काटने की जानकारी हुई। यह सुनकर वह बौखला गया है उसने आरोप लगाया कि प्रबंधन ने जबरन तरीके नाम काटा गया है। उसने आरोप लगाया कि आईटीआई परिसर में ट्रेनिंग के बजाए साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है। काम नहीं करने पर नाम काटा गया है।






घटना | खेत में लगाई गई आग बनी हादसे की वजह

# दूध की डेयरी के गोदाम में आग लगने से मचा हड़कंप, 2 घंटे देरी से पहुंची फायर ब्रिगेड

- लाखों का भूसा-डीजल-इंजन व डेयरी सामान स्वाहा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** मिलक कोतवाली क्षेत्र के गांव खमरिया स्थित बिलासपुर रोड पर मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब दिगपाल गंगवार की दूध डेयरी के गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

ग्रामीणों के अनुसार पड़ोसी खेत मालिक तिरखाराम अपने खेत में कृषि अवशेष जला रहे थे। तेज हवाओं के कारण आग की चिंगारी उड़कर डेयरी के गोदाम तक पहुंच गई, जिससे वहां रखा भूसा, कंडे और अन्य ज्वलनशील सामान आग की चपेट में आ गया। कुछ ही देर में आग ने पूरे गोदाम को घेर लिया।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि दमकल विभाग की गाड़ी करीब दो घंटे की देरी से मौके पर पहुंची। तब तक डेयरी में रखा अधिकांश सामान पूरी तरह जल चुका था। बाद में फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।आग की इस घटना में डेयरी का भूसा, कंडे, दो इंजन, तेल का ड्रम, डीजल, सौर ऊर्जा मोटर, पाइप, मोटर वाली लकड़ी, गेहूं की बोरियां तथा गोबर डालने की ठेली सहित भारी मात्रा में लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित परिवार ने लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान जताया है।घटना के बाद ग्रामीणों और पीड़ितों में प्रशासन के प्रति नाराजगी दिखाई दी। लोगों का कहना है कि यदि फायर ब्रिगेड समय से पहुंच जाती तो नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता था। पीड़ितों ने प्रशासन से खेतों में अवशेष जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और तेज हवा के दौरान फसल अवशेष जलाने पर रोक लगाने की मांग की है।दमकल के वाहन देरी से आने पर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया था।



आग लगने के बाद मौके पर मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

# 'लखपति दीदी योजना': 29,441 महिलाओं के लखपति बनने की राह आसान

- चौथी तिमाही में 95.96 प्रतिशत डिजिटल एंट्री को मिली हरी झंडी
- स्वार ब्लॉक का प्रदर्शन रहा सबसे शानदार, 99.90 फीसदी स्वीकृतियों के साथ मारी बाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से चल रही केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'लखपति दीदी योजना रफ्तार पकड़ रही है। डिजिटल आजीविका रजिस्टर डीएआर की नवीनतम रिपोर्ट जनवरी से मार्च की चौथी तिमाही के आंकड़े इस बात की तस्दीक करते हैं। जिले के छह प्रमुख ब्लॉकों बिलासपुर, चमरौआ, मिलक, सैदनगर, शाहबाद और स्वार में कुल 29,441 संभावित 'लखपति दीदी को चिह्नित कर मंजूरी दी गई है। योजना को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए कुल 28,165 यूनिक आजीविका प्रविष्टियां दर्ज की जा चुकी हैं। सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में दर्ज की गई 3,490 नई एंट्रीज में से 3,349 को विभागीय अप्रूवल मिल चुका है, जो कि कुल प्रविष्टियों का एक शानदार 95.96 प्रतिशत है।

### स्वार और शाहबाद ने दिखाई रफ्तार

जिले के छह ब्लॉकों के आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करें तो स्वार ब्लॉक में डिजिटल आजीविका एंट्री के अप्रूवल की दर सबसे अधिक 99 .90 प्रतिशत रही है। यहां 976 प्रविष्टियों में से 975 को बिना किसी अड़चन के मंजूरी मिल गई। वहीं, संभावित लखपति दीदी के चिह्नीकरण के मामले में शाहबाद ब्लॉक ने जिले में पहला स्थान हासिल किया है, जहां 5907 महिलाओं को इस श्रेणी में रखा गया है। इसके बाद स्वार में 5607 और मिलक में 5546 महिलाओं को अप्रूव किया गया है। दूसरी ओर, बिलासपुर ब्लॉक में अप्रूवल की दर 72 .06 प्रतिशत (204 में से मात्र 147 अप्रूव्ड) रही है, जो अन्य ब्लॉकों के मुकाबले काफी धीमी है और इस पर विभाग को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

### क्या है लखपति दीदी योजना का मुख्य उद्देश्य

उल्लेखनीय है कि यह पूरी कार्ययोजना 'लखपति दीदी योजना' (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन - एनआरएलएम) के अंतर्गत संचालित की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी महिलाओं की वार्षिक घरेलू आय को कम से कम एक लाख रुपये तक बढ़ाना है। इसके लिए महिलाओं को कृषि, पशुपालन, और गैर-कृषि आजीविका के साधनों के साथ-साथ कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। 'डिजिटल आजीविका रजिस्टर' (डीएआर) के माध्यम से इन महिलाओं के वर्तमान कौशल और भविष्य की आर्थिक प्रगति का रियल-टाइम डेटाबेस तैयार किया जा रहा है, ताकि योजना का आर्थिक लाभ बिना किसी लीकेज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिला तक पहुंच सके और वह सही मायनों में 'लखपति दीदी' बन सके।

### सीआरपी की भूमिका और बाकी बचे लक्ष्य की चुनौती




कार्यक्रम को पारदर्शी और सुचारू रूप से चलाने में आजीविका सखियों (सीआरपी) की भूमिका सबसे अहम है। रिपोर्ट के मुताबिक, जिले में अब तक 567 आजीविका सीआरपी को सफलता के साथ ऑनबोर्ड किया जा चुका है। इनमें मिलक में सबसे ज्यादा 129, शाहबाद में 112 और बिलासपुर में 110 सीआरपी काम कर रही हैं। हालांकि, काम की तेज गति के बावजूद चौथी तिमाही जनवरी-मार्च के लिए निर्धारित शेष प्रविष्टियों को पूरा करने में अभी भी एक बड़ा अंतर दिखाई दे रहा है। आंकड़ों के अनुसार, कुल 25,951 संभावित दीदियों के विस्तृत डेटाबेस लगभग 88 .15 प्रतिशत शेष डीएआर प्रविष्टियां को डिजिटल रजिस्टर में पूरी तरह से दर्ज करना अभी बाकी है। इस लक्ष्य को शत-प्रतिशत हासिल करने के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को युद्धस्तर पर अभियान चलाकर काम करना होगा।

## डीएम ने आयुष्मान कार्ड न बनाने वाले 15 सीएचसी केंद्र बंद करने के निर्देश

**रामपुर**। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयुष्मान गोल्डन कार्ड ऑपरेटर आईडी की प्रगति को लेकर स्वास्थ्य, पंचायतराज, पूर्ति एवं आईसीडीएस विभागों के साथ वर्चुअल बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की सभी तहसीलों की सीएचसी द्वारा बनाए जा रहे आयुष्मान कार्डों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान शाहबाद सीएचसी द्वारा लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं बिलासपुर सीएचसी द्वारा बार-बार चेतावनी के बावजूद कार्य में रुचि न लेने एवं लक्ष्य के अनुरूप कम प्रगति पाए जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी को आरोप पत्र जारी कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने जनपद के ऐसे 15 कॉमन सर्विस सेंटर, जिनके द्वारा अब तक आयुष्मान कार्ड नहीं बनाए गए हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ऐसे कॉमन सर्विस सेंटरों को बंद कराने के निर्देश दिए।जिला पंचायतराज विभाग की समीक्षा के दौरान ऑपरेटर आईडी के माध्यम से बनाए जा रहे आयुष्मान कार्डों की कम प्रगति पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन पंचायत सहायकों की ऑपरेटर आईडी अभी तक सक्रिय नहीं है, उनकी सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में कार्य न करने वाले 12 पंचायत सहायकों की सेवा समाप्त कर दी गई है। पूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ऑपरेटर आईडी को शीघ्र सक्रिय कर अधिक से अधिक पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कोटेदारों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के सभी कोटेदारों को सक्रिय किया जाए ताकि पात्र लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल सके।जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द ऑपरेटर आईडी सक्रिय कर पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगली समीक्षा बैठक में कम प्रगति पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# जिला अस्पताल में बनेगा आठ बेड का कैंसर वार्ड, तैयारियां शुरू

### कैंसर से जूझ रहे गरीब मरीजों को मिलेगी कीमोथेरेपी और दवाओं की सुविधा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। जिला अस्पताल में जल्द ही आठ बेड का कैंसर वार्ड बनाया जाएगा। इसमें कैंसर से जूझ रहे गरीब मरीजों के लिए दवाओं व कीमोथेरेपी की सुविधा भी मिलेगी। स्वास्थ्य निदेशालय से मिले पत्र पर अस्पताल प्रशासन ने तैयारियां शुरू की दी है।

जिले में अब कैंसर रोगियों को इलाज व दवाओं के लिए दूसरे जिले के चक्कर नहीं काटने होंगे। नेशनल हेल्थ मिशन की ओर से जल्द ही जिला अस्पताल में आठ बेड का कैंसर रोगियों के लिए डे-केयर सेंटर खुलेगा। यह




जिला अस्पताल की आइसोलेशन वार्ड। -जागरण मोर्चा

वार्ड आइसोलेशन वाली बिल्डिंग में बनाया जाएगा। इसको लेकर अस्पताल प्रशासन ने व्यवस्थाएं भी शुरू कर दी गई है। सेंटर में तैनात स्टाफ को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद रोगियों की देखभाल के लिए ड्यूटी लगाई जाएगी। अस्पताल में वार्ड के बनने से रोगियों को उपचार के लिए काफी सहूलियत मिलेगी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि जिला अस्पताल में कैंसर रोगियों के लिए 8 बेड का वार्ड बनाया जाएगा। इसमें रोगियों की देखभाल के लिए स्टाफ को ट्रेनिंग दी जाएगी।

### लैब पर लगी रही रोगियों की कतारें

दिन निकलते ही जिला अस्पताल में लैब काउंटर पर जांच कराए कराए जाने की लंबी-लंबी कतारें लग रही है। स्थिति यह है जांच कराए जाने को कतार में खड़े रोगियों की नोकझोंक भी हो जाती है। मंगलवार को अस्पताल में 255 लोगों ने जांच कराए जाने के सैंपल दिए है जबकि 1299 सैंपल जांच के लिए लगाए गए है।

## सार संक्षेप



काबुल में कंधार के व्यवसायी अब्दुल मजीद के साथ नवाब काज़िम अली खां उर्फ नवेद मियां। -जागरण मोर्चा

### काबिले तारीफ हैं अफगानिस्तान के लोग : नवेद

**रामपुर**। लगभग 321 साल पहले 1704 में रामपुर आए अपने यूसुफ़ज़ई पख्तून पूर्वजों की धरती अफगानिस्तान पहुंचे नवाब काज़िम अली खां उर्फ नवेद मियां का काबुल में शानदार इस्तक़बाल हुआ। नवेद मियां 174 सालों तक रामपुर रियासत के शासक रहे नवाबों के एक मात्र वंशज हैं, जिन्होंने अफगानिस्तान जाकर अपने पूर्वजों के खानदानों के लोगों से मुलाक़ात की है। काबुल रवानगी से पहले पूर्व मंत्री नवाब काज़िम अली खां उर्फ नवेद मियां ने भारत में अफगानिस्तान के कार्यवाहक राजदूत नूर अहमद नूर से नई दिल्ली स्थित दूतावास में मुलाक़ात की थी। राजनयिक ने उनका स्वागत ज़ाफरान भेंट करके किया और रामपुर में अफगानी पठानों के बारे में मालूमत हासिल कर हैरानी ज़ाहिर की। नवेद मियां अफगानिस्तान पहुंचने पर काबुल में स्थित भारतीय दूतावास भी पहुंचे, जहां कार्यवाक राजदूत करण यादव ने उनका स्वागत किया। दोनों के बीच भारत और अफगानिस्तान के संबंधों पर बातचीत हुई।नवेद मियां काबुल के लोकप्रिय पर्यटन स्थल बाग-ए-बाबर भी गए। यह मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर का मकबरा है। उन्होंने मकबरे के इंचार्ज ज़बी उल्लाह साबित से मुलाक़ात कर रामपुर रज़ा लाइब्रेरी में मौजूद एक बेहद महत्वपूर्ण पाण्डुलिपि पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि रज़ा पुस्तकालय में मौजूद एक अनूठी पांडुलिपि दीवान-ए-बाबर है। तुर्की भाषा में लिखी गई इस कृति के कुछ अंश बाबर की हस्तलिपि में हैं। इसमें स्वयं सम्राट शाहजहाँ की एक टिप्पणी है, जो बाबर की हस्तलिपि की पुष्टि करती है।नवेद मियां ने बताया कि दक्षिण-मध्य अफ़ग़ानिस्तान के प्रमुख ऐतिहासिक और व्यावसायिक शहर है कंधार के व्यवसायी अब्दुल मजीद, फाज़िल महमूद सफी और काबुल के शिक्षा मंत्रालय से संबंधित डॉ लुत्फुर्रहमान आफताब की ओर से उनका शानदार स्वागत किया गया। सभी की मेहमाननवाज़ी बेमिसाल थी, जो हमेशा याद रहेगी।

### आज का दिन एकता, संघर्ष और संकल्प का: दीपक

**रामपुर**। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एआईओसीडी ने 20 मई को राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया है। फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि अब समय आ गया है अपनी एकता, शक्ति और अस्तित्व का परिचय देने का,उन्होंने बताया कि दवा व्यापारी जाग चुका है, अब अपने सम्मान व अधिकारों के लिए पीछे हटने वाला नहीं है। यह आंदोलन सिर्फ व्यापार का नहीं। एकजुट हो,आओ इतिहास रचें, दिखा दें कि संगठन की ताकत क्या होती है। जब व्यापारी एक स्वर में उठता हैतो सत्ता भी सुनने को मजबूर हो जाती है। उन्होंने बताया कि केमिस्ट एवं दवा विक्रेता अवैध ई-फार्मेसी संचालन, बड़ी कंपनियों द्वारा प्रिडेटर प्राइसिंग तथा दवा व्यापार से जुड़े विभिन्न गंभीर मुद्दों के विरोध में यह बंद कर रहे हैं। व्यापारियों से अपील है कि बंद पूर्णत: शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से किया जाएगा। इसलिए सभी दवा विक्रेताओं से सहयोग की अपील है।

### शराब की दुकान से 85 हजार की नगदी चोरी

**बिलासपुर**। चोरों ने एक शराब की दुकान के ताले तोड़कर गल्ले में रखी करीब 85 हजार की नगदी समेटकर ले गए हैं। चोरी की यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।वही पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मौका-मुआयना किया है।सेल्समैन ने पुलिस को तहरीर सौंप शीघ्र चोरी का खुलासा करने की मांग की है। थाना केमरी क्षेत्र के गांव रास डडिया गांव के रहने वाले वीरेंद्र कुमार ने मंगलवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी।इसमें उसका कहना है कि सीमांत गांव डिबडिबा में कंपोजिट शराब की दुकान पर सेल्समैन है बीती सोमवार की मध्यरात्रि वह दुकान बंद करके घर चला गया था।इस दौरान चोरों ने किसी समय उसकी दुकान के ताले तोड़कर अंदर गल्ले में रखी करीब 85 हजार रुपए की नकदी समेटकर ले गए जबकि चोरों की यह करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

## दुकानों के निर्माण की प्रक्रिया को लेकर सभासदों ने जताई नाराजगी



निर्माण रोकने के लिए अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा को ज्ञापन देते पालिका सभासद।

**टांडा**। नगर पालिका कार्यालय के सामने खाली पड़ी जगह पर पालिका द्वारा दुकानें बनाये जाने की प्रक्रिया शुरू की गई है,जिसका टेंडर भी निकाल दिया गया है।सभासदों ने उक्त स्थान पर दुकानें बनाये जाने का विरोध किया है। उन्होंने मंगलवार को ईओ वंदना शर्मा को ज्ञापन देकर दुकानें बनाये जाने की प्रक्रिया रोके जाने की मांग की है। सभासदों द्वारा अधिशासी अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पालिका कार्यालय के नीचे सामने की तरफ एक खाली प्लॉट है, जहाँ पर स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व सहित अन्य अवसरों पर सरकारी एवं नगरपालिका से संबंधित कार्यक्रम आयोजित होते हैं। जनहित में भी यह ग्राउंड इस्तेमाल में आ रहा है।इन दुकानों के बनने से उपयोगी प्लॉट खत्म हो जाएगा।जिसको लेकर सभासदों सहित जनता में रोष है।ज्ञापन में कहा कि इस मैदान पर रोजाना नगर पालिका कर्मचारियों व नगर पालिका कार्यालय में आने वाली जनता के वाहन आदि भी खड़े होते हैं। इन दुकानों के बनने से एक नई समस्या उत्पन्न हो जाएगी जिसका कोई समाधान नहीं होगा।यदि यहां दुकानें बना दी जायेगी तो यह ग्राउंड खत्म हो जाएगा और यहाँ कार्यालय में आने जाने वाले लोगो की गाड़ियाँ खड़ी नहीं हो पायेगी और ही अन्य ज़रूरी कार्यक्रम हो पाएंगे। ऐसी स्थिति में ग्राउंड के अंदर दुकानों का निर्माण होना अत्यंत गलत है।सभासदों ने पालिका कार्यालय के सामने दुकान बनाने की प्रक्रिया पर पूर्णता रोक लगाने की मांग की है।ज्ञापन पर सभासद एम सगीर, तसलीम पहलवान, शफीक अहमद, मोहम्मद हारून, शौकीन खातून, नईमा बेगम, आमना खातून, शबनम, अय्यूब, तसलीम अहमद, मतीन कुरैशी,आदि के हस्ताक्षर हैं।

# टांडा के वकीलों ने लखनऊ प्रकरण को लेकर जताया विरोध



टांडा तहसील में पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे बाजी करते अधिवक्ता।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा**। टांडा बार एसोसिएशन ने लखनऊ में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन किया। एसोसिएशन ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि 17 मई को लखनऊ के एडवोकेटस पर किए गए लाठी चार्ज व एडवोकेटस को वकालत करने के लिये वैकल्पिक चैम्बरों की व्यवस्था कराए बगैर बुलडोजर चला कर चैंबर तोड़ने की घोर निंदा करती है।

प्रत्येक वर्ष कानून के पेशे में वकालत की डिगी लेकर हजारों एडवोकेटस आ रहे है। परन्तु उन्हें वकालत करने के लिए कचहरी व तहसील प्रांगण में बैठने की कोई व्यवस्था नही है। अधिवक्ता न्याय व्यवस्था का हिस्सा है। बार वेलफेयर ऐसोसिएशन टांडा लगातार उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करती चली आ रही है कि कचहरी व तहसील प्रांगण के अन्दर अधिवक्ताओं को अपना न्यायिक कार्य करने के लिए चेंबरों की समुचित व्यवस्था उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से की जाए। जिससे की वह कानून के पेशे की गरिमा के अनुसार वकालत कर सकें। परन्तु सरकार का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। जिस कारण से इस तरह की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। बार वेलफेयर एसोसिएशन टाण्डा उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करती है कि उत्तर प्रदेश में बुल्डोजर कार्यवाही तुरन्त बन्द होनी चाहिये।अधिवक्ताओं को कचहरी व तहसील प्रांगण में बैठ कर वकालत करने के लिए शीघ्र चैम्बरों की व्यवस्था सरकारी खर्च पर हो।निहत्ते अधिवक्ताओं पर बल पूर्वक पुलिस द्वारा किये लाठीचार्ज की न्यायिक जांच करायी जाये।

### यह रहे मौजूद

सतपाल, प्रथी सैनी, समर सिंह चौहान, अनिल कुमार भारद्वाज, राजकुमार चौहान,तारिक हुसैन, श्योराज सिंह, जय प्रकाश सैनी,सोमवीर सिंह, प्रताप सिंह चौहान, अनूप सिंह, खुर्शीद अहमद, केपी सिंह, राजीव चौहान, कुंवर संजय सिंह, सतवीर चौहान, अशोक कुमार, धर्मवीर सिंह, अनुराधा चौहान, तेजवीर सिंह, कादिर अली, जसपाल सिंह, अनीस अहमद, राजीव सिंह, मोहम्मद फ़ारुक़ आदि मौजूद रहे।

### खरीदी भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग

**बिलासपुर**। एक ड्राइवर ने अपने मृतक भाई की पत्नी पर खरीदी गई भूमि पर कब्जा और झूठे मुकदमों में फंसाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच और कार्यवाही की मांग की है।मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव कोठा जागीर का हैं। गांव के रहने वाले लाखन सिंह पुत्र बाबूराम ने मंगलवार को बताया कि उसके दिवंगत भाई जागेश ने कुछ भूमि वर्ष 2022 में 22 फरवरी को उसे 2 लाख 68 हजार में बेच दी थी।उसके बाद वर्ष 2024 में उसके भाई का बीमारी के चलते निधन हो गया। उसके बाद से ही उसके भाई की पत्नी घर पर न रहते हुए मायके आदि में रहती है,और परिवार को बिना जानकारी दिए कुछ भूमि भी बेच चुकी हैं। पीड़ित का आरोप है कि उसने जो अपने दिवंगत भाई से जो भूमि खरीदी थी उस पर उसके भाई की पत्नी अपना अवैध कब्जा जमाए हुए हैं,और विरोध करने पर वह उसे व उसके परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां दे रही है,उसकी मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच और कार्यवाही अमल में लाई जाए।

# 15 हजार से लेकर सवा लाख तक की कीमत के बिक रहे बकरे



खौद की बाजार में कुर्बानी करने को खरीदारी करते लोग। -जागरण मोर्चा

- बाजारों में बकरों की बिक रही कई नस्ले।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। ईद उल अजहा का पर्व 28 मई को मनाया गया। रविवार की शाम चांद नजर आ गया। बकरीद पर मुस्लिम समुदाय द्वारा जानवरों की कुर्बानी दी जाती है जो हजरत इब्राहिम अलैहि अस्सलाम की सुन्नत है। इसको लेकर बाजारों में जानवरों की खरीदारी शुरू हो गई है।

मंगलवार को खौद की बाजार में बकरों की खरीद फरोख्त में काफी उछाल देखने को मिला। बाजार में 15000 से सवा लाख रुपये का बकरे का मौजूद है। मंगलवार को चांद की पहली तारीख, और इस माह की 10 तारीख को ईद उल अजहा मनाई जाती है। इस बार जनपद में 28 को ईद उल अजहा मनाई जाएगी। बकरा और कटरा बाजारों में आ गए है। रविवार को पनवड़िया के बाजार में भी कुर्बानी करने वालों लोगों ने जानवरों की खरीदारी की। मंगलवार को खौद की बाजार में बकरों की खरीद फरोख्त हुई। जिसमें कई नसलों के बकरे बाजार में मौजूद रहे। जिनको खरीदार देखकर आकर्षित हुए।

## सेवा कार्यों से मजबूत होता सामाजिक सद्भाव और मानवता : शिवबहादुर

**रामपुर**। पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को मीठे जल का शिविर लगाया। इस दौरान उन्होंने राहगीरों को शर्बत का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सेवा कार्यों से मानवता और सामाजिक सदभाव को मजबूती मिलती है। कृष्णा मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके बाद भीषण गर्मी में उन्होंने राहगीरों को शर्बत का वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंचकर शीतल पेय ग्रहण किया। भीषण गर्मी से राहत महसूस की।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने कहा कि ज्येष्ठ माह में सेवा और दान का विशेष महत्व होता है। भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा जल और शरबत पिलाना पुण्य का कार्य है।कहा कि समाज के सक्षम लोगों को जरूरतमंदों और राहगीरों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए।ऐसे सेवा कार्यों से मानवता और सामाजिक सद्भाव को मजबूती मिलती है। इस मौके पर सत्येंद्र सक्सेना, अमर सक्सेना आदि उपस्थित रहे।



राहगीरों को शरबत बांटते पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना।

**शिविर** सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ समापन

# बच्चों को लघु कहानियों के माध्यम से हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा का कराया ज्ञान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में 13 से 19 मई तक आयोजित सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन हुआ। शिविर का उद्देश्य बच्चों में भाषा कौशल, रचनात्मकता, सांस्कृतिक जागरूकता एवं सामाजिक व्यवहार का विकास करना था। प्रतिदिन दो घंटे संचालित इस शिविर में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।शिविर के दौरान बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा प्रदान की गई। रोल प्ले, फ्लैश कार्ड, ऑडियो-विजुअल माध्यम, कठपुतली शो, नुक्कड़ नाटक, सामूहिक एवं एकल गायन, स्थानीय बाल गीत, चित्रकला, नृत्य तथा लघु कहानियों के माध्यम से हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा का ज्ञान कराया। साथ ही बच्चों को यातायात नियमों, मानचित्रों के उपयोग, ऐतिहासिक स्मारकों, नदियों एवं पर्वतों की जानकारी देकर इतिहास एवं भूगोल से भी परिचित कराया गया।शिविर में भारतीय संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से बच्चों को स्थानीय व्यंजन, मसाले, फल एवं सब्जियों की जानकारी भी दी।अभिनव आयोजन से बच्चों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल, टीम भावना एवं सांस्कृतिक समझ का उल्लेखनीय विकास देखने को मिला।



पुरस्कार के साथ मौजूद बच्चे मुख्य अतिथि और स्कूल का स्टॉफ। -जागरण मोर्चा

समापन समारोह में अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सूर्य प्रकाश तथा सीएम फेलो संतोष गंगवार ने प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर शबनम आरा, रीना, निदा खान, नंदकिशोर, आराधना सक्सेना सहित विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी ने शिविर की सराहना करते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

## एक नजर

### सार्वजनिक रास्ते हो कब्जा मुक्त : शंखधार

**मिलक।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने उपजिलाधिकारी मिलक को पत्र भेजकर ग्राम पंचायत धर्मपुरा में दो सार्वजनिक रास्तों को जनहित में कब्जा मुक्त करने का आग्रह किया है। जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने बताया तहसील मिलक के ग्राम पंचायत धर्मपुरा में गाटा संख्या 92 कुल रकबा 0 .1500 हे . एवं गाटा संख्या 100 कुल रकबा 0 .0610 हे . भूमि खतौनी में रास्ता के नाम से दर्ज हैं। दोनों ही गाटा संख्या की भूमि के आंशिक भाग पर अवैध रूप से कब्ज़ा करके एक धार्मिक स्थल बनाने का अनैतिक और असंवैधानिक कार्य गांव धर्मपुरा निवासी एक व्यक्ति ने पक्का निर्माण करके सार्वजनिक रास्ते को बाधित कर दिया है।

# आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का मिल रहा सीधा लाभः डीएम

- **स्वास्थ्य विभाग की टीम कलेक्ट्रेट में तैनात, आयुष्मान भारत योजना' के तहत गंभीर मरीजों का ऑन-द-स्पॉट हो रहा समाधान**

जागरण मोर्चा कार्यालय



बालक को आयुष्मान कार्ड देते डीएम। -जागरण मोर्चा



समस्याएं सुनते डीएम। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जनपद में जनसुनवाई अब सिर्फ शिकायतों की फाइलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक तंगी से जूझ रहे गरीबों के लिए जीवन रक्षक मंच बन चुकी है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अनूठी और संवेदनशील पहल के चलते कलेक्ट्रेट में फरियादियों को त्वरित समाधान के साथ 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' का सीधा लाभ मिल रहा है। सादगी की मिसाल पेश करते हुए पैदल ही अपने कार्यालय पहुंचे डीएम ने जहां एक तरफ मोबाइल से फोन कर अधिकारियों को मौके पर ही समस्याएं सुलझाने के निर्देश दिए, वहीं स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम के जरिए जनसुनवाई में ही अब तक 150 पात्र लाभार्थियों को ऑन-द-स्पॉट आयुष्मान कार्ड जारी किए। इसी क्रम में आंखों की गंभीर बीमारी से जूझ रहे 8 साल के मासूम अनिरुद्ध के लिए भी तत्काल कार्ड बनाकर उसके निःशुल्क और बेहतर इलाज का रास्ता साफ कर दिया गया है।

तहसील शाहबाद के ग्राम मधुकर निवासी राजवीर पिछले दिनों जनसुनवाई में अपने 8 वर्षीय बेटे अनिरुद्ध को लेकर जिलाधिकारी के पास पहुंचे थे। राजवीर ने बताया कि बेटे की आंखों का ऑपरेशन होना है, लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उन्हें 'आयुष्मान कार्ड' की सख्त जरूरत है ताकि किसी अच्छे अस्पताल में इलाज हो सके। मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल कार्ड बनवाने के निर्देश दिए।

कार्ड बनने के बाद डीएम ने खुद फोन कर राजवीर को कलेक्ट्रेट सभागार में बुलाया और अपने हाथों से आयुष्मान कार्ड प्रदान किया, जिससे परिवार को एक बड़ी राहत मिली है।प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के हर गरीब को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के संकल्प को प्रशासन जमीन पर उतार रहा है। जनसुनवाई को अब 'आयुष्मान भारत योजना' के एक सक्रिय केंद्र में बदल दिया गया है। यहां स्वास्थ्य विभाग की एक विशेष टीम तैनात की गई है, जो गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की तत्काल जांच कर उन्हें मार्गदर्शन दे रही है। इस नई व्यवस्था के तहत अब तक 150 ऐसे पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जो पैसों के अभाव में इलाज नहीं करा पा रहे थे। इसके अतिरिक्त, रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से भी जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### पैदल दफ्तर पहुंचे डीएम, फोन पर कराया समस्याओं का निपटारा

प्रशासन की सक्रियता और इच्छाशक्ति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी अपने आवास से पैदल ही चलकर कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय पहुंचे। जनसुनवाई में दूरदराज से आए ग्रामीणों की पैमाइश, विद्युत, राशन, स्वास्थ्य समस्या, आवास और पेंशन जैसी शिकायतों को उन्होंने पूरी गंभीरता से सुना। कागजी खानापूर्ति को दरकिनार करते हुए डीएम ने अपने निजी मोबाइल से संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन मिलाया और समस्याओं का तत्काल समाधान करने के सख्त निर्देश दिए। उनकी इस दरियादिली और जनहित के प्रति तत्परता से जनसुनवाई अब जनसेवा के एक महाअभियान का रूप ले चुकी है।

# झूम उठा दरबार बालाजी के नाम से...

## श्री बाला जी दरबार सेवा सदन में जागरण एवं पूजन सम्पन्न, मथुरा और दिल्ली से आए गायकों ने बांधा समां

जागरण मोर्चा कार्यालय



सजा बाला जी का दरबार। -जागरण मोर्चा



हवन में आहुति देते भक्त। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** मोहल्ला झंडा स्थित श्री बाला जी दरबार सेवा सदन में मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ श्री बाला जी महाराज का धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल श्री बाला जी के विशेष स्नान एवं हवन. पूजन से हुई। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ब्राह्मणों द्वारा विधि. विधान से पूजन कराया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा.अर्चना में भाग लेकर सुख.समृद्धि की कामना की।

रात्रि में विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें दूर.दराज से आए भजन गायकों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रखा। दिल्ली से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक गुलशन गंधर्व एवं रितिक गुप्ता ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।मथुरा से आए मनीष ब्रजवासी ने राधा. कृष्ण एवं बालाजी के भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। श्री बालाजी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भी आकर्षक एवं मधुर प्रस्तुतियां दी गईं। मेरे संकट हर लो बालाजी, दरबार में तेरे आया हूं बालाजी,

मेहंदीपुर वाले दाता सुन लो पुकार, बालाजी का नाम बड़ा निराला, संकट मोचन बालाजी सरकार,झूम उठा दरबार बालाजी के नाम से, तेरी कृपा से चलता संसार बालाजी सरीखे भजन गाए। इस दौरान बालाजी के भजनों से मोहल्ला झंडा गुंज उठा। भक्ति और श्रद्धा से सजा श्री बालाजी का जागरण इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा श्री बाला जी का गुणगान करते हुए छप्पन भोग अर्पित किया गया। प्रातः आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

महंत आनंद कुमार ने श्री बाला जी महाराज की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची श्रद्धा और भक्ति से हर मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने संस्थापक महंत परम श्रद्धेय ब्रह्मलीन बुलाकी राम जी महाराज की कृपा एवं उनके आध्यात्मिक योगदान को भी याद किया। उप महंत कुंवर सेन एवं जुगल किशोर ने बताया कि बुधवार को दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर अरूण कुमार डालमिया, महेश चंद अग्रवाल, सिपाही लाल राठौर, अशोक विरमानी, सुशील कुमार सिंह, शोभित कपूर, मुन्ना सिंह, लालता प्रसाद, रंजीत सिंह सैनी, हिमांशू अग्रवाल, महेश सैनी, पूरन सिंह, पवन गुप्ता, संजय श्रीवास्तव सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

# जीवन सुखी बनाने में शामिल अमृत कथा: देव व्रत



अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित कथा सुनाते वाचक।



कथा में शामिल भक्त। -जागरण मोर्चा

- **अग्रवाल धर्मशाला में हो रहा कथा का आयोजन**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मंगलवार को अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित भागवत कथा में दूसरे दिवस की कथा में गणेश वंदना, दुर्गा स्तुति, हनुमान चालीसा पाठ हुआ। उसके बाद कथा व्यास देव व्रत शुक्ला कथा सुनाई। जिसमें बताया कि इस कलयुग में मानव जीवन को सुखी बनाने वाले और संसार सागर से पार पाने वाले के लिए वेदव्यास ने चार वेद अट्ठारह पुराणों की रचना की,लेकिन इन सभी सहारे मानव उत्थान में सफलता नहीं मिली।

तभी भगवान की प्रेरणा से बचपन में पिता को त्यागने वाले पुत्र को भगवान की प्रेरणा से वापस पिता की जनहित सेवा को आगे बढ़ाने में सहायक बने।

सुकदेव ने अपने ज्ञान को गणेश के साथ शामिल होकर पंचम वेद भागवत महापुराण कथा बनाई। इस अवसर पर रानू पाठक, पंडित गोपाल शुक्ला, इंद्रेश मिश्रा, विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा, विवेक, प्रदीप कुमार अग्रवाल,प्रभा अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, विभूति अग्रवाल, विष्णु सरन अग्रवाल, गोविंद गुप्ता, सीमा, अनिल कुमार रस्तोगी, ऊषा रानी रस्तोगी, रामनाथ गुप्ता, सुधीर बंसल, नीता गुप्ता, नंदा देवी, शांति शर्मा, उमा शर्मा, सुनीता अग्रवाल, सत्यम शर्मा, नीता बंसल, मधु, कांती, गीता, सरोज, राधा, राजरानी गुप्ता, सुधा, मनोज, कैलाश चंद्र अग्रवाल, प्रेम खत्री, अनिल कुमार चौरसिया, राम औतार अग्रवाल आदि सैकड़ों भक्त शामिल रहे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# किसानों ने समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते किसान। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के सैकड़ों कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन पांच सूत्रीय सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। किसानों को 500 कुंतल के हिसाब से भुगतान दो आवारा पशुओं से किसानों को और फसलों को बचाया जाए। आवारा पशुओं से जिन इंसानों की भी मौत हुई है। उनके परिवार को मुआवजा दिया जाए। स्वास्थ्य विभाग में मनमानी चरम पर है।आयुवेदिक डॉक्टर डिग्री धारक इंग्लिश दवाइयां दे रहे हैं। जांच करके तत्काल कार्रवाई की जाए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि घरेलू बिजली 300 यूनिट फ्री दिए जाए। हरियाणा,पंजाब,दिल्ली की तर्ज पर जब दूसरे प्रदेश में बिजली घरेलू फ्री दी जा सकती है तो यूपी में क्यों नहीं दी जा सकती। महंगाई को देखते हुए सरकार तत्काल कदम उठाए। प्रदर्शन करने वालों शकील अहमद, इसरार अली, संजू खान, आरिफ अली, अरशद अली, हरजिंदर सिंह, शबाब खान, आमिर, सोहेल अली,समीर वारसी, फरहत अली खान, सैयद जमाल आदि मौजूद रहे।

# किसानों ने कोतवाल का किया सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय



कोतवाल को सम्मानित करते किसान।

**मिलक।** मिलक कोतवाली में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारियों ने नये कोतवाल मनीराम से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के जिलाध्यक्ष ज्ञानपाल सिंह यादव ने किया।

इस दौरान कोतवाल मनीराम ने कहा कि वह स्वयं किसान परिवार से जुड़े हैं।किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनके हित में कार्य करेंगे। उन्होंने किसानों को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में मंडल सलाहकार जाकिर हुसैन, सुरेश चंद शर्मा, असलम बाबा, नहीम कश्मीरी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। बैठक के दौरान किसानों ने संगठन की एकता और मजबूती का संदेश देते हुए जय जवान जय किसान तथा किसान एकता जिंदाबाद के नारों के साथ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तलन, मंडल अध्यक्ष जसपाल सिंह एवं जिला अध्यक्ष ज्ञानपाल यादव के समर्थन में जोरदार नारे लगाए।

**कार्यक्रम** विभिन्न मार्गों से होती हुई हनुमान मंदिर पर विश्राम हुई

# माई तेरे पांव पड़ एक बार...एक बार हरी बोल

जागरण मोर्चा कार्यालय



शहर में निकली प्रभात फेरी में शामिल भक्त। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** अधिक मास के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले श्रीनाथजी रसकथा महोत्सव के दौरान रोजाना निकाली जा रही मधुर यात्रा का मंगलवार को तीसरे दिन भी आयोजन हुआ। यात्रा रस्तोगी धर्मशाला से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई हनुमान मंदिर पर विश्राम हुई।

प्रभात फेरी में भक्तों की श्रद्धा देखते ही बन रही थी। कोई नंगे पैर प्रभु की सेवा में चल रहा था तो कोई हाथों में पुष्प लेकर यात्रा के स्वागत के लिए दौड़ा चला आया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और श्रीनाथजी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।यात्रा के दौरान माई तेरे पांव पड़ एक बार, एक बार हरी बोल भजन गूंजते ही श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए और थिरकने को मजबूर हो उठे।

भजन गायक शुभम सक्सेना और शुभ अग्रवाल के मधुर भजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया, वहीं प्रथम गुप्ता ने भी अपने प्रस्तुतीकरण से समा बांध दिया।गौ सेवा परिवार एवं क्षेत्रवासियों द्वारा निकाली जा रही यह निमंत्रण यात्रा शहर की गलियों में घर-घर जाकर 18 से 21 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाली श्रीनाथजी रसकथा महोत्सव का निमंत्रण दे रही है।

आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से यात्रा में शामिल होने की अपील की है। यात्रा में गिरिराज सरन अग्रवाल, अमित राज, हर्षित भटनागर,अर्पित खंडेलवाल, योगेश गुप्ता, कोमल मित्तल, चेतन, अंकुर, शुभम, राघव, निशव शर्मा, प्रांजल, शुभ, मोहित अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप



पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का अभ्यास करते एएसपी। -जागरण मोर्चा

### एएसपी ने बलवा ड्रिल का किया अभ्यास

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा मंगलवार को परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद कर्मचारियों का टर्नआउट आदि चेक कर पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम ( लाइब्रेरी), कैंटीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा की व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ–सफाई आदि को चेक कर संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिएए। परेड के बाद अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ बलवा रोकथाम एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष रिहर्सल, ड्रिल का आयोजन कर सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन,बिलासपुर मौजूद रहे ।



एसपी का स्वागत करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### होटल एसोसिएशन ने एसपी का किया स्वागत

**रामपुर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में आईआईए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता के नेतृत्व में होटल एसोसिएशन के सदस्यों ने नवागत एसपी सोमेंद्र मीणा का स्वागत किया। एवं उनसे होटल इंडस्ट्री के बारे में चर्चा की। कुछ समस्याएं रखीं, एस पी ने तुरंत सभी विषयों का संज्ञान लिया।सभी अपने विभागीय अधिकारियों को वीसी पर निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी उद्यमी का किसी प्रकार का उत्पीड़न नही होगा। सबको सुरक्षा दी जाएगी। सभी उद्यमी निर्भय होकर अपने उद्यम चलाएं।होटल उद्यमी भी नियम,कानूनों का पालन करें। होटल उद्यमियों ने भी पुलिस अधीक्षक को आश्ववासन दिया कि वोह नियंम ब क़ानूनो का पालन करेंगे ।प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष होटल एसोसिएशन एवं रेडिएंस पार्क के श्रीष गुप्ता, अर्चित सक्सेना , विजेन्दर खत्री,विपुल खत्री,होटल ओपल, होटल रिवरसाइड , संतोष होटल, व्हाइट स्कवायर आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



योगा कराती योगाचार्य कमलेश गंगवार। -जागरण मोर्चा

### योगाचार्य ने बच्चों को सिखाए प्राणायाम व योगासन

**मिलक।** क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय परम में 18 से 19 मई तक दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर के प्रथम दिवस में बच्चों को भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाति, शीतली प्राणायाम, अनुलोम–विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया। योगाचार्य ने बताया कि नियमित योग एवं प्राणायाम से मानसिक विकास मजबूत होता है तथा गर्मी के मौसम में शरीर में ऑक्सीजन की कमी को दूर करने में काफी सहायता मिलती है। बच्चों ने उत्साह के साथ योग क्रियाओं में भाग लिया। द्वितीय दिवस में खड़े होकर किए जाने वाले आसन, आगे व पीछे झुकने वाले आसन, तितली आसन, वज्रासन, सूक्ष्म व्यायाम, भुजंगासन, ताड़ासन एवं वृक्षासन सहित कई महत्वपूर्ण योगासन कराए गए। योग शिविर के दौरान बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के अंत में गायत्री मंत्र एवं शांति पाठ के साथ योग शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर योग शिक्षिका इंदिरा कुमारी, अध्यापिका जय श्री, अनुदेशक दानिश जिया सहित विद्यालय के समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।योग अपनाएं, स्वस्थ जीवन पाएं के संदेश के साथ बच्चों में उत्साह दिखाई दिया। शिविर का संचालन मिलक तहसील प्रभारी योगाचार्य कमलेश गंगवार द्वारा किया गया, जबकि विद्यालय के प्रधानाध्यापक आजाद अहमद का विशेष सहयोग रहा।

### अवैध निर्माण रोके जाने की शिकायत

**टांडा।** नगर के मोहल्ला काजीपुरा में कुछ लोग अवैध निर्माण करा रहे हैं, पड़ोसी साजिद अली ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है नगर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी साजिद अली ने उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी आराजी पर पड़ोसी जबदस्ती कब्जा करना चाहते हैं और वे अवैध रूप से निर्माण भी करा रहे हैं, पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण रोके जाने की मांग की है।

## एक नजर

### आवारा कुत्तों का आतंक, 4 माह में 30 हजार को बनाया निशाना

**बदायूं।** बदायूं शहर की हर गली और मोहल्ले में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम जनता में भारी खौफ है। जिला अस्पताल के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस वर्ष जनवरी से अप्रैल तक के महज चार महीनों में 30 हजार से अधिक नागरिकों को एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाई जा चुकी है। स्थिति इतनी भयावह है कि कुत्ते राह चलते लोगों और बच्चों को लगातार अपना निशाना बना रहे हैं। कबूलपुरा निवासी पीड़ित चुन्ने खान ने बताया कि कुत्ते के काटने के बाद वे जिला अस्पताल में अपनी चौथी डोज लगवाने पहुंचे हैं। वहीं, ब्रह्मपुर निवासी महेश ने बताया कि मोहल्ले में कुत्तों के डर से घरों से निकलना मुहाल हो गया है। नागरिकों ने नगर पालिका से इन्हें पकड़ने की गुहार लगाई है। इधर, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) विनय मणि ने बताया कि बजट के अभाव में कुत्तों को पकड़ने की कोई योजना नहीं बन पा रही है।

# गौ आश्रय स्थलों में मिलीं व्यापक कमियां, डीएम ने जताई नाराजगी

## लू से बचाव, हरे चारे एवं अभिलेख व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया गया गौशालाओं का निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं**

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशों पर जनपद के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा समस्त विकास खंडों में संचालित गौ आश्रय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण एवं सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं, संरक्षित गोवंशों की स्थिति तथा अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न विकास खंडों में संचालित 14 गौ आश्रय स्थलों में हरा चारा उपलब्ध नहीं पाया गया। साथ ही 13 गौ आश्रय स्थलों में गर्मी एवं लू से बचाव के लिए तिरपाल एवं टाट आदि की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई थी। जनपद के 8 गौ आश्रय स्थलों में अभिलेख एवं पंजिकाएं उपलब्ध नहीं पाई गईं, जबकि कई स्थानों पर पंजिकाएं अपूर्ण मिलीं। निरीक्षण के समय विकासखण्ड बहजोई के गौ आश्रय स्थल कमालपुर एवं चौपा शोभापुर में 91-91 प्रतिशत टैगिंग पाई गई। विकासखण्ड जुनावई के गौ आश्रय स्थल जुनावई में 85 प्रतिशत, झुकेरा में 60 प्रतिशत, चबूतरा में 68 प्रतिशत, देवरकंचन में 90 प्रतिशत तथा बैरपुर महाराजी में 52 प्रतिशत टैगिंग पाई गई। वहीं विकासखण्ड गुन्नौर के गौ आश्रय स्थल रसूलपुर में मात्र 32 प्रतिशत संरक्षित गोवंशों में ही टैगिंग पाई गई। निरीक्षण के दौरान विकासखण्ड बहजोई के गौ आश्रय स्थल कमालपुर में भूसा घर की छत, गेट एवं चहारदीवारी क्षतिग्रस्त स्थिति में पाई गई। विकासखण्ड बनियाखेड़ा के चंदनकटी मौजा अर्जुनपुर जूना एवं बहोरनपुर टोडकपुर गौ आश्रय स्थलों में जलभराव एवं कीचड़ की समस्या पाई गई। इसके अतिरिक्त विकासखण्ड बहजोई के गौ आश्रय स्थल पाठकपुर में पशु चिकित्सा अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण न किए जाने की स्थिति भी सामने आई। वहीं गौ आश्रय स्थल चौपा शोभापुर तथा सादातबाड़ी एवं विकासखण्ड जुनावई के गौ आश्रय स्थल बैरपुर महाराजी में एक-एक टीन शेड की आवश्यकता पाई गई। विकासखण्ड बहजोई के गौ आश्रय स्थल अर्जुनपुर जूना एवं सादातबाड़ी, विकासखण्ड जुनावई के गौ आश्रय स्थल देवरकंचन एवं बैरपुर महाराजी तथा विकासखण्ड गुन्नौर के गौ आश्रय स्थल रसूलपुर में गोवंशों के पृथक्करण की आवश्यकता भी चिन्हित की गई। गौ आश्रय स्थलों पर पाई गई कमियों को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गौ आश्रय स्थलों में पाई गई सभी कमियों को तत्काल दूर कराया जाए तथा लू एवं गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशालाओं में अभिलेख एवं पंजिकाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध रहें तथा गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# मुरादाबाद के दो बिजली घर चन्दौसी डिवीजन में शामिल करने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुख्य अभियंता विद्युत मुरादाबाद को ज्ञापन सौंपता भाकियू टिकैत का प्रतिनिधि मंडल।

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत का एक प्रतिनिधि मंडल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में मुख्य अभियंता विद्युत मुरादाबाद अशोक कुमार चौरसिया से मिला। भाकियू टिकैत के प्रतिनिधि ने मांगों को संबोधित एक ज्ञापन उन्हें सौंपा। साथ ही चन्दौसी क्षेत्र से जुड़ी विद्युत की समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

मुख्य अभियंता ने समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया। भाकियू प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि क्षेत्र में अनेक स्थानों पर जर्जर लाइनें है, जिन्हें बदलना जाना चाहिए। किसानों को शासन के शेड्यूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति देने की मांग की। कहा कि संभल जनपद के डारनी और बेरनी बिजलीघर को विद्युत वितरण खंड मुरादाबाद प्रथम से विद्युत वितरण खंड चन्दौसी को स्थानांतरित किया जाए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि जनपद संभल के दो बिजली घर मुरादाबाद डिवीजन में लगते हैं, उक्त बिजली घरों से मुरादाबाद की दूरी 60 से 70 किलोमीटर दूरी पड़ती है। जिससे वहां के किसानों को आर्थिक हानि और समय की भारी हानि होती है। जब उक्त दोनों बिजली घरों के गांव जनपद संभल में आते हैं और विद्युत वितरण खंड चन्दौसी की दूरी मात्र 10 से 12 किलोमीटर की दूरी है। अगर उक्त दोनों बिजली घर संभल जनपद के विद्युत वितरण चन्दौसी में शामिल होते हैं, तो वहां की जनता समय व आर्थिक हानि की बचत होगी। मुख्य अभियंता विद्युत ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को शासन स्तर पर भेज कर जल्द समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर भाकियू टिकैत के मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद मनोज चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश रामवीर सिंह यादव, सोनू शर्मा, अभिनव चौधरी, डा. विलाल खान आदि मौजूद रहे।

# ऑनलाइन दवा बिक्री पर प्रतिबंध की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



व्यापार मंडल की बैठक में बोलते नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई दवा व्यापारियों की जायज मांगों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मेडिकल स्टोर बंद की हड़ताल को अपना खुला और पूर्ण समर्थन दिया। व्यापारी मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि दवा व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दवा विक्रेता समाज को 24 घंटे आवश्यक सेवाएं देते हैं। उनके सम्मान की रक्षा के लिए पूरा व्यापार मंडल उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। आज देश के नागरिकों का स्वास्थ्य और युवाओं का भविष्य एक बहुत बड़े खतरे में हैं। इंटरनेट के माध्यम से बिना किसी मजबूत नियंत्रण के धड़ल्ले से बेची जा रही दवाइयां अब जीवनदायिनी नहीं, बल्कि जीवनघाती साबित हो रही हैं। जब एक दवा विक्रेता को फार्मासिस्ट अनिवार्य होता है, तो ये नियम ऑनलाइन दवा विक्रेता पर लागू क्यों नहीं होता। व्यापार मंडल सरकार और प्रशासन से मांग करता है कि ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर देश में तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। बाद में व्यापार मंडल ने नगर के सभी दवा व्यापारियों से एकजुट होकर अपनी दुकानें बंद रखने और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराने का आह्वान किया है। प्रशासन से मांग की है कि दवा व्यापारियों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए और चेकिंग के नाम पर उनका मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न बंद हो। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि आंदोलन के दौरान मरीजों को भारी असुविधा न हो। इसके लिए आपातकालीन जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता को नियमानुसार वैकल्पिक व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाएगा। इस दौरान रमाकांत शर्मा, प्रदीप यादव, प्रयांशु, अवधेश कुमार, विमल वार्ष्णेय, कमल वार्ष्णेय, रितिक, निशांत शर्मा, गोविंद, आशीष गुप्ता, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# एडीएम सुबह 8 बजे अचानक सीएचसी निरीक्षण को पहुंचे

जागरण मोर्चा कार्यालय



सीएचसी में चिकित्सकों से वार्ता करते एडीएम।



महिला अस्पताल का निरीक्षण करने जाते एडीएम।

**एडीएम ने सीएचसी की व्यवस्थाएं परखी और साफ-सफाई का किया निरीक्षण**

**चन्दौसी।** अपर जिलाधिकारी मंगलवार की सुबह 8 बजे सीएचसी का निरीक्षण करने पहुंचे। जिसमें उन्हें सीएचसी में ड्यूटी पर चिकित्सक मौजूद मिले। जबकि होम्योपैथिक चिकित्सालय बंद मिला। एडीएम ने सीएचसी में सभी वार्डों का निरीक्षण कर रजिस्टरों का निरीक्षण किया। इसके बाद दोपहर 2.20 बजे वह चले गए। एडीएम के निरीक्षण से चिकित्सकों के साथ-साथ समस्त स्टाफ में हड़कंप की स्थिति बनी है।

मंगलवार की सुबह 8 बजे एडीएम सौरभ कुमार पांडेय सीएचसी पहुंचे। जहां सबसे पहले वह होम्योपैथिक चिकित्सालय पहुंचे, जहां वह उन्हें बंद मिले। इसके बाद वह सीएचसी पहुंचे। जहां सीएचसी प्रभारी डा. हरवेंदर सिंह के अलावा अन्य चिकित्सक मौजूद मिले। नेत्र चिकित्सक कक्ष के बाहर अपने नेत्रों का परीक्षण कराने के 48 मरीज बैठे थे। एडीएम ने सभी 48 मरीजों के नाम अपने लिखे और मरीजों से संवाद भी किया। सीएचसी में सभी विभागों का निरीक्षण में व्यवस्थाओं को परखने के साथ-साथ साफ-सफाई भी देखी। इसके बाद सीएचसी के समस्त जरूरी रजिस्टर आदि देखे। इसके बाद महिला चिकित्सालय पहुंचे। जहां महिला चिकित्सालय में मरीज मरीजों से वार्ता की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद वह महिला चिकित्सालय में कुपोषित बच्चों के लिए उपचार के लिए बने एनआरसी का निरीक्षण किया। जहां कुपोषित बच्चों की माताओं से चिकित्सालय की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के विषय में जानकारी ली। इसके बाद डा. गौरी से जानकारी की। दोपहर 2.20 बजे एडीएम चले गए।

# 200 बच्चों के नेत्र का किया परीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



नेत्र प्रशिक्षण करते चिकित्सक। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति ने नगर के कैथल गेट स्थित अक्रूर जी कन्या पाठशाला में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्रुप के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर जायंट्स प्रार्थना के साथ किया।

शिविर में नगर के सुप्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर ओमेंद्र वाष्णेय अपोलो आई सेंटर के द्वारा सभी बच्चों की आंखों के परीक्षण के बाद जरूरी दवाई व ट्रीटमेंट के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने लगभग 200 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा सभी उम्र के लोगों को अपनी दृष्टि की जांच कराकर आंखों की बीमारियों के शुरूआती लक्षणों का पता लगाने और चश्मा चिकित्सा उपचार जैसे सुधारात्मक उपायों पर भी मार्गदर्शन किया गया। ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने बताया कि नेत्र परीक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों का निश्शुल्क नेत्र परीक्षण एवं उपचार करना है, तथा लोगों को नेत्र रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर उपचार सुनिश्चित करना है। मीना वाष्णेय ने कहा शिविर में नियमित जांच से मोतियाबिंद ग्लूकोमा और अपवर्तन की शीघ्र पहचान हो जाती है और अंधापन से बचने के लिए उनका उपचार किया जाता है। डा. सुधा चौधरी ने भी बच्चों को अच्छे खान-पान की सलाह दी तथा कुछ बच्चों के लिए चश्मे बनवा कर देने की भी बात कही। क्षमा अग्रवाल ने बताया आंखें हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं इसकी बीमारी का इलाज समय पर हो जाए तो अच्छा रहता है, आगे चलकर यह भयानक रूप भी ले लेती है और आंखों की ज्योति चली जाती है। इस दौरान रेखा रस्तोगी, मंजू अग्रवाल, अंजू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# अवैध खनन पर प्रशासन सख्त मिट्टी से भरी दो ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार सुबह खनन विभाग की टीम ने चन्दौसी-बदायूं रोड स्थित बेहतरी फाटक के पास अभियान चलाकर मिट्टी से भरी दो ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ लीं। कार्रवाई के बाद दोनों वाहनों को मंडी चौकी भेज दिया गया, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई।

खनन अधिकारी शिवम कुमार के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। सुबह के समय टीम ने बेहतरी फाटक के पास संदिग्ध वाहनों की जांच की, जिसमें अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन कर रही दो ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी गईं। अधिकारियों ने वाहनों से संबंधित दस्तावेजों की जांच की और आवश्यक कागजात न मिलने पर उन्हें कब्जे में ले लिया। खनन अधिकारी ने बताया कि जिले में लंबे समय से अवैध खनन और बिना अनुमति मिट्टी के परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि अवैध खनन से सड़कों को नुकसान पहुंचता है और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## बिजली आपूर्ति ठप, दो लाख उपभोक्ता परेशान

**बिसौली।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ध्वस्त होने से उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है। पिछले एक सप्ताह से अघोषित बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और हाई-लो वोल्टेज की समस्या से उमस भरी गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। इससे नाराज भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) और किसानों ने फसलों के सूखने का आरोप लगाते हुए तहसील परिसर में नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। वहीं, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष कृष्णअवतार शर्मा, संजय अग्रवाल और धर्मेंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि विभाग का निर्बाध आपूर्ति का दावा खोखला साबित हुआ है। मामूली खराबी ठीक करने में घंटों लगाए जा रहे हैं।

# सूर्यदेव के प्रकोप को सहन नहीं कर पा रहे लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** दिन प्रतिदिन गर्मी का बढ़ती जा रही है। लोग सूर्यदेव का प्रकोप झेल नहीं पा रहे हैं। सुबह से ही तेज धूप के साथ दोपहर में गर्म हवाएं चल रही है। लोग अपने रोजमर्रा के काम सुबह-शाम में ही कर रहे हैं। दोपहर में प्रमुख सड़कों के साथ बाजार की सड़के सूनी नजर आ रही है। जरूरी काम से निकलने वाले लोग खुद को पूरी तरह से कपड़े से ढक कर निकल रहे है। घरों में पंखे व कूलर भी गर्मी से राहत नहीं दे रहे है।

मई महीने के अंतिम दिनों में लगातार सूर्य आग उगल रहा है। आसमान से बरसते अंगारों ने जनमानस को त्रस्त कर रखा है। आलम यह है कि सुबह के 9 बजते ही लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। तन को झुलसा देने वाली तेज धूप और प्रचंड गर्मी से आम जनजीवन और रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हो रहे है। भीषण गर्मी के चलते कूलर, पंखा जवाब दे रहे हैं और भरपूर ठंडक नहीं दे पा रहे हैं। गर्मी और चिलचिलाती धूप ने लोगों को इस कदर परेशान कर रखा है कि दोपहर में मुख्य सड़कें और छोटी छोटी गलियां सूनी पड़ जाती हैं। तेज धूप और गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया। बहुत ही आवश्यक कार्य से ही कम संख्या में लोग सड़कों पर नजर आ रहे हैं, मंगलवार को गर्मी का असर शहर के प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर साफ देखने को मिला।

**दिक्कत** — सड़क पर बने गहरे गड्ढे व कहीं-कहीं उखड़ी है सड़क

# जर्जर मालगोदाम रोड से राहगीरों का चलना हुआ बेहद मुश्किल

जागरण मोर्चा कार्यालय



क्षतिग्रस्त मालगोदाम रोड से गुजरते वाहन।

**मालगोदाम रोड से गुजरते हैं रोजाना सैकड़ों बड़े वाहन**

मंडी समिति पर पिछले कई माह से ओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे उक्त मार्ग पिछले कई माह से बंद है। जिससे उक्त मार्ग का पूरा यातायात मालगोदाम रोड पर पहुंच गया। जिससे रोजाना उक्त सड़क से सैकड़ों बड़े वाहनों का गुजरना बना रहा है। उक्त मार्ग से रेलवे के माल गोदाम व रोडवेज बस स्टेंड को जाने का मार्ग है। जिससे रोजाना सैकड़ों लोड ट्रक व रोडवेज बसों का संचालन बना रहता है।

**चन्दौसी।** माल गोदाम रोड की सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिससे राहगीरों के साथ-साथ नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क क्षतिग्रस्त होने पर वाहनों में सवार लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। माल गोदाम रोड पर आंबेडकर प्रतिमा से सिपाली लाल पेट्रोल पंप तक सड़क सबसे ज्यदा खस्ता हाल है। नगर पालिका द्वारा उक्त सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा।

मालगोदाम रोड की सड़क शहर से बाहर जाने वाले के लिए मैन सड़क है। इस मार्ग का इस्तेमाल लोग शहर से बाहर निकलने के लिए करते हैं। अगर किसी को मुरादाबाद, बदायूं व अन्य स्थान पर जाना हो तो इसी मार्ग से जाना पड़ता है। मालगोदाम रोड पर आंबेडकर प्रतिमा से सिपाही लाल पेट्रोल पंप तक मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त बना हुआ है। सड़क में गहरे गड्ढे होने से दोपहिया वाहनों चालकों को बेहद परेशानी उठानी पड़ती है। सड़क पर कहीं-कहीं पर कुछ हिस्सा पूरी तरह उखड़ चुका है और नीचे बजरी पर आवागमन हो रहा है। जबकि मुरादाबाद व बदायूं से आने व जाने वाली बसों का संचालन भी इसी मार्ग से किया जाता है। जिससे उक्त सड़क से गुजरते समय बसों में बैठे यात्रियों को अत्यन्त परेशानी उठानी पड़ती है। सड़क क्षतिग्रस्त होने से उक्त मार्ग पर बनी दुकानों का व्यापार भी ठप बना हुआ है। दुकानदार सहित अन्य जनमानस उक्त सड़क के पुनः निर्माण की मांग नगर पालिका प्रशासन से कर चुके हैं। जबसे ज्यादा परेशान उक्त सड़क से गुजरने के दौरान महिलाओं के साथ-साथ स्कूली बच्चों को उठानी पड़ती है। किसी बड़े वाहन के गुजरने से मिट्टी व धूल उड़ने से राहगीरों को परेशानी होती है। नगर पालिका ने नगरवासियों की परेशानी को देखते हुए शीघ्र ही सड़क निर्माण कराने की बात कही है।

> माल गोदाम रोड पर आंबेडकर प्रतिमा से सिपाही लाल पेट्रोल पंप तक सड़क का निर्माण कार्य 3 से 4 दिन के बाद आरंभ करा दिया जाएगा। ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े।
>
> **-लता वार्ष्णेय, अध्यक्ष, नगर पालिका, चन्दौसी**

# बिजली व्यवस्था ठप किसानों ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज।** क्षेत्र में लगातारहो रही बिजली कटौती से परेशान किसानों और ग्रामीणों ने मंगलवार को वजीरगंज विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन किया। किसानों ने थाना पुलिस को ज्ञापन सौंपकर निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि समय पर बिजली न मिलने से मक्का की फसल सूखने लगी है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। उनका कहना है कि सिंचाई प्रभावित होने से फसल बर्बाद होने की आशंका बढ़ गई है और किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ रहा है। प्रदर्शन में वनकोटा, जखोलिया, करकटपुर, महेरा, धोरेरा, करगांव, जाहरपुर और गरुईया समेत कई गांवों के किसान शामिल हुए। किसानों ने आरोप लगाया कि 24 घंटे में केवल दो से तीन घंटे ही बिजली मिल रही है, जबकि बिजलीघर की लॉग बुक में सात घंटे सप्लाई दर्ज दिखाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार केवल कुछ मिनटों के लिए ही बिजली दी जाती है। किसानों ने लाइनमैन पर खंभे और तार ठीक करने के नाम पर पैसे मांगने का भी आरोप लगाया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी।

## साईं बाबा की पालकी धूम-धाम के साथ निकाली

**रुदायन (बदायूं)।** नगर में साईं बाबा की पालकी धूम-धाम के साथ निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर राधा कृष्ण की टोली आकर्षण का केंद्र रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में हर साल की भांति इस वर्ष भी नगर के साईं मंदिर की वर्षी पर भव्य सजावट की गई। पूर्व निर्धारित समयनुसार भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने फीता काटते हुए साईं पालकी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया। नगर चेयरमैन सीमा चौधरी के कैंप कार्यालय पर सभी के जलपान की व्यवस्था की गई थी।

**नाम परिवर्तन**

पहले मेरा नाम मौ. समी ख़ां (Mohd. Sami Khan) पुत्र लतीफ खां था लेकिन अब मेरा नाम शन्नू खां (SHANNU KHAN) पुत्र लतीफ खां है। नि. मोहल्ला मस्जिद घेर हजरत नूर खां थाना टीन है। अब से मुझे शन्नू खां (SHANNU KHAN) के नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

## एक नजर

### स्व-गणना का नया रिकॉर्ड बनाकर 55 हजार के आंकड़े से काफी आगे निकला जिला

**रामपुर।** जनगणना-2027 के तहत संचालित स्व-गणना अभियान में जनपद ने जनसंख्या के अनुपात में मंडल स्तर पर नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी के कुशल नेतृत्व और प्रभावी रणनीति के चलते स्व-गणना का आंकड़ा 55 हजार के पार निकल चुका है। जिलाधिकारी ने इस सफलता का श्रेय जनपदवासियों की सक्रिय सहभागिता और व्यापक जनजागरूकता अभियानों को दिया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि जनगणना देश के विकास, संसाधनों के नियोजन और जनकल्याणकारी योजनाओं का मुख्य आधार है। उन्होंने सूचित किया कि स्व-गणना के लिए अब सिर्फ एक दिन शेष है, इसलिए छूटे हुए नागरिक जल्द अपनी प्रक्रिया पूरी करें। इसके बाद, 21 मई से प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना का कार्य शुरू करेंगे। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे प्रगणकों को सही व पूर्ण जानकारी देकर इस राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाने में अपना सहयोग दें।

# जन्म के समय शिशु का रोना जच्चा-बच्चा के लिए सकारात्मक संकेतः प्रो. एनके सिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के प्राचार्य प्रो. एनके सिंह ने कहा, जन्म के तुरंत बाद शिशु का रोना उसके स्वस्थ होने का महत्वपूर्ण संकेत है। यदि जन्म के समय शिशु रोता है, तो यह मां और शिशु दोनों के लिए एक सकारात्मक संकेत होता है, क्योंकि इससे यह स्पष्ट होता है कि शिशु की श्वसन प्रक्रिया सही प्रकार से कार्य कर रही है।

वहीं यदि शिशु जन्म के बाद नहीं रोता है, तो तत्काल नवजात पुनर्जीवन की आवश्यकता पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी एवं त्वरित उपचार प्रदान करने में सक्षम बनाते हैं। प्रो. सिंह तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एवम् रिसर्च सेंटर में एनआरपी दिवस पर बाल रोग विभाग और नवजात शिशु इकाई की ओर से नवजात शिशुओं की आपातकालीन देखभाल एवं पुनर्जीवन कार्यक्रम- एनआरपी के महत्व पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवजात शिशुओं की जन्म के तुरंत बाद उत्पन्न होने वाली जटिल परिस्थितियों में समय पर प्रभावी पुनर्जीवन तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, चिकित्सकों एवम् नर्सिंग कर्मियों को प्रशिक्षित करना था। इस अवसर पर विशेषज्ञों की ओर से नवजात पुनर्जीवन की नवीनतम दिशानिर्देशों, आपातकालीन प्रबंधन, व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन भी किया गया। मेडिकल के उप-प्राचार्य प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा ने कहा, चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ कौशल आधारित प्रशिक्षण समय की आवश्यकता है। बाल रोग की विभागाध्यक्षा डॉ. रूपा सिंह ने कहा, नवजात शिशुओं की सुरक्षित देखभाल के लिए प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि एनआरपी प्रशिक्षण जन्म के तुरंत बाद उत्पन्न होने वाली आपातकालीन परिस्थितियों में शिशु के जीवन की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कोर्स कोऑर्डिनेटर प्रो. बीके गौर ने बताया, एनआरपी दिवस पर नवजात शिशुओं के जीवन रक्षण में गोल्डन मिनट के महत्व और समय पर पुनर्जीवन के प्रभावी तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। बेसिक एनआरपी कोर्स में प्रतिभागियों को नवजात शिशुओं के पुनर्जीवन की चरणबद्ध प्रक्रिया, वायुमार्ग प्रबंधन, बैग और मास्क वेंटिलेशन, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. एनएस चिथंबरम, डॉ. शलभ अग्रवाल, डॉ. विवेक त्यागी आदि बतौर प्रशिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाल रोग विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, एनेस्थीसिया विभाग समेत नर्सिंग स्टाफ के कुल 40 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# लूट की वारदात फर्जी निकली कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा

जागरण मोर्चा कार्यालय


फर्जी लूट की घटना का खुलासा करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** दिनदहाड़े पौने तीन लाख रुपए से ज्यादा की लूट की सनसनी खेज सूचना चंद्र घंटे में ही पुलिस की भागीदारी के चलते फर्जी साबित हो गई। कर्ज दारों से बचने के लिए खुद ही अपनी लूट की घटना तैयार की जिसे पुलिस महकमे में की बेचैनी बढ़ा दी थी। हालांकि कोतवाली पुलिस की तीसरी आंख और सख्त पूछताछ के आगे आरोपी किसान ने घुटने टेक दिए पुलिस ने सिर्फ घटना का पर्दाफाश किया बल्कि आरोपी को गिरफ्तार कर रकम भी बरामद की।

थाना रजबपुर के गांव दौलतपुर नहरी निवासी वीरेंद्र सिंह ने सोमवार की दोपहर हसनपुर कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि वह जिला सहकारी बैंक से 290000 निकालकर बाइक से घर जा रहा था तभी तहरपुर के निकट मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने उसे घेर लिया और थैला लूटकर भाग गए। लूट की सूचना से कोतवाली पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस द्वारा पीड़ित बनी वीरेंद्र सिंह से घटना को लेकर पूछताछ शुरू कर दी तो वह उलझ गया। वारदात के समय को लेकर उसकी जवान लड़खान लगी और बयानों में बड़ा उलट पलट हो गया। वीरेंद्र को विरासत में लेकर पुलिस द्वारा कड़ाई से की गई पूछताछ के दौरान वह रोने लगा और अपना सच उगल दिया। वीरेंद्र ने बताया कि कुछ समय पहले उसने अपने बेटे की सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति को 22 लख रुपए दे दिए थे जो डूब गए उसके बाद से कर्जदार लगातार पैसे मांग रहे थे। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस को गुमराह करने और झूठी सूचना देने के आरोप में वीरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 299000 बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# बाग के कुएं में डूबने से अधेड़ की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय


घटना के बाद पुलिस जानकारी करते हुए। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** नगर के मोहल्ला चामुंडा रोड निवासी एक 55 वर्षीय अधेड़ की बाग में बने ट्यूबवेल की कुइया में डूबने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार, चामुंडा रोड निवासी खालिद 55 वर्षीय पुत्र नूर उद्दीन सोमवार की रात घर से निकले थे। मंगलवार की दोपहर बाद ईदगाह के निकट अशरफ पुत्र अलीम के बाग में बने ट्यूबवेल की पानी की कुइया में उनका शव तैरता हुआ मिला। बाग मालिक के छोटे भाई नईम अख्तर ने जब शव को देखा, तो तत्काल मृतक के छोटे भाई राशिद को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची डायल 112 और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकाला। मृतक के भाई राशिद ने बताया कि खालिद नशे का आदि था और देर रात सोते समय पैर फिसलने से पानी में गिर गया। मृतक अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी छोड़ गया है, जिनकी शादी हो चुकी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## सीओ से अवैध वसूली एवं मारपीट की शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** पीड़ित टेंपो चालक द्वारा पुलिस क्षेत्र अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर एक व्यक्ति पर अवैध वसूली एवं मारपीट का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। आदमपुर निवासी सतीश पुत्र गनपत नगर में टेंपो चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है टेंपो लेकर आया तो एक व्यक्ति उसके पास आया और टेंपो चलाने के नाम पर रुपए मांगने लगा सतीश द्वारा पैसे ना देने पर आरोपी द्वारा उसके साथ मारपीट की गई जिसके दौरान वह घायल भी हो गया घायल अपने साथियों के साथ पुलिस क्षेत्राधिकार कार्यालय पहुंचा और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।

# पराग फाउंडेशन का 9वां वार्षिकोत्सव संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में स्वर्गीय श्री पराग सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर संस्था का फाउंडेशन डे गरिमापूर्ण तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसपी सिटी रणविजय सिंह और गेस्ट ऑफ ऑनर अनीता गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर किया।

इस दौरान शी डांस एकेडमी के कलाकारों ने बनारस घराने के कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्था की संस्थापिका गरिमा सिंह ने बताया कि उनकी संस्था शिक्षा, सुरक्षा और स्वाभिमान के क्षेत्र में निरंतर प्रोजेक्ट्स चला रही है। मुख्य अतिथि एसपी सिटी रणविजय सिंह ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गरीब और असहाय बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान कर संस्था नए युग के निर्माण में अहम भूमिका निभा रही है। समारोह में संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष अंशु सिंह द्वारा फाउंडर व एग्जीक्यूटिव मेंबर्स सहित मुरादाबाद की विभिन्न एनजीओ को सम्मानित किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ. विशेष गुप्ता, गुरविंदर सिंह और रीता सिंह सहित करीब 150 प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पीएचएफ विद्यापीठ के बच्चों को बैग, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे और स्टडी किट वितरित की गई। साथ ही सदस्यों ने 25,000 की नकद राशि देकर पांच बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी गोद ली।


सनातन जागरण मंच की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# सनातन जागरण मंच की हुई बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** बीती राज नगर में सनातन जागरण मंच की मासिक बैठक का आयोजन हुआ गया बैठक में हिंदू सम्राट राजा पृथ्वीराज चौहान की जयंती बनाई गई तथा उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सोमवार की देर रात्रि नगर के मौहल्ला होली चौक स्थित आर्य समाज मंदिर के प्रांगण में सनातन जागरण मंच की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हिंदू सम्राट एवं महा प्रताप राजा पृथ्वीराज चौहान की जयंती के अवसर पर उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बैठक में वक्ताओं द्वारा महाराजा पृथ्वीराज चौहान के बारे में विस्तार से बताया। बैठक मैडम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यापारी नेता सचिन गुप्ता सम्मिलित हुए। बैठक की अध्यक्षता सुरमीत गुप्ता एवं संचालन विभोर अग्रवाल द्वारा किया गया।

## नियमों को तोड़ने वालों पर कसा शिकंजा

**शाहबाद।** सोमवार देर रात शाहबाद पुलिस ने अभियान चलाकर यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर शिकंजा कसा है। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और नियमों का उल्लंघन रोकने के लिए थाना शाहबाद पुलिस ने रात में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम ने रामपुर चौराहे पर भारी वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस कार्रवाई के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले 21 वाहनों का चालान काटा गया साथ ही बीस हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। पुलिस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। अभियान के दौरान कोतवाल प्रदीप कुमार, सब-इंस्पेक्टर रमेश यादव, सब-इंस्पेक्टर आतिशे जैन, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार और कांस्टेबल राहुल कुमार आदि रहे।

# आगामी भगवान दक्ष प्रजापति जयंती समारोह को लेकर सांसद से मिले समिति के पदाधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला।** 25 जुलाई को प्रस्तावित प्रदेश स्तरीय भगवान श्री दक्ष प्रजापति जयंती महोत्सव को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति जुट गई है। मंगलवार को आयोजन समिति के सदस्यों ने सांसद चौ.कँवर सिंह तंवर को सहमति पत्र सौंपकर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए अनुरोध किया गया।

समिति के प्रतिनिधियों ने सांसद को बताया कि इस वर्ष प्रदेश भर से 25 से 35 हजार लोगों के सम्मलित होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बताया कि यह महोत्सव सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना तथा युवाओं के उत्साहवर्धन का महत्वपूर्ण मंच बनेगा। उन्होंने सांसद से अनुरोध किया कि वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति कार्यक्रम में सुनिश्चित कराने हेतु अपना सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर अध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति, सोनू प्रजापति, विजय कुमार प्रजापति, रजनीश कुमार प्रजापति, विजय पाल सिंह प्रजापति, उमेश चंद्र प्रजापति, सुरेश प्रजापति, उमेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# बकरी चोरों के हौसले बुलंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैफनी।** दिनदहाड़े बकरी चोरों की घटना बढ़ती जा रही है। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। मंगलवार को भी बकरी चोरी का मामला सामने आया क्षेत्र के दानियपुर गांव में कार सवार अज्ञात चोरों दो बकरी चुराकर फरार हो गए। चोरी तहरीर पुलिस को दी गई। क्षेत्र के दनियापुर गांव निवासी नवाब अली दिलावर ने बताया कि उनके दो बकरे गांव के घर के सामने खेल पार्क के पास बंधे थे। इसी दौरान एक सेंट्रो कार वहां आ कर रुकी कार में सवार अज्ञात बदमाशों ने दोनों बकरों को उठाकर वाहन में डाल कर मौके से फरार हो गए। चोरी हुए बकरों की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई जा रही है। कार से भागते हुए सीसीटीवी में कैद हो गए। दिनदहाड़े बकरी चोरी हो रही घटनाओं को देखते हुए लोग दहशत का माहौल है। जिससे लोगों ने बकरी- बकरों को अपने घर में ही कैद करना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि जैसे-जैसे ईद उल अजहा तोहार नजदीक है। जिससे बकरों की मांग और कीमत दोनों बढ़ गई हैं। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को देखकर जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी हुए बकरों की बरामदगी की मांग की है।

### दो दिन पहले ही चोरों का पीछा कर छुड़ाई बकरी

गुलाबनगर में बाइक सवार दो चोर असलम के घर से बकरी चुराकर भागे थे। ग्रामीणों द्वारा 5 किमी तक पीछा करने पर धर्मपुर कब्रिस्तान के पास चोर बकरी को छोड़कर फरार हो गये थे।

# इनर व्हील क्लब ऑफ हसनपुर के द्वारा विद्यालय में कराई गई पोस्टर प्रतियोगिता

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित छात्राएं एवं क्लब पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** नगर स्थित एक विद्यालय में इनर व्हील क्लब ऑफ हसनपुर के द्वारा छात्राओं के बीच एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया प्रतियोगिता में विजय छात्राओं को पुरस्कार भी दिए गए।

मंगलवार को नगर के शिवाला मंदिर के सामने स्थित रामशरण दास परसोत्तम शरण बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं के बीच इनर व्हील क्लब ऑफ हसनपुर के द्वारा एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, पोस्टर प्रतियोगिता का विषय अंगदान था जिस पर सभी छात्राओं ने बहुत ही सुंदर तरीके से पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंत में निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आई छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। किसी के साथ क्लब के द्वारा विद्यालय को एक छत का पंखा भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान किला अध्यक्ष आरती गुप्ता सचिन सोनिया रस्तोगी कविता अग्रवाल अंचल अग्रवाल प्रियंका गर्ग प्रधानाचार्य अंकित शर्मा के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में बार वेलफेयर एसोसिएशन ने भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए कथित पुलिस लाठीचार्ज को लेकर बार वेलफेयर एसोसिएशन स्वार तहसील रामपुर के अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेजते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि 19 मई को लखनऊ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया, जिससे अधिवक्ता समुदाय आक्रोशित है। अधिवक्ताओं ने मांग की कि घायल अधिवक्ताओं को उचित मुआवजा दिया जाए, घटना की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए तथा अधिवक्ताओं को हुई क्षति की भरपाई कराई जाए।

इसके अलावा संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित करने और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की भी मांग उठाई गई। बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राशिद अली गौस और सचिव नौशाद आलम के नेतृत्व में ज्ञापन भेजा गया। इस दौरान विक्रम सिंह संधू, पंकज जोशी, मोहम्मद जावेद अख्तर, सिराज अहमद, मोहम्मद आसिफ अंसारी, मुमताज मियां, राशिद खां, रिजवान अली सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# उर्वरक उपयोग के प्रति किया जागरूक



जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा नई दिल्ली एवं कृषि विज्ञान केंद्र अमरोहा के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को 'मेरा गांव मेरा गौरव' कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र पर संतुलित उर्वरक उपयोग जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. शैलेंद्र कुमार झा ने किसानों को मिटटी में उपलब्ध पोषक तत्वों तथा फसलों की आवश्यकता के अनुसार अनुशंसित उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की जानकारी दी। बताया कि संतुलित उर्वरक उपयोग से न केवल उत्पादन में वृद्धि होती है, बल्कि मृदा स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहता है। डॉ. अंजू अरोरा ने सूक्ष्मजीवों के बारे में जानकारी दी। कहा फसलों में एजोटोबेक्टर, एजोस्पर्म एवं पीएसबी जैसे सूक्ष्मजीवों को अधिक से अधिक प्रयोग करने से नत्रजन एवं फास्फोरस की उपलब्धता फसलों में बढ़ जाती है, जिसके कारण रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम कर सकते है इससे मिटटी की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। कार्यक्रम में डॉ. सुधीर कुमार, केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. एके मिश्र, डॉ. अमित तोमर, डॉ. शीशपाल सिंह, डॉ. सतपाल सिंह, डॉ. प्राची पटेल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### लखनऊ के फैजुल्लागंज में तीन दिन से अघोषित बिजली कटौती, विधायक बोरा ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ उत्तर से भाजपा विधायक डॉ. नीरज बोरा ने अपने विधानसभा क्षेत्र फैजुल्लागंज में पिछले तीन दिन से जारी अघोषित बिजली कटौती पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। डॉ. बोरा ने पत्र में लिखा है कि फैजुल्लागंज के चारों वार्ड में पिछले तीन दिन से लगातार अघोषित बिजली कटौती हो रही है। इससे जनता बेहाल है और लोगों में आक्रोश है। डॉ. बोरा ने कहा कि अधिकारी वस्तुस्थिति स्पष्ट करें और तत्काल विद्युत आपूर्ति समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएं। उन्होंने पत्र की कॉपी अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा, उ.प्र. शासन, चेयरमैन, उ.प्र. पावर कॉर्पोरेशन और प्रबंध निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. को भी भेजी है। उन्होंने समुचित संज्ञान लेकर समस्या का समाधान सुनिश्चित करने को कहा है। डॉ. नीरज बोरा लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं और भाजपा विधानमंडल दल के सचेतक और सचिव भी हैं।

### गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल बना मकबरा कंपाउंड का भंडारा

**लखनऊ।** अमजद अली शाह मकबरा परिसर स्थित मकबरा कंपाउंड हजरतगंज में अमजद अली शाह मकबरा रेजीडेन्ट्स वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस समिति की खास बात यह है कि इसमें हर धर्म और जाति के लोग शामिल हैं। हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सदस्य मिलकर "आपस में सब भाई-भाई" की मिसाल पेश करते हैं। समिति के सदस्य मेजर राजीव श्रीवास्तव, उनकी धर्मपत्नी अमित डेविड, प्रेसिडेंट प्रभु जोत नंदा समेत अन्य लोगों ने मिलकर भंडारे का आयोजन कराया। सालभर में किसी भी धर्म का त्योहार हो, समिति के सदस्य एकजुट होकर आयोजन करते हैं।

# आसमान से बरसी आग, 11 जिलों में लू का रेड अलर्ट, इन जिलों में बेहद गर्म होगी रात

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि अगले एक हफ्ते तक प्रदेश में भीषण लू की परिस्थितियां रहने वाली हैं। वहीं, पश्चिमी इलाकों में कई जिलों में रातें सामान्य से काफी ज्यादा गर्म होंगी।

बुंदेलखंड और कई दक्षिणी जिलों में मंगलवार को आसमान से आग बरसी। 48.2 डिग्री सेल्सियस के साथ बांदा दूसरे दिन भी देश में सर्वाधिक गर्म शहर रहा। गर्म हवा और लू के थपेड़ों ने लोगों को बेचैन किया। झांसी, आगरा, प्रयागराज, उरई आदि जिलों में पारा 45 डिग्री के पार चला गया।

मौसम विभाग ने बुधवार के लिए प्रदेश के 11 जिलों में लू का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं 14 अन्य जिलों में प्रचंड गर्मी की चेतावनी है। यानी ऐसे तपिश भरे मौसम में बुजुर्गों, मरीजों व बच्चों को खास एहतियात बरतने की जरूरत है। वहीं, कई जिलों में रातें भी सामान्य से अधिक गर्म रहने वाली हैं।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि अगले एक हफ्ते तक प्रदेश में भीषण लू की परिस्थितियां रहने वाली हैं। वहीं, पश्चिमी इलाकों में कई जिलों में रातें सामान्य से काफी ज्यादा गर्म होंगी।



यूपी में प्रचंड गर्मी, 48.2 डिग्री के साथ बांदा दूसरे दिन भी देश में सर्वाधिक गर्म

#### इन जिलों में है लू का रेड अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, फतेहपुर, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी व आसपास के क्षेत्र।

#### यहां है उष्ण रात्रि होने की संभावना

शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद व आस पास के क्षेत्र।

#### सर्वाधिक तापमान वाले जिले

| | |
|---|---|
| बांदा | 48.2 डिग्री सेल्सियस |
| झांसी | 46.5 डिग्री सेल्सियस |
| आगरा | 46.5 डिग्री सेल्सियस |
| प्रयागराज | 45.8 डिग्री सेल्सियस |

#### इन जिलों में है लू का ऑरेंज अलर्ट

कौशांबी, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, औरैया, ललितपुर व आस पास के क्षेत्र।

# विदेश में नौकरी के लिए तैयार नहीं हो रहे युवा; पांच हजार पदों पर भर्ती के लिए केवल दो हजार आवेदन ही मिले

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** युद्ध से हालात बिगड़ने के बाद विदेश में नौकरी के लिए युवा तैयार नहीं हो रहे हैं। विभिन्न देशों में पांच हजार पदों पर भर्ती के लिए केवल दो हजार आवेदन ही मिले हैं।

बेहतर वेतन और सुविधाओं के बावजूद उत्तर प्रदेश के युवा विदेश में नौकरी करने से हिचक रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि जर्मनी, जापान और इस्राइल में स्वास्थ्य कर्मियों के 5000 पदों पर भर्ती के लिए अब तक केवल 2000 आवेदन ही मिले हैं। युद्ध और वैश्विक तनाव के बीच युवाओं की सुरक्षा चिंताओं ने विदेश में रोजगार की राह मुश्किल कर दी है। यही वजह है कि सेवायोजन विभाग को आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 मई तक दोबारा आवेदन मांगने पड़े हैं।

सेवायोजन विभाग ने रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से विदेशों में स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। पूर्व संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षु) नीरज कुमार के अनुसार, युद्ध से बिगड़े हालात की वजह से युवा विदेश में नौकरी करने से दूरी बना रहे हैं।

सेवायोजन विभाग की निदेशक नेहा प्रकाश ने बताया कि विदेश में स्वास्थ्य कर्मियों के कुल 5000 पदों पर भर्ती की जानी है। इसके लिए हाईस्कूल के साथ जीडीए, एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग और पोस्ट बीएससी नर्सिंग योग्यता वाले अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। केयरगिवर और पेसेंट केयर का कौशल भी जरूरी रखा गया है। 25 से 45 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। सीटों के सापेक्ष आवेदन प्राप्त न होने पर पुनः आवेदन लिए जा उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 1.31 लाख रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। इसके अलावा जीवन बीमा, मेडिकल बीमा और एक महीने तक निशुल्क आवास की सुविधा भी दी जाएगी। पहले चरण में दो वर्ष का अनुबंध होगा, जबकि बेहतर प्रदर्शन करने वालों का कार्यकाल आगे बढ़ाया जाएगा।

#### आवेदन न मिलने के ये हैं मुख्य कारण

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, विदेश में नौकरी को लेकर युवाओं की झिझक के पीछे कई कारण हैं। इस्राइल में जारी संघर्ष और भू-राजनीतिक तनाव के कारण सुरक्षा को लेकर भय बना हुआ है। वहीं जर्मनी और जापान की कठिन भाषाएं भी बड़ी बाधा साबित हो रही हैं। स्किल होने के बावजूद कई युवा विदेश जाने के बजाय प्रदेश में ही रोजगार तलाशना ज्यादा सुरक्षित और सुविधाजनक मान रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि सख्त स्किल टेस्ट, लंबी चयन प्रक्रिया और वीजा संबंधी औपचारिकताएं भी आवेदन कम होने की वजह बनी हैं। साथ ही लखनऊ और आसपास के जिलों में स्वास्थ्य क्षेत्र में तेजी से बढ़ते अवसरों ने भी युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही कॅरिअर बनाने के लिए प्रेरित किया है।

# जनसेवा ही हमारा संकल्प और विकास हमारी प्राथमिकता : जोशी

- वार्ड संख्या 5, 16 और 19 के नागरिकों ने पालिका अध्यक्ष से की आत्मीय भेंट, समस्याओं के त्वरित समाधान का मिला आश्वासन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** नगर पालिका परिषद खटीमा के कर्मठ अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी से वार्ड संख्या 5, 16 एवं 19 के सम्मानित नागरिकों ने आत्मीय भेंट की। इस मुलाकात के दौरान क्षेत्रवासियों ने पालिका अध्यक्ष को अपने-अपने वार्डों की विभिन्न मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए संबंधित विषयों के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनसेवा ही हमारा संकल्प है और विकास ही हमारी प्राथमिकता है। वह निरंतर नगर के विकास, जनकल्याण एवं मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने वार्डवासियों द्वारा बताई गई सभी समस्याओं को शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिलाया। वहीं वार्डवासियों ने कहा कि अध्यक्ष जोशी के जनसरोकारों के प्रति संवेदनशीलता एवं सकारात्मक कार्यशैली के कारण क्षेत्रवासियों में उनके प्रति विशेष विश्वास एवं सम्मान का भाव देखने को मिलता है। नागरिकों ने अध्यक्ष के जनहितकारी प्रयासों एवं विकास कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभासद पति अनु धारीयाल, विजय कुमार, राजेंद्र सावंत, नारायण बिष्ट, सुरेश कोहली, मोहन सिंह, मुन्नी देवी आदि मौजूद थे।

# घातक चाइनीज मांझे पर जल्द बनेगा सख्त कानून, पीड़ितों को मुआवजे का भी प्रावधान

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** घातक चाइनीज मांझे पर रोक लगाने के लिए प्रदेश सरकार जल्द सख्त कानून लाएगी। नए कानून में निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध के साथ पीड़ितों को मुआवजे का प्रावधान भी होगा। हाईकोर्ट ने सरकार को कार्रवाई तेज करने और लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।




उत्तर प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ को बताया है कि कांच के कणों से युक्त घातक चीनी मांझा के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाने के लिए जल्द ही सख्त कानून लाया जाएगा। सरकार ने यह भी कहा कि नए कानून में पीड़ितों को मुआवजा देने का प्रावधान भी किया जाएगा। प्रस्तावित कानून का नाम 'उत्तर प्रदेश घातक मांझा (निर्माण, बिक्री और उपयोग निषेध) अधिनियम' रखा जा सकता है।

न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ को राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि पुलिस अधिनियम में आवश्यक संशोधन पर भी विचार चल रहा है। साथ ही, चीनी मांझा के खिलाफ हाल ही में विशेष अभियान भी चलाया गया था।

यह जानकारी एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दी गई, जिसमें प्रदेश में चीनी मांझा के आयात, बिक्री और उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। राज्य सरकार की दलीलों पर गौर करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि प्रस्तावित अधिनियम पर विचार-विमर्श में तेजी लाई जाए।

अगली सुनवाई से पहले इसे ठोस रूप दिया जाए। अदालत ने कहा कि इस अवैध और खतरनाक प्रथा को रोकने के लिए लगातार और नियमित प्रयास जरूरी हैं। साथ ही, लोगों को मांझे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना भी आवश्यक है।

11 मई को हुई पिछली सुनवाई में पतंग और पारंपरिक सामग्री के व्यापारियों की ओर से हस्तक्षेपकर्ता अधिवक्ता एसएमएच रिजवी ने कहा था कि चीनी मांझा के खिलाफ अभियान की आड़ में गैर-हानिकारक पारंपरिक सामग्री भी जब्त की जा रही है और व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है।

इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि केवल अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और वैध व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। हालांकि, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पतंग और उससे संबंधित सामान बेचने वाले व्यापारियों को निरीक्षण और जांच में प्रशासन का सहयोग करना होगा।

# क्यूआरकोड बैनर का उद्घाटन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** सिविल न्यायालय परिसर में लगाए गए क्यूआरकोड के बैनरों का लोकार्पण एडीजे अंजलि नौलियाल विधिक सेवा प्राधिकरण ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ता पीएलवी एवं आम जनता को संबोधित करते हुए इन कर क्यूआर कोड के लाभ से अवगत कराया गया।

विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष तिवारी ने डेमो करके दिखाया। उन्होंने ओके गूगल लेंस से क्यूआर स्कैन करने की कानूनी जानकारियां मोबाइल के माध्यम से दिए जाने की जानकारी दी। पारिवारिक न्यायालय में जय श्री मनमोहन सिंह एवं बार एसोसिएशन अध्यक्ष सूरज राणा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट एसीजे एम त्रिच्छा रावत, जेएम प्रकाश चंद अधिवक्ता, हरजिंदर सिंह कल्सी, पीसी पंत, त्रिलोक सिंह बिष्ट, इलियास सिद्दीकी, चंचला सिंह, स्नेहा प्रभार, एडवोकेट नालियाल, ममता शर्मा, केडी भट्ट, साबिर हुसैन, राम बच्चन, अखिल अहमद, कविंद्र सिंह कफलिया, भारत पांडे, साबिर हुसैन, पीएलवी विमल कुमार, आरबीसी राणा, प्रभु दयाल, भगवती राणा, गीता शर्मा, लाल सिंह, पिंकी राणा, माया देवी आदि मौजूद थें।

# खटीमा सहकारी समिति में इस्तीफा चुनाव प्रक्रिया पर लगाए गंभीर आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** सहकारी क्रय-विक्रय समिति लि० खटीमा की प्रबंध समिति सदस्य पूजा पाण्डेय ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव को भेजे त्यागपत्र में चुनाव प्रक्रिया में भारी धांधली होने का आरोप लगाया है। ग्राम छिनकी निवासी पूजा पाण्डेय, पत्नी राम पाण्डेय ने अपने पत्र में कहा है कि वह सहकारी क्रय-विक्रय समिति की निर्वाचित सदस्य हैं, लेकिन चुनाव प्रक्रिया में हुई कथित अनियमितताओं से आहत होकर अब प्रबंध समिति का हिस्सा नहीं रहना चाहतीं। उन्होंने अपने त्यागपत्र में तत्काल प्रभाव से इस्तीफा स्वीकार कर अग्रिम कार्रवाई करने की मांग की है। इस्तीफा पत्र 19 मई 2026 को निर्वाचन अधिकारी/सचिव, सहकारी क्रय-विक्रय समिति लि० खटीमा को सौंपा गया। इस घटनाक्रम के बाद सहकारी समिति के चुनाव और कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

# सहकारी गेहूं खरीद में सहारनपुर अव्वल, टॉप थ्री में झांसी-जालौन; यूपी में हुई 61.20 लाख क्विंटल खरीद

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** यूपी में सहकारी गेहूं खरीद में सहारनपुर अव्वल है। वहीं झांसी-जालौन टॉप थ्री में हैं। प्रदेश में 61.20 लाख क्विंटल खरीद हुई। 1,748 करोड़ रुपये से अधिक भुगतान किया गया।

उत्तर प्रदेश की सहकारी समितियों की ओर से पिछले साल की तुलना में खोले गए गेहूं खरीद केंद्रों की संख्या भले ही कम है लेकिन इसके बावजूद खरीद का प्रदर्शन पिछले साल की अपेक्षा काफी बेहतर है। प्रदेश में सर्वाधिक खरीद करने वाले जिलों में सहारनपुर पहले स्थान पर रहा है। यहां 81 क्रय केंद्रों के जरिए 2.39 लाख क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है। सबसे कमजोर प्रदर्शन हापुड़ का रहा है। वहां कुल 20,990 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है।

देश में कुल 3799 सहकारी क्रय केंद्र संचालित किए गए हैं। सरकार ने 145.50 लाख क्विंटल खरीद का लक्ष्य तय किया है, जिसके सापेक्ष अब तक 42 प्रतिशत खरीद पूरी हो चुकी है। गेहूं खरीद मामले में झांसी 2.17 लाख क्विंटल खरीद के साथ दूसरे और जालौन 2.03 लाख क्विंटल के साथ तीसरे स्थान पर रहा। सीतापुर में 1.88 लाख क्विंटल और मथुरा में 1.71 लाख क्विंटल गेहूं की खरीद दर्ज की गई है।

किसानों को 1,582.84 करोड़ रुपये भुगतान देय है, जबकि 1,748.25 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इस अभियान से 1.26 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश स्तर पर सहकारी एजेंसियों ने अब तक 61.20 लाख क्विंटल गेहूं की खरीद की है। सहकारी गेहूं खरीद में संत रविदास नगर सबसे पीछे लखनऊ। सहकारी क्षेत्र में गेहूं खरीद अभियान के दौरान कई जिलों में खरीद की रफ्तार बेहद धीमी रही।

# ऑपरेशन प्रहार' के तहत खटीमा पुलिस को सफलता जानलेवा हमले में नामजद दो सगे भाई गिरफ्तार



जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत खटीमा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से जानलेवा हमले के मामले में नामजद दो सगे भाइयों सचिन रघुवंशी और आकाश रघुवंशी उर्फ संदीप रघुवंशी (निवासी वार्ड नंबर 14, पंजाबी कॉलोनी, खटीमा) को गिरफ्तार किया है। बाजार चौकी प्रभारी जीवन सिंह चुफाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बीते कल सोमवार की रात करीब 9:40 बजे दोनों आरोपियों को दबोचा। पुलिस ने आरोपी आकाश रघुवंशी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चारपाई का खून से सना लकड़ी का डंडा भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 146/2026 (बीएनएस) के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में कांस्टेबल ईशाक मोहम्मद और ललित सिंह कन्याल शामिल रहे।

**वारदात** एक ही रात में तीन दुकानों में सेंधमारी, खटीमा में चोरी की वारदातों से व्यापारियों में आक्रोश

# व्यापार मंडल अध्यक्ष की दुकान से 9 लाख चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय







**खटीमा।** नगर में चोरों ने एक ही रात में व्यापार मंडल अध्यक्ष समेत तीन व्यापारियों की दुकानों में सेंधमारी कर लाखों रूपयों की नगदी उड़ा ली। नगर में तीन दुकानों में हुई चोरी से नगर में हड़कंप मच गया। पुलिस ने चोरी की घटनों की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मंगलवार को फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और तीनों दुकानों में बारीकी से साक्ष्य जुटाने का कार्य शुरू किया। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने दुकानों के अंदर और आसपास से फिंगर प्रिंट, फुटप्रिंट और अन्य तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए। टीम ने उन स्थानों का भी निरीक्षण किया जहां से चोर दीवार और छत काटकर अंदर घुसे थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। सोमवार देर रात्रि चोरों ने मेलाघाट रोड स्थित व्यापार मंडल अध्यक्ष व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल की मोबाइल कम्युनिकेशन दुकान, संजय इलेक्ट्रानिक, किशनलाल जनरल स्टोर में सेंधमारी कर लाखों रूपयों की नगदी चोरी कर ले गए। मंगलवार की सुबह व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल दुकान का शटर खोलकर अंदर पहुंचे तो देखा गल्ले की दोनों दराजे खुली थी, उनके लॉक टूटे थे तथा उसमें रखे बिक्री की रकम के लगभग नौ लाख रूपये की नगदी गायब थी। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोर रात्रि में दुकान की छत पर मुमटी काटकर दुकान के अंदर घुसे है।

वहीं चोरों ने संजय इलेक्ट्रानिक से दुकान के गल्ले में रखे पांच हजार व किशनलाल जनरल स्टोर के गल्ले में रखे दो हजार रूपये चोरी कर ले गए। चोरी की घटना की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकानों का निरीक्षण कर जायजा लिया। नगर क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में भारी आक्रोश है। व्यापारियों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और जल्द खुलासे की मांग की है। व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस में तहरीर सौंपकर रिपोर्ट दर्ज कर चोरी के खुलासे की मांग की है। कोतवाल विजेंद्र शाह ने बताया कि चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए कई टीमों को लगाया गया।

# बरेली जल निगम के तीन इंजीनियर निलंबित, दो कंपनियां ब्लैकलिस्ट

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** बरेली में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी गिरने के मामले में सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। जल निगम (ग्रामीण) बरेली की अधिशासी अभियंता कुमकुम और दो जूनियर इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया है। आउटसोर्सिंग के माध्यम से तैनात दो सहायक अभियंताओं की सेवा भी समाप्त कर दी गई है। दोनों निर्माण एजेंसियों एनसीसी लिमिटेड और थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन (टीपीआई) एजेंसी बीएलजी कंस्ट्रक्शन सर्विसेज को ब्लैकलिस्ट कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

चार मई को बरेली के आलमपुर जाफराबाद विकासखंड में निर्माणाधीन पानी की टंकी गिर गई थी। इसके बाद शासन ने मामले की जांच के लिए समिति गठित की थी। प्राथमिक जांच रिपोर्ट में निर्माण और निगरानी में गंभीर लापरवाही सामने आई। जिसके बाद जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। शासन ने स्पष्ट किया है कि ब्लैकलिस्ट अवधि के दौरान एनसीसी लिमिटेड और बीएलजी कंस्ट्रक्शन सर्विसेज को कोई नया सरकारी कार्य नहीं दिया जाएगा।

#### पांच प्रतिशत जुर्माना भी लगाया

निर्माण एजेंसी एनसीसी लिमिटेड पर योजना लागत का पांच प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। साथ ही कंपनी को अपने खर्च पर नई पानी की टंकी का निर्माण कराना होगा। वहीं टीपीआई एजेंसी बीएलजी कंस्ट्रक्शन सर्विसेज पर एक प्रतिशत पेनाल्टी लगाई गई है। बीएलजी कंस्ट्रक्शन के बरेली प्रभारी को भी तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है।

## एक नजर

### विदेश भेजने के नाम पर हजारों रुपये ठगे

**पूरनपुर।** विदेश भेजने के नाम पर युवक से हजारों की ठगी कर ली गई। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव करनापुर निवासी सतनाम सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के ही लौकाई फार्म निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी से उसकी मुलाकात हुई। दो जुलाई 2025 को विदेश भेजने के नाम पर उससे 50 हजार रुपये ले लिए। रुपये ऑनलाइन यूपीआई के जरिए दिए थे। तीन माह के अंदर काम नहीं होने पर पैसे देने की बात कही। पीड़ित ने बताया लगभग छह माह बीत जाने के बाद भी जब उसका वीजा नही आया तो उसने हरप्रीत से अपनी रकम वापस मांगी, लेकिन उक्त टाल मटोल करता रहा। कुछ दिन बाद मोबाइल फोन बंद कर लिया। पीड़ित ने बताया कुछ दिन पहले जब उसकी हरप्रीत से फोन पर बात हुई तो उसने राजनीतिक पकड़ बताते हुए पैसे देने से इन्कार कर दिया व फोन पर गाली गलौज करने लगा। दोबारा पैसे मांगने पर जान से मारने की भी धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित सतनाम सिंह की तहरीर के आधार ठगी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने वताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। जिसकी विवेचना शुरू कर दी गई है।

# तेल की किल्लत: पेट्रोल पंपों पर 'नो स्टॉक', उपभोक्ता परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गर्मी के इस सीजन में आम जनता को एक और बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के कई मुख्य ईंधन स्टेशनों (पेट्रोल पंपों) पर पेट्रोल का स्टॉक अचानक खत्म होने से उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। आलम यह है कि पेट्रोल पंप संचालक मशीनों पर 'पेट्रोल नहीं है' के पर्चे चिपकाकर ग्राहकों को वापस लौटा रहे हैं।

स्थानीय स्तर से सामने आई तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि पेट्रोल पंप की मुख्य मशीनों पर हाथ से लिखा हुआ नोटिस "पेट्रोल नहीं है" चिपका दिया गया है। ऐसे में अपनी गाड़ियों में तेल भरवाने पहुँच रहे दुपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को भारी निराशा का सामना करना पड़ रहा है। एक तो भीषण गर्मी ऊपर से पेट्रोल ढूंढने के लिए एक पंप से दूसरे पंप के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। कई जगह सिर्फ डीजल ही उपलब्ध है, जिससे पेट्रोल गाड़ियों वाले बीच रास्ते में फंसने को मजबूर हैं।



खाली पड़ा पेट्रोल पंप। -जागरण मोर्चा

### आपूर्ति ठप होने की आशंका

सूत्रों के मुताबिक, मुख्य डिपो से तेल की सप्लाई में आ रही रुकावट या अचानक बढ़ी मांग के चलते यह स्थिति पैदा हुई है। हालांकि, डीजल की मशीनें सुचारू रूप से काम कर रही हैं, लेकिन पेट्रोल खत्म होने से सबसे ज्यादा असर रोजमर्रा दफ्तर और काम पर निकलने वाले आम लोगों पर पड़ा है। स्थानीय प्रशासन और तेल कंपनियों से जनता ने मांग की है कि इस किल्लत को जल्द से जल्द दूर किया जाए ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।



शिवशक्ति पेट्रोल पंप पर हुई तेल की खपत, नहीं मिल रहा है लोगों को तेल।

## बहन के घर गए भाईयों को पीटा, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** बहन के घर गए दो भाईयों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव आनंदपुर उर्फ भगवंतापुर निवासी सूरजमुखी ने बताया कि उसने अपनी पुत्री गायत्री की शादी क्षेत्र के कंजाखेड़ा निवासी राजेश सिंह के साथ की थी। शादी के बाद से ही उसकी पुत्री से ससुराली घरेलू खर्च के लिए उससे रुपये मांग रहे हैं। मना करने पर उसको प्रताड़ित किया जाता है। दस मई को उसका पुत्र संजीव पीडित की नितिन सोनम को उसकी पुत्री गायत्री के घर छोड़ने बाइक से गया था। वहां पर पहुंचकर संजीव ने देखा कि गायत्री के साथ राजू और सियाराम मारपीट कर रहे थे। जब संजीव ने विरोध किया तो उस पर हमलावर हो गए। संजीव ने अपने भाई दिनेश सिंह को बुला लिया। जब उसका भाई आया तो संजीव के साथ आरोपी मारपीट कर रहे थे। जब बचाने का प्रयास किया तो मारा पीटा। मामले की तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वन दरोगाओं को कुचलने के प्रयास में मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

### शेरपुरकला की ओर से आ रही थी शीशम की लकडी

**पूरनपुर।** शीशम की लकड़ी काटकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से लाने की सूचना पर पहुंचे वन दरोगाओं को जान से मारने की नीयत से कुचलने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के शेरपुरकलां की ओर से रविवार की देर रात अवैध रूप से शीशम की लकड़ी काटकर असलम खां की डिपो पर लाने की सूचना मुखबिर की जरिए वन बिभाग को मिली थी। जिस पर बन दरोगा सुरजीत सिंह व आशीष दोनों शेरपुर रोड पर सिमरिया मोड़ के पास पहुंचे। इसी दौरान शेरपुर की ओर से आ रही शीशम की लकड़ी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को दोनों ने रोकना चाह,जिस पर चालक ने वन दरोगाओं को जान से मारने की नीयत से तेजी से उन पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया, बचकर शेरपुर रोड पर असलम खां के डिपो पर ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे-पीछे वहां पहुंचे। पहले से मौजूद 20-25 लोगों ने वन दरोगाओं के लकड़ी के अभिलेख मांगने पर गाली-गलौज की और उनकी पिटाई पर आमादा हो गए। ट्रॉली पर लदी लकड़ी को टाल पर उतार कर आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग गए। वन दरोगा सुरजीत कुमार की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने शेरपुरकलां के असलम खां,छोटे खां और ट्रैक्टर चालक के खिलाफ जान से मारने की नीयत से ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाने की कोशिश,गाली-गलौज कर मारपीट पर आमादा होने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने सहित कई धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है। दूसरी ओर सूचना पर सामाजिक वानिकी की टीम मौके पर पहुंची। सामाजिक वानिकी के रेंजर सरवन लाल ने बताया कि लकड़ी कब्जे में ले ली है। टाल स्वामी सहित अन्य के खिलाफ केस किया है। लकड़ी कहां से काटकर लाई गई। इसकी जांच कराई जा रही है।

# पीलीभीत में 20 मई को खुली रहेंगी दवा दुकानें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद पीलीभीत के दवा व्यापारियों की प्रतिनिधि संस्था केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने बुधवार को प्रस्तावित दवा व्यापार बंदी का विरोध करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संस्था ने स्पष्ट किया कि जनहित और मरीजों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले की सभी थोक एवं फुटकर दवा दुकानें पूरी तरह खुली रहेंगी।


अध्यक्ष अनिल अरोड़ा।

एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल अरोड़ा ने कहा कि "भीषण गर्मी और आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दवा दुकानें बंद होने से आम जनता, बुजुर्गों और गंभीर मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ सकती है। इसलिए 20 मई को जिले की दवा दुकानें बंद नहीं होंगी और मरीजों को निर्बाध रूप से दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।" एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि दवा व्यापार केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि समाज सेवा और लोगों के जीवन से जुड़ा आवश्यक कार्य है। गंभीर परिस्थितियों में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना दवा व्यापारियों की नैतिक जिम्मेदारी है। संस्था ने जिलाधिकारी से मांग की कि 20 मई को किसी भी दवा व्यापारी की दुकान को जबरन बंद न कराया जाए। यदि कोई संगठन, समूह या व्यक्ति दबाव बनाकर या भय का माहौल तैयार कर आवश्यक सेवाओं को बाधित करने का प्रयास करता है, तो उसके खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए।


ज्ञापन के साथ केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के लोग। -जागरण मोर्चा

इस दौरान महासचिव मनोज जायसवाल, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, संरक्षक प्रमोद जिंदल, दिलीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष कमल भल्ला, संयुक्त सचिव प्रिंस जिंदल, संगठन सचिव विनय अग्रवाल, अमित अवस्थी, मुकेश जिंदल, वंशज अग्रवाल, विकास अवस्थी, संजय भल्ला, आकाश सिन्हा, पुष्पेंद्र, ऋषभ समेत बड़ी संख्या में दवा व्यापारी मौजूद रहे।

## गुरुद्वारा कमेटियों ने लगाया ठगी का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** थाना हजारा क्षेत्र की दो गुरुद्वारा कमेटियों ने एक व्यक्ति पर धोखाधड़ी, गबन और धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज गुरुद्वारा कमेटी का आरोप है कि आरोपी ने पंजीकरण के नाम पर 20 हजार हड़प लिए। पैसे मांगने पर उसने निशान साहिब उखाड़ने की धमकी दी। ग्रामीणों का आरोप है कि 17 मई को गुरुद्वारे में आग भी लगवाई गई। वहीं सिंह सभा नानक नगरी बैल्हा कमेटी ने आरोपी पर गोलक के 18,422 गबन करने का आरोप लगाया है। थाना हजारा में सुनवाई न होने पर पीड़ितों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# टाह पौटा प्रा.वि. में मेधावी सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधानाध्यापक डॉ. विभव सक्सेना ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। साथ ही 6 से 14 वर्ष तक के विद्यालय न जाने वाले बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश कराने के लिए जागरूक किया गया।

बैठक में निपुण भारत मिशन, विद्यार्थियों की पढ़ाई और ग्रीष्मकालीन अवकाश में घर पर नियमित अध्ययन को लेकर चर्चा हुई। अभिभावकों के मोबाइल में दीक्षा और रीड अलांग एप इंस्टॉल कर उनके उपयोग की जानकारी भी दी गई। विद्यालय की शैक्षणिक एवं भौतिक सुविधाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान अप्रैल और मई माह में सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जैव विविधता दिवस पर आयोजित कला, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता तथा भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए प्रधानाध्यापक व स्टाफ की प्रशंसा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अंजना शुक्ला, प्रगति धामी, प्राज्ञी अग्रवाल और ममता देवी का विशेष योगदान रहा।



टाह पौटा के विद्यालय में पुरस्कार पाकर खुश होते बच्चे। -जागरण मोर्चा

# चिंता: अतिक्रमण से बाढ़ का खतरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के नगर अध्यक्ष वीरेंद्र रस्तोगी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर शहर में बढ़ते अवैध अतिक्रमण और नालों पर कब्जों के कारण उत्पन्न हो रहे बाढ़ के खतरे पर चिंता जताई। रालोद नेताओं ने स्थानीय अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और आदेशों की अनदेखी के आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि राम स्वरूप पार्क के पास सड़क किनारे स्थायी दुकानें लगाकर अवैध कब्जा किया गया है। आरोप है कि नगर पालिका के नजूल प्रभारी संतोष सक्सेना कथित रूप से अतिक्रमणकारियों से वसूली कर कार्रवाई रोक रहे हैं। साथ ही दुकानदारों पर बिजली चोरी के भी आरोप लगाए गए। रालोद ने शहर में हर साल होने वाले जलभराव के लिए नालों पर किए गए अवैध निर्माणों को जिम्मेदार बताया। ज्ञापन में कहा गया कि स्टेशन रोड स्थित विशाल टाकीज के पास बड़े नाले को पाटकर उसकी चौड़ाई कम कर दी गई है तथा नालों के ऊपर अवैध निर्माण होने से सफाई कार्य बाधित हो रहा है, जिससे मामूली बारिश में भी शहर जलमग्न हो जाता है। रालोद नेताओं ने मांग की कि अवैध अतिक्रमण हटाकर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए, नालों की पैमाइश कर उन्हें दोबारा चौड़ा कराया जाए तथा नालों पर बने अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया जाए। इसके अलावा नजूल भूमि और नालों पर कब्जा करने वालों पर भू-माफिया अधिनियम के तहत कार्रवाई की भी मांग की गई।


अवैध कब्जे को लेकर डीएम को ज्ञापन देते राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ता।

## बाइक टकराने को लेकर युवक पर किया हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पूरनपुर रेलवे स्टेशन के पास सोमवार देर रात बाइक टकराने के विवाद में आधा दर्जन लोगों ने एक दुकानदार युवक को घेरकर बेरहमी से पीट दिया।

पीड़ित सोमवार रात अपने पिता की दुकान पर जा रहा था, तभी रास्ते में हल्की टक्कर होने पर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दूसरे पक्ष के करीब छह लोगों ने युवक पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। युवक की पिटाई से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# वेतन न मिलने से संविदा कर्मचारियों में आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश ने मार्च 2026 से लंबित वेतन के तत्काल भुगतान की मांग को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से मिशन निदेशक को ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 25 मई तक उनका बकाया मानदेय जारी नहीं किया गया, तो वे लखनऊ में उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के आवास का शांतिपूर्ण घेराव करेंगे।

ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले कई महीनों से संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की फीस और इलाज का गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। लगातार स्वास्थ्य सेवाएं देने के बावजूद समय पर भुगतान न होने से कर्मचारियों में भारी रोष है।संघ ने वेतन भुगतान के साथ-साथ संविदा व आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए एक स्थायी नीति बनाने की मांग की है। इसमें हर महीने तय तारीख पर वेतन देने, न्यूनतम मानदेय 14 हजार रुपये करने, समान कार्य के लिए समान वेतन, ईपीएफ (EPF), ग्रेच्युटी और स्वास्थ्य बीमा जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधे जिला एवं राज्य स्वास्थ्य समिति में समायोजित करने तथा नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई है।


सीएमओ को ज्ञापन देते एनएचएम के संविदा कर्मी। -जागरण मोर्चा

▶ 25 मई तक वेतन न मिलने पर डिप्टी सीएम आवास घेरेंगे कर्मचारी

### एनएचएम कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

**पूरनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने 3 महीने से मानदेय न मिलने पर मंगलवार को बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सुबह ड्यूटी के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताया। अकील, हरीश, अंकित और ठाकुरदास सहित प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से वेतन में हो रही देरी से उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। मानदेय न मिलने से परिवार का भरण-पोषण करना, बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि उच्चाधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराने के बाद भी कोई ठोस समाधान नहीं निकला। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 20 मई तक मानदेय का नियमित भुगतान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### आरक्षण और भर्ती घोटाले का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**पूरनपुर।** पिछड़ा दलित वर्ग महासंघ ने आरक्षण व्यवस्था और भर्ती प्रक्रिया में घोटाले का आरोप लगाते हुए तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उनका आरोप है कि नियमों की अनदेखी कर पिछड़ों और दलितों का हक मारा जा रहा है, जिससे पारदर्शिता खत्म हो रही है। संतराम विश्वकर्मा और महेश पाल सहित अन्य नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।




000 फाइनल में पहुंचे भाजपा विधायक वावूराम पासबान

# पिपरिया मझरा में क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया मझरा में मंगलवार को स्वर्गीय कारज सिंह वड़ैच जी की पावन स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन उत्साह और खेल भावना के माहौल में हुआ।

फाइनल मुकाबले के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने शामिल होकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया और विधिवत फाइनल मैच का शुभारंभ कराया। इस दौरान मैदान में मौजूद दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान दोनों फाइनलिस्ट टीमों के खिलाड़ियों का परिचय कराया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। टॉस के बाद फाइनल मुकाबले की शुरुआत हुई, जिसमें दोनों टीमों ने शुरुआत से ही शानदार प्रदर्शन किया। मैच के दौरान दर्शकों में भी भारी उत्साह देखने को मिला। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और हर चौके-छक्के पर मैदान तालियों और नारों से गूंज उठा। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय कारज सिंह वड़ैच जी की स्मृति में आयोजित यह टूर्नामेंट न केवल उनकी स्मृतियों को जीवंत रखता है।

बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का भी एक महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे आयोजन युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाते हैं और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर हरजीत सिंह वड़ैच, बलजिंदर सिंह,नरवैल सिंह, दिलबाग सिंह, इंद्रजीत सिंह, रजनीश कुमार, राजकुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


परिचय प्राप्त करते विधायक वावूराम पासबान। -जागरण मोर्चा


वाहनों की नीलामी करते हुए वन विभाग। -जागरण मोर्चा

# 15 वाहनों की नीलामी से विभाग को मिला 6.68 लाख का राजस्व

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन अपराधों में जब्त और निष्प्रयोज्य 15 सरकारी वाहनों की सार्वजनिक नीलामी से विभाग को 6.68 लाख का राजस्व मिला है।

यह नीलामी प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह की अध्यक्षता में गठित समिति, सिटी मजिस्ट्रेट और परिवहन विभाग के अधिकारियों की निगरानी में हुई। नीलामी में कुल 16 वाहन शामिल थे, जिनका गोपनीय अनुमानित मूल्य 5,14,300 तय किया गया था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण 15 वाहनों की सफल नीलामी हुई, जिससे विभाग को अनुमान से अधिक आय हुई। वहीं, एक वाहन की बोली निर्धारित राशि तक न पहुंचने पर उसे रोक दिया गया।

# डेढ़ करोड़ का मैटरनिटी विंग अब महज शोपीस

## देखरेख के अभाव में कबाड़ हो रही तीन मंजिला इमारत, दस साल बाद भी न डॉक्टर, न स्टाफ न ही उपकरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वज़ीरगंज।** दस वर्ष पूर्व लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से सीएचसी परिसर में बना मैटरनिटी विंग महज शो पीस बनकर रह गया है, हॉस्पिटल में अभी तक न तो डॉक्टर और स्टाफ की तैनाती की गई है न ही मेडीकल उपकरण सहित कोई सामान ही आया है। खाली पड़ी इमारत में सीएचसी की एएनएम तथा नर्स महिलाओं को चिकित्सीय सुबिधा उपलब्ध कराने की मात्र औपचारिकता ही निभा रही हैं।जबकि उचित देखरेख के अभाव में तीन मंजिला इमारत कबाड़ होती जा रही है।



वज़ीरगंज सीएचसी परिसर में बनी मैटरनिटी विंग की इमारत। -जागरण मोर्चा



कमरों में जमा कूडा तथा कबाड़। -जागरण मोर्चा



जर्जर हो रहे इलेक्ट्रिक उपकरण। -जागरण मोर्चा

महिलाओं को प्रसव के साथ अन्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सपा शासन में स्थानीय सीएचसी परिसर में 30 बेड का मैटरनिटी विंग का निर्माण कराया गया था, कार्यदायी संस्था ने भवन का निर्माण तो कर दिया मगर बिल्डिंग में लिफ्ट काफी समय बाद लगाई वह भी कभी चली ही नही, खराब लिफ्ट को ही हैंडओवर कर दिया गया। लगभग डेढ़ करोड़ रु0 की लागत से बने सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त तीन मंजिल मैटरनिटी विंग का 31 अगस्त 2016 को तत्कालीन कमिश्नर प्रमांशु तथा डी0एम0 सीपी त्रिपाठी द्वारा औपचारिक उद्घाटन किया गया था, इस दौरान कमिश्नर ने उपस्थित लोगों को हॉस्पिटल में सभी आवश्यक उपकरणों के अलावा विशेषज्ञ महिला एवं बाल रोग चिकित्सक सहित समूचे स्टॉफ की शीघ्र तैनाती कराने का आश्वासन भी दिया था, मगर उद्घाटन के दस वर्ष बाद भी इस विंग में अभी तक चिकित्सक और स्टॉफ तो दूर आवश्यक मेडिकल उपकरण तक नहीं आये हैं, इस विंग में सीएचसी का जो स्टॉफ कार्य कर भी रहा है उसके पास भी जरूरी उपकरण नही है, सीएचसी के पुराने बेड, गद्दे डालकर ही इलाज की औपचारिकता निभाई जा रही है, महिला चिकित्सक के अभाव में एएनएम तथा नर्सों द्वारा ही प्रसव कराया जाता है, कोई भी समस्या आने पर मरीज को तुरंत रेफर कर दिया जाता है। स्थानीय सी0एच0सी0 पर विगत लगभग छह माह पूर्व एक महिला चिकित्सक डॉ0 शालिनी गौतम की तैनाती भी की गई जो सिर्फ सी0एच0सी0 की ओ0पी0डी0 ही देखती हैं, मैटरनिटी विंग में नही बैठती हैं जिसकी वजह से विंग पर आने वाली महिलाओं को चिकित्सकीय सुविधाएं नही मिल पाती हैं, मैटरनिटी विंग में महिलाओं की जो भी डिलीवरी होती है वह ए एन एम और नर्स ही करती हैं, महिला चिकित्सक होने के बाबजूद उन्होंने कभी कोई डिलीवरी नही की।

मैटरनिटी विंग में विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सभी आवश्यक मेडीकल उपकरण के लिए समय समय पर सीएचसी प्रभारियों द्वारा स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखे जा चुके हैं, वर्तमान चिकित्सा प्रभारी डॉ0 राजकुमार द्वारा भी विभाग को पत्र भेजकर विंग के लिए डॉक्टर तथा उपकरणों की मांग की गई मगर परिणाम वही ढाक के तीन पात, किसी ने भी इस ओर कोई ध्यान नही दिया, परिणाम स्वरूप महिलाएं चिकित्सा सुविधा से तो महरूम है ही, देखरेख के अभाव में डेढ़ करोड़ की बिल्डिंग भी कबाड़ होती जा रही है। जगह जगह से प्लास्टर उखड़ रहा है , दरवाजे जाम हो रहे हैं, विजली के बोर्ड टूटे पड़े हैं हर तरफ गंदगी जमा हो रही है। इस संबंध में बात करने पर सी0एच0सी0 प्रभारी डॉ0 राजकुमार ने बताया की महिला चिकित्सक की नियुक्ति बांड पर हुई है, वह सी0एच0सी0 पर ओ पी डी देखती हैं वह डिलीवरी करने में असमर्थ हैं, जिसके विषय मे वह स्वयं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अवगत भी करा चुके हैं।

# हत्या के प्रयास के आरोपी फरार, पुलिस पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चार माह बाद भी कार्रवाई नहीं, आरोपी खुलेआम दे रहे धमकी**

**बदायूं।** कोतवाली दातागंज क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक गंभीर मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गांव प्रसिद्धपुर निवासी राहुल पुत्र रामवीर सिंह ने आरोप लगाया है कि 20 जनवरी 2026 को उसके पिता रामवीर सिंह पर गांव के ही जसवीर सिंह, आराम सिंह और उदयभान सिंह ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। गोली पास से निकल गई, जिसके बाद आरोपियों ने लाठी-डंडों और बल्लम से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावर उन्हें मृत समझकर मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद पीड़ित ने डायल 112 और एम्बुलेंस की मदद से अपने पिता को दातागंज अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल और फिर बरेली के राममूर्ति मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया, लेकिन आरोप है कि इसके बाद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

**पुलिस पर समझौते का आरोप, न्याय के लिए भटक रहा पीड़ित**

कोतवाली पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत कर आर्थिक समझौते का आरोप लगा है। पीड़ित राहुल के अनुसार, पुलिस ने आरोपी आराम सिंह को हिरासत में लेकर छोड़ दिया। अब आरोपी खुलेआम जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार खौफ में है। न्याय न मिलने पर पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर जांच दूसरी एजेंसी से कराने की मांग की है। सोमवार को पीड़ित ने एसएसपी अंकिता शर्मा से मिलकर गुहार लगाई, जिस पर उन्होंने निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# फैजगंज नगर पंचायत में अवैध कब्जा ध्वस्त

**अवैध कब्जे पर चला बाबा का बुलडोजर, कब्जा धारकों में हड़कंप**

जागरण मोर्चा कार्यालय



अवैध कब्जे की जांच करती टीम। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** एसडीएम साई आश्रित शाखमुरी के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने नगर पंचायत फैजगंज में गौशाला एवं अन्त्येष्टि स्थल की भूमि पर किए गए भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह के नेतृत्व में पहुंची प्रशासनिक और पुलिस टीम ने सोमवार को बुलडोजर चलाया।

आईएएस साई आश्रित शाखमुरी के निर्देश पर सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराए जाने के चल रहे अभियान के क्रम में सोमवार को तहसील की राजस्व टीम और फैजगंज बेहटा पुलिस ने नगर पंचायत फैजगंज में गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना की गाटा स. 20 एवं नगर पंचायत की अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना के तहत प्रस्तावित भूमि गाटा स. 740 की भूमि को भूमाफियाओं से बुलडोजर चलाकर मुक्त कर ली है। नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह ने बताया कि गौशाला एवं अन्त्येष्टि स्थल की भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा था, जिसे प्रशासन द्वारा हटाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान राजस्व निरीक्षक शादाब अली नकवी, लेखपाल प्रताप सिंह लेखपाल लोकपाल लेखपाल मोहित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# हेपेटाइटिस-सी की जांच पर संकट, मरीजों की बढ़ी मुश्किलें

**मेडिकल कॉलेज से केजीएमयू तक सेवाएं ठप, हजारों मरीज प्रभावित**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले में हेपेटाइटिस-सी और बी जैसी गंभीर बीमारियों की जांच और उपचार व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमरा गई है। किट की भारी कमी के चलते पिछले करीब एक माह से जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस-सी की जांच बंद पड़ी है, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि अब मेडिकल कॉलेज और लखनऊ स्थित केजीएमयू ने भी सैंपल लेने से इंकार कर दिया है।

**जांच व्यवस्था ठप, मरीजों की बढ़ी चिंता**

पहले जिला अस्पताल से हेपेटाइटिस-सी के संदिग्ध मरीजों के सैंपल राजकीय मेडिकल कॉलेज और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ भेजे जाते थे, जहां उनकी जांच होती थी। लेकिन अब किट की कमी के कारण केजीएमयू ने भी सैंपल लेने से मना कर दिया है। इससे पूरी जांच व्यवस्था ठप हो गई है और मरीजों को समय पर जांच नहीं मिल पा रही है।

**चार हजार से अधिक मरीज, बढ़ता खतरा**

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में हेपेटाइटिस-बी और सी के चार हजार से अधिक मरीज हैं। इनमें से कई मरीज नियमित जांच और इलाज पर निर्भर हैं। जांच बंद होने से नए मरीजों की पहचान नहीं हो पा रही है, जबकि पुराने मरीजों की निगरानी भी प्रभावित हो रही है।

**इलाज में देरी से बिगड़ रही हालत**

विशेषज्ञों के अनुसार, हेपेटाइटिस-सी एक खतरनाक बीमारी है जो धीरे-धीरे लिवर को नुकसान पहुंचाती है। समय पर जांच और उपचार न मिलने पर मरीजों का लिवर फेल होने का खतरा बढ़ जाता है। जिले में कई मरीजों की हालत बिगड़ने लगी है, जिससे स्वास्थ्य विभाग की चिंता और बढ़ गई है।

> जांच के लिए जिला अस्पताल में सेम्पल लिए जाते हैं ।इसके उनको लखनऊ भेजा जाता है। एक महीने से किट समाप्त होने की वजह से लखनऊ में भी सेम्पल नहीं लिए जा रहे है। ज़ब तक वायरल लोड की जांच रिपोर्ट नहीं मिल जाती है तब तक मरीज को दवा नहीं दीं जा सकती। उम्मीद है कि जल्द ही किट उपलब्ध हो जिससे जांच हो सकें।
>
> -डॉ .एसएम कमल, हेपेटाइटिस विशेषज्ञ जिला अस्पताल बदायूं

**स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही उजागर**

इस पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही भी सामने आ रही है। लंबे समय से किट की कमी बनी हुई है, लेकिन इसे दूर करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि सरकार और प्रशासन को इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान देना चाहिए।

**मरीजों की मांग: जल्द शुरू हो जांच और इलाज**

मरीजों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि जल्द से जल्द किट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और जिला अस्पताल में जांच सेवाएं पुनः शुरू की जाएं। साथ ही मेडिकल कॉलेज और केजीएमयू में भी सैंपल जांच की प्रक्रिया को फिर से चालू किया जाए, ताकि मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। हेपेटाइटिस-सी जांच व्यवस्था का ठप होना स्वास्थ्य तंत्र के लिए गंभीर चेतावनी है। यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो हजारों मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती है। प्रशासन को इस मुद्दे को प्राथमिकता में लेते हुए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाने होंगे, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं पटरी पर लौट सकें।

**मेडिकल कॉलेज ने भी बंद कर दी जांच**

शासन ने राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन को हेपेटाइटिस कि जांच करने के निर्देश दिए थे, कुछ दिन जांचे कि गई लेकिन उसके बाद फिर से जांच करना बंद कर दीं। अब किट न मिलने से भरी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव महोरी में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है, जबकि ससुराल पक्ष इसे अचानक तबीयत बिगड़ने से हुई मौत बता रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी है।



पूजा का फाइल फोटो।



पोस्टमार्टम हॉउस पर गमगीन खड़े परिजन। -जागरण मोर्चा

गांव महोरी निवासी पूजा (35 वर्ष) पत्नी शेर सिंह की सोमवार शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पूजा की शादी मई 2018 में हुई थी और वह करीब आठ वर्षों से अपने ससुराल में रह रही थी। मृतका अपने पीछे दो छोटे बच्चों—एक बेटा और एक बेटी—को छोड़ गई है। घटना के बाद से ही परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका का मायका थाना बिसौली क्षेत्र के गांव पेंगा जरारे में है। मृतका के भाई पुष्पेंद्र ने आरोप लगाया कि उसकी बहन को ससुराल वालों ने मारपीट कर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि बहन के साथ पहले से ही प्रताड़ना की जा रही थी और घटना वाले दिन भी उसके साथ मारपीट की गई, जिससे उसकी मौत हो गई। इस संबंध में मायके पक्ष ने चार लोगों के खिलाफ थाना फैजगंज बेहटा में तहरीर दी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, ससुराल पक्ष का कहना है कि सोमवार शाम करीब चार बजे पूजा की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। परिजन उसे तत्काल बिसौली के एक निजी अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के जेठ प्रदीप के अनुसार, पूजा को किसी प्रकार की बाहरी चोट नहीं थी और उसकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है। थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप**

# नगरीय सुविधाओं से लाखों को लाभ

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों ने पिछले वर्षों में स्वच्छता, जलापूर्ति और जल निकासी व्यवस्था में व्यापक सुधार किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2012 से मार्च 2017 की तुलना में मार्च 2017 से दिसंबर 2025 के बीच इन योजनाओं पर बजट में भारी बढ़ोतरी की गई। स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन पर 4,636.98 लाख खर्च कर 3.69 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया। वहीं, शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए 1,884.69 लाख की लागत से 1.45 लाख नागरिकों तक पाइपलाइन पहुंचाई गई। इसके अलावा, जलभराव से मुक्ति के लिए सीवरेज कार्यों पर 2,039.12 लाख खर्च किए गए, जिससे 1.57 लाख से अधिक लोगों को जलभराव की समस्या से राहत मिली है।

# मैथिल समाज ने ऊर्जा बचाने की ली शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** मैथिल ब्राह्मण सभा बदायूं की मासिक बैठक समिति के जिला सचिव राधेश्याम शर्मा अध्यापक के आवास मोहल्ला कल्यान नगर, गली नंबर पांच में पुत्तू लाल शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

सर्वप्रथम बरेली की पूर्व न्यायिक मजिस्ट्रेट बीना शर्मा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उसके बाद कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने आय व्यय का व्योरा पेश किया और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। संगठन के जिलाध्यक्ष इंजी. नवल किशोर शर्मा ने संगठन के कार्यों की समीक्षा की और विस्तार करते हुए अशोक कुमार शर्मा को "संगठन मंत्री " और श्रेयांश आर्य को "सोशल मीडिया प्रभारी "का दायित्व प्रदान करते हुए सभी को भारत के प्रधानमंत्री मोदी की अपील की शपथ दिलाते हुए देश हित में तेल / ऊर्जा बचाने का आवाहन किया। समिति के संरक्षक ब्रह्मदेव शर्मा ने सभी को स्व जनगणना को समझाते हुए प्रेरित किया। बैठक में जिलाध्यक्ष इंजीनियर नवलकिशोर शर्मा, डॉ प्रमोद कुमार शर्मा, ब्रह्मदेव शर्मा, अनिल शर्मा फ़ौजी, अवनेश कुमार शर्मा फ़ौजी, सोमदत्त शर्मा, रोहताश शर्मा, मदन लाल शर्मा, श्रेयांश आर्य, अशोक कुमार शर्मा विजय नगर, अशोक कुमार शर्मा महाराज नगर, राधेश्याम शर्मा, पुत्तू लाल शर्मा, सीता राम शर्मा, राजपाल शर्मा, रामनरेश आदि लोग उपस्थिति रहे।

**पर्यावरण-जागरूकता** | बड़े मंगल के भंडारों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की अनूठी पहल, हनुमान चालीसा से अभिमंत्रित पौधों का भी हुआ वितरण

# बड़े मंगल पर पर्यावरण की मिसाल : पंचतत्व संस्था ने बांटे 25 हजार हरे पत्तल

जागरण मोर्चा कार्यालय




हरे पत्तल का वितरण करते संस्था के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली पंचतत्व संस्था ने बड़े मंगल के अवसर पर एक बार फिर समाज के सामने अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। संस्था की ओर से इस बड़े मंगलवार को भी लखनऊ महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 25 हजार हरे पत्तलों और करीब 2000 पौधों का वितरण किया गया। संस्था की इस पहल का उद्देश्य बड़े मंगल के अवसर पर लगने वाले भंडारों को प्लास्टिक और थर्मोकोल मुक्त बनाकर स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

बड़े मंगल के दिन राजधानी लखनऊ में जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया जाता है, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। ऐसे आयोजनों में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक और थर्मोकोल के बर्तनों का प्रयोग होता है, जिससे भारी मात्रा में कचरा उत्पन्न होता है। यही कारण है कि पंचतत्व संस्था ने इस बार बड़े मंगल को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी के साथ जोड़ते हुए एक विशेष अभियान शुरू किया है।

संस्था के संयोजक अंकित पाठक ने बताया कि मंगलवार सुबह से ही संस्था के वालेंटियर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंच गए थे और भंडारा आयोजकों के बीच हरे पत्तलों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि पहले संस्था के सदस्यों को स्वयं भंडारों तक पहुंचकर लोगों से संपर्क करना पड़ता था, लेकिन अब समय बदल रहा है और लोगों में जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि अब शहर के नागरिक और भंडारा आयोजक दो दिन पहले ही संस्था को अपनी आवश्यकता की जानकारी दे देते हैं, जिससे वितरण कार्य और अधिक व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। यह बदलाव समाज में बढ़ती पर्यावरणीय चेतना का संकेत है और यह दर्शाता है कि लोग अब अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को समझने लगे हैं। अंकित पाठक ने कहा कि पंचतत्व संस्था का प्रयास केवल पत्तलों के वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्था लोगों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए पौधारोपण के प्रति भी जागरूक कर रही है। इसी क्रम में इस बार लगभग 2000 पौधों का भी वितरण किया गया। विशेष बात यह रही कि ये पौधे हनुमान चालीसा से अभिमंत्रित बताए गए, जिससे धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि संस्था की संस्थापक वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने लगभग दो महीने पहले यह संकल्प लिया था कि इस बार बड़े मंगल के अवसर पर लगने वाले भंडारों को प्लास्टिक मुक्त बनाया जाएगा। उनका उद्देश्य केवल पत्तलों का वितरण करना नहीं बल्कि श्रद्धा और सेवा के इस पर्व को पर्यावरण हितैषी स्वरूप देना है। शिप्रा पाठक का मानना है कि यदि धार्मिक आयोजनों में छोटे-छोटे बदलाव किए जाएं तो इससे बड़े स्तर पर सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि लाखों लोगों के बीच आयोजित होने वाले आयोजनों में प्लास्टिक की जगह प्राकृतिक विकल्पों का प्रयोग हो, तो हजारों टन कचरे को रोका जा सकता है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि प्लास्टिक और थर्मोकोल की प्लेटों में गरम भोजन परोसना स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक गर्म खाद्य पदार्थ प्लास्टिक के संपर्क में आने पर रासायनिक तत्वों का प्रभाव भोजन में पहुंच सकता है, जो लंबे समय में स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है।

# बिल्सी थाने में तैनात फालवर की बीमारी से मौत, कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बिल्सी थाना क्षेत्र में तैनात पुलिस फालवर (सहायक कर्मचारी) महेश की लंबी बीमारी के बाद मंगलवार सुबह अचानक मौत हो गई। उनकी मृत्यु की खबर मिलते ही थाना परिसर सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।



महेश का फाइल फोटो।

मृतक महेश बिल्सी के ही मोहल्ला नंबर चार के निवासी थे और काफी समय से बीमार चल रहे थे, जिनका इलाज भी जारी था।परिजनों के अनुसार, मंगलवार सुबह महेश की तबीयत अचानक ज्यादा बिगड़ गई। जब तक परिवार के लोग और उनके साथी कर्मचारी उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी कर पाते, तब तक उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए।बिल्सी थाने में फालवर के पद पर कार्यरत महेश अपने सरल स्वभाव, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाने जाते थे। उनकी अचानक हुई मौत से साथी पुलिसकर्मियों में गहरा दुख है और थाना परिसर का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। पुलिसकर्मियों ने उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। थाना पुलिस ने जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# राजस्थान रॉयल्स की विकेट की आस पूरी, निकोलस पूरन लौटे पवेलियन




**नई दिल्ली।** आईपीएल-2026 के प्लेऑफ के तीन टीमें कंफर्म हो गई हैं। हालांकि, अभी एक जगह बाकी है और इसके लिए चार टीमों में टक्कर है। इसमें राजस्थान रॉयल्स का नाम भी शामिल है। राजस्थान आज अपने घर में लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ेगी। इस मैच में राजस्थान पूरी कोशिश करेगी की जीत हासिल कर प्लेऑफ की अपनी दावेदारी को पुख्ता करे। एक बार फिर सभी की नजरें वैभव सूर्यवंशी पर होंगी। इस तूफानी बल्लेबाज से निपटना लखनऊ के लिए चुनौती होगा।

मिचेल मार्श को रोकना राजस्थान के लिए मुश्किल हो रहा है। ये तूफानी बल्लेबाज अपने शतक की तरफ जाता दिख रहा है। 16 ओवरों के बाद लखनऊ का स्कोर दो विकेट के नुकसान पर 182 रन है। मार्श 77 रन बनाकर खेल रहे हैं।

यश राज ने एक बार फिर राजस्थान को सफलता दिला दी है। 13वें ओवर की दूसरी गेंद पर उन्होंने निकोलस पूरन को आउट कर दिया। पूरन ने 11 गेंदों पर 16 रन 11वें ओवर की दूसरी गेंद पर चौका मार मार्श ने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया है। मार्श का विकेट राजस्थान के लिए बेहद अहम बन गया है।

10 ओवरों का खेल खत्म हो गया है और राजस्थान को सिर्फ एक ही विकेट मिला है। लखनऊ ने एक विकेट खोकर 127 रन बना लिए हैं। मार्श के साथ निकोलस पूरन मैदान पर है। लखनऊ को पहला झटका लग गया है। नौवें ओवर की दूसरी गेंद पर यश राज की लेग स्पिन हवा में इंग्लिस को चकमा दे गई और वह बोल्ड हो गए। इंग्लिस ने 29 गेंदों पर 60 रन बनाए जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल रहे।

मार्श और इंग्लिस की जोड़ी ने राजस्थान को परेशान कर दिया है। इन दोनों ने जमकर रन बनाए हैं और आठ ओवरों में टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचा दिया है। राजस्थान को पहले विकेट की दरकार है। सातवें ओवर की पहली गेंद पर चौका मार इंग्लिस ने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया है। ये उनका इस सीजन का दूसरा अर्धशतक है। लखनऊ की पारी का पावरप्ले खत्म हो गया है। इन छह ओवरों में लखनई ने बिना विकेट खोए 83 रन बनाए हैं। इंग्लिस अपने अर्धशतक से एक रन दूर हैं। मार्श और इंग्लिस ने लखनऊ को तेज शुरुआत दी है। तीन ओवरों में ही लखनऊ ने बिना विकेट खोए 38 रन बना लिए हैं।

# ऑरेंज कैप रेस में पहुंचे सनराइजर्स के धुरंधर क्लासेन नंबर-1, अभिषेक-इशान की एंट्री




**चेन्नई।** आईपीएल 2026 के प्लेऑफ़ की रेस अब बेहद रोमांचक हो चुकी है और अब ज़िम्मेदारी उन खिलाड़ियों पर है जिन्होंने पूरे सीजन लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। यानी ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ में आगे चल रहे खिलाड़ी। सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुक़ाबले में कुछ खिलाड़ियों ने बिल्कुल वैसा ही प्रदर्शन किया।

एसआरएच के स्टार बल्लेबाज़ हेनरिक क्लासेन के पास मैचों के बीच छह दिन का अंतर था और उनकी गैरमौजूदगी में ऑरेंज कैप कई खिलाड़ियों के बीच घूमती रही। लेकिन सोमवार को वापसी करते हुए उन्होंने 26 गेंदों पर 47 रन बनाए और फिर से 555 रन के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। वह साई सुदर्शन से सिर्फ़ एक रन और शुभमन गिल से तीन रन आगे हैं। गुजरात टाइटंस (जीटी) के दोनों ओपनर अभी भी ऑरेंज कैप की दौड़ में मज़बूती से बने हुए हैं। टॉप पांच में उनके पीछे विराट कोहली (आरसीबी) 542 रन के साथ चौथे और केएल राहुल (डीसी) 533 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

वहीं क्लासेन के टीम-साथी अभिषेक शर्मा, जिन्होंने सीएसके के ख़िलाफ़ 26 रन बनाए, 507 रन के साथ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, इशान किशन ने सीएसके के ख़िलाफ़ प्लेयर ऑफ़ द मैच प्रदर्शन करते हुए 47 गेंदों पर 70 रन बनाए और इस सीज़न में अपने कुल रन 490 तक पहुंचा दिए। इसके साथ ही वह सातवें स्थान पर पहुंच गए। वहीं संजू सैमसन ने एसआरएच के ख़िलाफ़ 27 रन की पारी खेलकर पंजाब किंग्स के कूपर कॉनली और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मिचेल मार्श को पीछे छोड़ा और 477 रन के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए।

अंशुल कम्बोज एसआरएच के ख़िलाफ़ महंगे साबित हुए और अपने चार ओवरों में 46 रन दिए, लेकिन उन्होंने एक विकेट भी हासिल किया। इसी के साथ वह इस सीज़न में 20 विकेट तक पहुंचने वाले तीसरे गेंदबाज़ बन गए।

# ऑटोग्राफ मांगने पहुंचे बच्चे पर भड़के रियान पराग? वीडियो वायरल होते ही फैंस ने लगाई क्लास




**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पराग एक छोटे फैन के साथ कथित तौर पर रूखा व्यवहार करते नजर आए, जो उनसे ऑटोग्राफ मांग रहा था। वीडियो सामने आने के बाद फैंस ने उनकी आलोचना शुरू कर दी। इससे पहले भी इस सीजन पराग ड्रेसिंग रूम में वेपिंग को लेकर विवादों में रह चुके हैं।

आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक छोटा फैन उनसे ऑटोग्राफ मांगता दिखाई देता है, लेकिन पराग कथित तौर पर उसे डांटते और दूर हटाते नजर आते हैं। इस घटना के बाद क्रिकेट फैंस ने युवा खिलाड़ी के रवैये पर सवाल उठाए हैं।

वीडियो में देखा जा सकता है कि सुरक्षा कर्मियों से घिरे रियान पराग के पास एक बच्चा पहुंचता है और कहता है, 'रियान सर, प्लीज सर।' हालांकि, जब बच्चा लगातार ऑटोग्राफ की मांग करता रहा तो पराग उसे हटने के लिए कहते नजर आए। वीडियो में 'हट' शब्द भी सुनाई देता है। आसपास मौजूद अन्य लोग भी ऑटोग्राफ देने की अपील करते रहे, लेकिन बल्लेबाज बिना प्रतिक्रिया दिए आगे बढ़ गए।

वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने रियान पराग की जमकर आलोचना की। कई यूजर्स ने कहा कि क्रिकेटर सिर्फ मैदान पर नहीं, बल्कि मैदान के बाहर भी रोल मॉडल माने जाते हैं। एक यूजर ने लिखा, 'फैंस के लिए बिल्कुल सम्मान नहीं, ऐसे खिलाड़ी किसी के आदर्श कैसे बनेंगे?' वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, 'मैदान पर यही आक्रामकता दिखाते तो बेहतर होता।'

# 'मेरा शरीर कमजोर हो गया है', 2027 में खेलने को लेकर रैना के सवाल पर धोनी के जवाब से टूटा फैंस का दिल







**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज खिलाड़ी एमएस धोनी ने आईपीएल 2027 में वापसी को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसने फैंस को भावुक कर दिया। सुरेश रैना ने खुलासा किया कि जब उन्होंने धोनी से अगले सीजन खेलने की बात कही तो माही ने जवाब दिया कि उनका शरीर अब पहले जैसा नहीं रहा। दूसरी ओर, सीएसके के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने भी धोनी के भविष्य को लेकर साफ कहा कि यह फैसला टीम मैनेजमेंट को लेना है। चोट के कारण पूरे आईपीएल 2026 से बाहर रहने के बावजूद धोनी का टीम पर प्रभाव लगातार बना हुआ है।

चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस के लिए आईपीएल 2026 का सीजन काफी भावुक रहा। एक तरफ टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो गई, वहीं दूसरी तरफ एमएस धोनी पूरे सीजन चोट के कारण मैदान पर नजर नहीं आए। हालांकि, चेपॉक में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले के दौरान धोनी मैदान पर जरूर उतरे। उन्होंने टीम फोटो के लिए खिलाड़ियों के साथ समय बिताया और बाद में मैदान का चक्कर लगाकर फैंस का अभिवादन किया। इस पल ने स्टेडियम में मौजूद हजारों समर्थकों को भावुक कर दिया। इसी दौरान धोनी की मुलाकात उनके पुराने साथी और करीबी दोस्त सुरेश रैना से भी हुई, जो मैच में कमेंट्री कर रहे थे। दोनों खिलाड़ियों ने मिलकर चेन्नई सुपर किंग्स को चार आईपीएल खिताब जिताए थे और उनकी जोड़ी फ्रेंचाइजी की पहचान मानी जाती है।

स्टार स्पोर्ट्स पर बातचीत के दौरान सुरेश रैना ने खुलासा किया कि उन्होंने धोनी से अगले सीजन खेलने को लेकर बात की थी। रैना ने कहा, 'मैंने उनसे कहा- आपने आईपीएल 2026 को मिस्ड कॉल दिया है, यह गिना नहीं जाएगा। आपको अगले साल वापस आना होगा। इस पर उन्होंने कहा- मेरा शरीर थोड़ा कमजोर हो गया है।'

रैना ने आगे कहा, 'मैंने उनसे कहा कि हम यह मानने वाले नहीं हैं, आपको अगले साल खेलना ही होगा। लेकिन आखिरकार यह उनका निजी फैसला है। मुझे लगता है कि वह सकारात्मक सोच रहे हैं और टीम भी फिर से अच्छी तरह तैयार हो रही है।' धोनी के इस जवाब ने करोड़ों सीएसके फैंस को भावुक कर दिया। सोशल मीडिया पर कई प्रशंसकों ने लिखा कि माही के बिना आईपीएल की कल्पना करना बेहद मुश्किल है।

# शेयर बाजार में हरियाली, सेंसेक्स 350 अंक चढ़ा, निफ्टी 23700 के पार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर नियोजित सैन्य हमले रोकने और समझौते की संभावना जताने के बाद भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को शुरुआती कारोबार में जोरदार तेजी दर्ज की गई।

ट्रंप ने कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के अनुरोध पर यह फैसला लिया। इस खबर से निवेशकों का भरोसा बढ़ा और बाजार में सकारात्मक रुझान देखने को मिला। प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों और अदाणी समूह की कंपनियों में खरीदारी से भी बाजार को समर्थन मिला। विदेशी फंड के प्रवाह ने भी इक्विटी में सकारात्मक प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 366.71 अंक बढ़कर 75,706.88 पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 107.45 अंक की बढ़त के साथ 23,760 पर कारोबार कर रहा था।




# क्या खत्म हो गया मोहम्मद शमी का करियर वापसी तो दूर सिलेक्शन तक पर बात तक नहीं हुई




**दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक बार फिर टेस्ट और वनडे टीम से बाहर हैं। अफगानिस्तान सीरीज के लिए चुनी गई भारतीय टीम में उनका नाम नहीं होने के बाद अब उनके इंटरनेशनल करियर को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सबसे ज्यादा चर्चा टीम इंडिया के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर के बयान के बाद हो रही।

अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने साफ कहा कि इस बार शमी की टेस्ट वापसी पर कोई चर्चा ही नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मेडिकल अपडेट के मुताबिक शमी फिलहाल सिर्फ टी20 क्रिकेट खेलने की स्थिति में हैं।

अगरकर ने कहा, 'जहां तक हमें बताया गया है, इस समय उनका शरीर लंबी फॉर्मेट क्रिकेट की इजाजत नहीं दे रहा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट खेला है, लेकिन जो जानकारी हमें मिली है, उसके मुताबिक वह अभी सिर्फ टी20 क्रिकेट के लिए तैयार हैं।'

इस बयान के बाद यह सवाल और तेज हो गया कि क्या भारतीय टीम मैनेजमेंट अब शमी को टेस्ट और वनडे योजनाओं से धीरे-धीरे बाहर कर रहा है। शमी ने पिछली बार मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत के लिए खेला था। इसके बाद से वह लगातार टेस्ट और वनडे टीम से बाहर हैं। हालांकि वह घरेलू क्रिकेट और आईपीएल 2026 में लगातार खेलते रहे हैं।

आईपीएल 2026 में शमी लखनऊ सुपर जायंट्स के अहम गेंदबाजों में शामिल रहे। उन्होंने 12 मैचों में 10 विकेट लिए और कई मुश्किल मौकों पर गेंदबाजी की। इसके बावजूद चयनकर्ताओं ने युवा तेज गेंदबाजों को प्राथमिकता दी।

दरअसल, शमी की गैरमौजूदगी के पीछे सबसे बड़ी वजह उनकी फिटनेस और वर्कलोड मैनेजमेंट मानी जा रही है। एड़ी और अकिलिस सर्जरी के बाद टीम मैनेजमेंट उन्हें लेकर काफी सावधानी बरत रहा है।


# टी20 विश्व कप के लिए भारत मजबूत स्थिति में : मंधाना




**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने मंगलवार को कहा कि उनकी टीम अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अच्छी स्थिति में है। महिला टी20 विश्व कप 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा।

वनडे विश्व कप विजेता भारत 14 जून को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। मंधाना ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा, ''हमारा अभ्यास शिविर बहुत अच्छा रहा। मैं इस बारे में कोई विशिष्ट जानकारी नहीं देना चाहती हूं कि हमने किन चीजों पर काम किया है क्योंकि विश्व कप अब काफी करीब है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन मैं यह कहना चाहूंगी कि सभी खिलाड़ी अच्छी स्थिति में दिख रही हैं। उन्होंने बहुत अच्छी तरह से अभ्यास किया है और सभी कड़ी मेहनत कर रहे हैं।'' भारत की 15 सदस्यीय टीम ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अभ्यास शिविर में हिस्सा लिया। मंधाना ने कहा, ''हम विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं और उससे पहले हमें एक श्रृंखला में खेलना है। हमारी तैयारी अच्छी चल रही है और हम आगे भी कड़ी मेहनत करते रहेंगे। हमें पूरा विश्वास है कि हम विश्व कप जीतकर भारत को गौरवान्वित करेंगे।''

# अमेरिका-ईरान तनाव घटने से सोने में 800 रुपये का उछाल, चांदी 5000 रुपये लुढ़की



**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान तनाव कम होने से दिल्ली में सोने के दाम 800 रुपये बढ़कर 1,63,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गए, जबकि चांदी 5000 रुपये गिरकर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। भू-राजनीतिक स्थिरता और मोलभाव करके खरीदारी ने सोने को सहारा दिया, लेकिन वैश्विक ब्याज दरों की अनिश्चितता बनी हुई है।

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने के दाम 800 रुपये बढ़ गए। अमेरिका-ईरान तनाव कम होने से खरीदारी को बढ़ावा मिला। हालांकि, चांदी की कीमतों में 5000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। स्थानीय बाजार के कारोबारियों के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 1,63,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह सोमवार के बंद भाव 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से 800 रुपये अधिक है। दूसरी ओर, चांदी की कीमतें 5,000 रुपये घटकर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। औद्योगिक मांग में कमजोरी और वैश्विक बाजारों में सुस्त रुझान के कारण चांदी में यह गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता की उम्मीदों से सोने को समर्थन मिला। इससे ऊर्जा-आधारित महंगाई के दबाव को कम करने में मदद मिली।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।